4 रायपुर संभाग
सहकारी समिति कार्यालय सह गोदाम का हुआ लोकार्पण

6 अभिमत
झारखंड चुनाव पक्ष-विपक्ष के लिए अहम

09 शिक्षा एवं स्वास्थ्य
बाल दिवस पर चेतना चाइल्ड एंड वूमेन वेलफेयर सोसाइटी द्वारा...

10 छत्तीसगढ़
सिटी क्लब के अखिलेश ने 4, तोहार ने 2 गोल मारे...

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
# पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, शनिवार 16 नवम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-85 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### शरद पवार ने सत्ता परिवर्तन का किया आह्वान



**कोल्हापुर।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष शरद पवार ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महा विकास अघाड़ी के उम्मीदवारों को चुनकर सरकार बदलने का आह्वान किया। पवार ने कोल्हापुर जिले के इचलकरंजी कस्बे में एमवीए उम्मीदवार मदन करांडे के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, 'लोकसभा चुनाव के बाद अब विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। हमें तय करना है कि हम किसके हाथों में शासन की जिम्मेदारी देंगे। हमारे सामने राज्य में महा विकास अघाड़ी के उम्मीदवारों को चुनकर सत्ता बदलने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।' संयोग से जब पवार जनता को संबोधित करने के लिए खड़े हुए, तो तेज बारिश शुरू हो गयी और उन्होंने 2019 में सतारा में ऐतिहासिक चुनावी सभा का समरण किया।

### ऊर्जा आर्थिक वृद्धि एवं विकास की रीढ़ : पुरी



**ग्रेटर नोएडा।** पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि आज ऊर्जा आर्थिक वृद्धि एवं विकास की रीढ़ बन गई है और आर्थिक प्रगति को गति देने में ऊर्जा क्षेत्र का महत्व बहुत बढ़ गया है। पुरी ने यहां भारत के प्रमुख दक्षिण एशियाई भूविज्ञान सम्मेलन एवं प्रदर्शनी जीईओ इंडिया 2024 के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि भारत जैसे देश में जहाँ ऊर्जा की मांग इसकी बढ़ती अर्थव्यवस्था के अनुरूप तेजी से बढ़ रही है। एसोसिएशन ऑफ पेट्रोलियम जियोलॉजिस्ट्स, इंडिया द्वारा आयोजित जीईओ इंडिया 2024, सम्मेलन और प्रदर्शनी का छठा संस्करण है, जिसका विषय ऊर्जा गतिशीलता के नए आयामों की खोज है।

### आम आदमी पार्टी के महेश कुमार बने दिल्ली के महापौर



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के महेश कुमार दिल्ली के महापौर निर्वाचित हुए। कुमार देव नगर, वार्ड संख्या - 84 से पार्षद है। उन्होंने महापौर पद के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार किशन लाल को 03 वोटो से हराया। महापौर पद के निर्वाचन के लिए कुल 265 वोट डाले गए, जिसमें से दो वोट अवैध घोषित किये गए। कुमार को 133 मत प्राप्त हुए, वहीं लाल ने 130 मत हासिल किये। लाल शकुरपुर, वार्ड संख्या - 62 से पार्षद है। वहीं, आम आदमी पार्टी के रविंद्र भारद्वाज उप महापौर के पद पर निर्विरोध चुने गए। भारद्वाज अमन विहार, वार्ड संख्या - 41 से पार्षद है। उनके प्रतिद्वंदी उम्मीदवार, भाजपा की पार्षद नीता बिष्ट ने अपना नामांकन वापस ले लिया।

## पीएम मोदी ने जनजातीय समुदाय का मान, सम्मान और गौरव बढ़ाया : साय

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में कहा कि जनजातीय समाज का इतिहास बहुत समृद्ध और गौरवशाली है। पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनजातीय समुदाय के मान, सम्मान और गौरव को बढ़ाने का काम किया है। सीएम ने कहा अटल जी ने जनजातीय समुदाय के कल्याण के लिए पृथक से मंत्रालय बनाया और इस समुदाय के विकास को एक नई दिशा दी। प्रधानमंत्री मोदी ने जनजातीय समुदाय के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं शुरू की है। प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत 24,000 करोड़ रूपए और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के लिए 80,000 करोड़ रूपए का बजट प्रावधान किया है, जिसके चलते जनजातीय इलाकों में तेजी से बुनियादी सुविधाओं का विकास और जनजातियों की बेहतरी के काम हो रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती वर्ष समारोह के अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य के जनजातीय समुदाय से ताल्लुक रखने वाले बैगा, गुनिया, सिरहा लोगों के लिए मुख्यमंत्री सम्मान निधि दिए जाने की घोषणा की। इसके तहत उन्हें प्रति वर्ष 5 हजार रूपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने जनजातीय गांवों में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य के लिए अखरा निर्माण विकास योजना शुरू करने और जनजातीय समुदाय के शहीदों की प्रतिमाएं चिन्हित स्थलों पर स्थापित किए जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री साय ने समारोह में जनजातीय समुदाय के विभूतियों, राज्य में हुए जनजातीय विद्रोह के शहीदों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को सम्मानित किया। उन्होंने जनजातीय चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राज्यसभा सांसद अरूण सिंह ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य में सभी वर्गों के उत्थान और कल्याण के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की लोकप्रियता और विनम्रता की सराहना पूरे देश में होती है। उन्होंने कहा कि रायपुर में आयोजित जनजातीय गौरव दिवस एवं अंतर्राज्यीय नृत्य महोत्सव समारोह में आकर ''एक भारत-श्रेष्ठ भारत'' का दर्शन हुआ है। राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस के इस विशेष आयोजन के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को बधाई दी।

### गुरुनानक देव जी ने दिया समतामूलक समाज के निर्माण पर जोर : मुख्यमंत्री साय




मुख्यमंत्री साय ने प्रकाश पर्व पर सभी को बधाई देते हुए कहा कि इस पवित्र दिन सिख समुदाय के अपने भाइयों-बहनों के बीच आकर मैं बहुत खुशी का अनुभव कर रहा हूँ। गुरु नानक देव जी का जीवन न केवल सिख समुदाय के लिए प्रेरक है अपितु सभी भारतीयों के लिए उनका जीवन प्रेरणादायी है। गुरु नानक जी के वचनों में सामाजिक एकता पर जोर दिया गया है। उन्होंने एक समतामूलक समाज के निर्माण पर जोर दिया। देश की आज़ादी में सिख समाज का बहुत बड़ा योगदान है। सिख समाज का इतिहास बहुत ही गौरवशाली और समृद्ध है। धर्म के प्रति समर्पण और सेवा की भावना सिख समाज की अभिन्न पहचान है।

## आदिवासियों ने 'राजकुमार राम' को 'भगवान राम' बनाया : मोदी

एजेंसी ‹ जमुई
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आदिवासी समाज को 'राजकुमार राम' को 'भगवान राम' बनाने का श्रेय दिया वहीं देश की पूर्ववर्ती सरकारों पर आदिवासियों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए आज कहा कि जिनको किसी ने नहीं पूछा उनको मोदी पूजता है। मोदी ने बल्लोपुर गांव में बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर आयोजित जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में आदिवासियों के लिए 6640 करोड़ रुपये की अलग-अलग परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद अपने संबोधन में कहा, आदिवासी समाज वह है, जिसने राजकुमार राम को भगवान राम बनाया। आदिवासी समाज ने भारत की संस्कृति और आजादी की रक्षा के लिए, सैकड़ों सालों की लड़ाई को नेतृत्व दिया। आजादी के बाद के दशकों में आदिवासी इतिहास के योगदान को मिटाने के लिए कोशिश की गई। इसके पीछे भी स्वार्थ भरी राजनीति थी। राजनीति यह कि भारत की आजादी के लिए केवल एक ही दल को श्रेय दिया जाए। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने आदिवासी समाज की मुश्किलें कम करने के लिए पीएम जन-मन योजना शुरू की। इसके तहत देश की सबसे पिछड़ी जनजातीय आबादी का विकास हो रहा है। अति पिछड़ी जनजातियों को हजारों पक्के घर दिए हैं। आदिवासी बस्तियों को जोड़ने के लिए पक्की सड़कें बनाई जा रही हैं। सैकड़ों गांवों में हर घर नल से जल पहुंचा है।

## जाति जनगणना से दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा : राहुल गांधी

वार्ता ‹ रांची
www.dailypioneer.com



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गोड्डा में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। गांधी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी नरेंद्र मोदी से नहीं डरती है। मोदी अरबपतियों की कठपुतली हैं। जैसे अरबपति चाहते हैं वो बिल्कुल वैसा करते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री को आड़े हाथ लेते हुए आरोप लगाया कि मोदी ने अरबपतियों के 16 लाख करोड़ रुपये माफ किये हैं लेकिन किसानों के एक रुपये माफ नहीं किए। उन्होंने एक बार फिर जाति जनगणना पर जोर देते हुए कहा कि जाति जनगणना से दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। उन्होंने कहा कि 50 प्रतिशत की आरक्षण की दीवार हम तोड़ कर रहेंगे।हम लोकसभा में जातीय जनगणना का बिल पास करवा के रहेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड में एसटी का आरक्षण 24 प्रतिशत से बढ़ाकर 26प्रतिशत करेंगे। गांधी ने कहा कि सरकार बनने के बाद हर महिला को 2500 रुपये खाते के जरिये दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि 450 रुपये गैस सिलेंडर दिया जाएगा। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा लोगों को सरकार बनने के बाद हम 15 लाख का स्वास्थ्य बीमा देंगे।

## विरासत और आदर्शों से प्रेरणा लेने वाला समाज कभी गुलाम नहीं हो सकता : योगी

पायनियर संवाददाता ‹ लखनऊ
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ईश्वर की आराधना के प्रति गुरु नानक देव जी ने हम सभी को लगातार प्रेरित किया। साथ ही सन्मार्ग पर चलने का संदेश दिया। यही परंपरा आगे चलकर भक्ति से शक्ति के तेज पुंज के रूप में बदल गई और गुरु गोविंद सिंह महाराज के नेतृत्व में इसे नए आयाम मिले। गुरु गोविंद सिंह महाराज और उनके चार साहिबजादों के बलिदान की गाथा से हर भारतवासी गौरवान्वित महसूस करता है। आलमबाग एवं गुरुद्वारा पटेल नगर में गुरु नानक देव जी महाराज के 555वें प्रकाश पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पांच वर्ष पूर्व गुरु नानक देव जी के 550वें प्रकाश पर्व पर मुख्यमंत्री आवास पर कीर्तन यात्रा का आयोजन किया गया था जो उनके लिये सौभाग्य का विषय था। उन्होंने कहा कि पिछले चार वर्षों से गुरु गोविंद सिंह जी के चार साहिबजादों की वीर बलिदानी दिवस को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।

## राष्ट्रपति, उप राष्ट्रपति, लोकसभा अध्यक्ष ने की भगवान बिरसा मुंडा को पुष्पांजलि अर्पित

पायनियर संवाददाता ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद भवन परिसर में स्थित प्रेरणा स्थल पर जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर उनकी 150वीं जयंती और जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर भारत के उप राष्ट्रपति एवं राज्यसभा अध्यक्ष जगदीप धनखड़, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला तथा अन्य गण्यमान्य व्यक्तियों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इससे पूर्व ओम बिरला ने एक्स पर संदेश लिखा, आदिवासी अस्मिता और संस्कृति के गौरव, उलगुलान के प्रणेता, धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर सविनय नमन। भगवान बिरसा मुंडा का 150वां जन्मजयंती वर्ष आज से शुरू हो रहा है। जनजातीय गौरव दिवस के इस उपलक्ष्य पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं। भगवान बिरसा देश, समाज और संस्कृति के लिए अपना सर्वस्व समर्पण कर देने वाले महानायक थे। उनके जीवन आदर्श हमें सदैव प्रेरित करते रहेंगे। वर्ष 2021 से 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है, ताकि जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों की बलिदान को सम्मानित किया जा सके। जनजातीय समुदायों ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में कई क्रांतिकारी आंदोलनों के माध्यम से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह दिवस जनजातीय समुदायों के इतिहास, संस्कृति और धरोहर को सम्मानित करता है, एवं देशभर में एकता, गर्व और जनजातियों का देश की स्वतंत्रता और प्रगति में योगदान के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

## कार्तिक पूर्णिमा : पुन्नी मेला का हुआ आयोजन




**रायपुर।** राजधानी रायपुर के खारून नदी के तट पर हटकेश्वर महादेव और मां काली के दर्शन के लिए लोगों का उत्साह देखा गया। प्रतिवर्ष दूर-दूर से लोग पुन्नी मेला में श्रद्धा के साथ हिस्सा लेने आते हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी हटकेश्वर महादेव और मां काली के दर्शन किए। सीएम ने कहा कि हमारी सांस्कृतिक, धार्मिक परंपराएं न केवल हमारी आस्था को मजबूत करती हैं अपितु हमारे जीवन में उल्लास भी भरती हैं। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरूण साव समेत विधायकगण भी मौजूद रहे।

### देश में पहले नंबर पर ट्रेंड करते रहा छत्तीसगढ़ औद्योगिक नीति 2024

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बीते 14 नवंबर को छत्तीसगढ़ औद्योगिक विकास नीति 2024-30 का विमोचन किया। इसके साथ ही सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर छत्तीसगढ़ औद्योगिक विकास नीति 2024-30 (#CGIndustrialPolic424) पूरे दिन ट्रेंडिंग करता रहा। एक्स हैंडल पर #CGIndustrialPolic424 पहले नंबर था। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में सरकार बनने के साथ ही मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नयी औद्योगिक नीति बनाने की घोषणा की है।

## प्रदूषण रोकथाम के लिए सरकारी दफ्तरों के कामकाज के समय में हुआ बदलाव : आतिशी

वार्ता ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



दल्ली में प्रदूषण रोकथाम के लिए सरकारी दफ्तरों के कामकाज के समय में बदलाव किया गया है। सड़कों पर ट्रैफिक और उससे होने वाले प्रदूषण को कम करने के लिए दिल्ली में सभी सरकारी कार्यालय, दिल्ली सरकार,नगर निगम और केंद्र सरकार के कार्यालयों के कामकाज के समय में बदलाव किया गया है। आतिशी ने कहा, ÷सड़कों से ट्रैफिक्र और उससे होने वाले प्रदूषण को कम करने के लिए, दिल्ली भर के सरकारी कार्यालय अलग-अलग समय पर काम करेंगे। दिल्ली नगर निगम के कार्यालय सुबह 8:30 बजे से शाम पांच बजे तक खुलेंगे। केंद्र सरकार के कार्यालय सुबह नौ बजे से शाम 5:30 बजे तक जबकि दिल्ली सरकार के कार्यालय सुबह 10 बजे से शाम 6:30 बजे तक खुलेंगे। दिल्ली सरकार के इस कदम से अलग-अलग समय पर कार्यालय खुलने और बंद होने से सुबह और शाम के पीक आवर्स के दौरान ट्रैफिक का दबाव कम होगा और ट्रैफिक न होने के कारण इससे होने वाले प्रदूषण में भी कमी आएगी।

### दिल्ली में वायु गुणवत्ता गंभीर स्तर पर पहुंची

राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 426 की गंभीर श्रेणी में पहुँच गया वहीं दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी प्रक्षेत्र के अन्य हिस्से धुंध की मोटी चादर में लिपटे रहे और दृश्यता कम रही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के मुताबिक दिल्ली के कुछ इलाकों में एक्यूआई का स्तर और भी ज़्यादा दर्ज किया गया।

### आठ विदेशी नागरिक गिरफ्तार, ईरानी होने का दावा

## गुजरात तट से 700 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त



वार्ता ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने संयुक्त अभियान में को गुजरात तट से दूर भारतीय जलक्षेत्र में एक अपंजीकृत पोत से लगभग 700 किलोग्राम मेथमफेटामाइन की जब्त की। मादक पदार्थ नियंत्रक ब्यूरो (एनसीबी), नौसेना और गुजरात पुलिस की विशेष कार्य दल (एटीएस) के संयुक्त अभियान में आठ विदेशी नागरिक गिरफ्तार किये गये हैं। एनसीबी की ओर से जारी बयान के मुताबिक पकड़े गए आरोपियों ने ईरानी होने का दावा किया है। एनसीबी ने कहा, लगातार खुफिया जानकारी एकत्र करने और विश्लेषण करने के कारण विश्वसनीय सूचना मिली थी कि एक अपंजीकृत जहाज, जिस पर कोई एआईएस स्थापित नहीं है, मादक दवाओं/मनोवैज्ञानिक पदार्थों के साथ भारतीय जल में प्रवेश करेगा। इस सूचना के आधार पर 'सागर-मंथन-4' नामक अभियान शुरू किया गया और भारतीय नौसेना द्वारा अपने मिशन-तैनात समुद्री गश्ती परिसंपत्तियों को जुटाकर जहाज की पहचान की गई और उसे रोका गया, जिसके कारण शुक्रवार को प्रतिबंधित सामान जब्त किया गया और आरोपियों को पकड़ लिया गया।जांच एजेंसियां यह पता लगाने की कोशिश कर रही हैं कि यह ड्रग सिंडिकेट कैसे काम करता है, कौन इसके पीछे है, और इसके क्या संबंध हैं। इसके लिए उन्हें विदेशी डीएलईए की मदद लेनी पड़ रही है ताकि वे इस सिंडिकेट के अंतरराष्ट्रीय संबंधों को समझ सकें। बयान में कहा गया है कि इस साल की शुरुआत में अभियान सागर-मंथन के शुरू होने के बाद से, लगभग 3400 किलोग्राम विभिन्न तरह के मादक पदार्थों को जब्त किया गया है और तीन मामलों में 11 ईरानी तथा 14 पाकिस्तानी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है।

### शाह ने मादक पदार्थ तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ करने के लिए सुरक्षा एजेंसियों की सराहना की



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ करके गुजरात में 700 किलोग्राम प्रतिबंधित मादक पदार्थ मेथमफे टामाइन जब्त करने के लिए सुरक्षा एजेंसियों को बधाई दी है। शाह ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नशा मुक्त भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए, हमारी एजेंसियों ने आज एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया और गुजरात में लगभग 700 किलोग्राम प्रतिबंधित मेथमफे टामाइन जब्त किया। एनसीबी, भारतीय नौसेना और गुजरात पुलिस द्वारा संयुक्त अभियान चलाया गया। यह हमारी एजेंसियों के बीच सहज समन्वय का एक शानदार उदाहरण है। शाह ने कहा, इस ऐतिहासिक सफ लता पर एजेंसियों को मेरी हार्दिक बधाई। उल्लेखनीय है कि नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी), भारतीय नौसेना और गुजरात पुलिस के एक संयुक्त अभियान में, लगभग 700 किलोग्राम मेथमफे टामाइन की खेप के साथ एक जहाज को देश की समुद्री सीमा रोका गया था। एजेंसियों ने जहाज से आठ विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया जिन्होंने खुद को ईरानी बताया है।

## जनजातीय गौरव दिवस बिरसा मुंडा के जीवन संघर्ष और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक : साव



पायनियर संवाददाता ‹ मुंगेली
www.dailypioneer.com

आदिवासी सांस्कृतिक परंपराओं और भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर उनके संघर्षों को स्मृतियों में संजोने के लिए मुंगेली जिले के लोरमी विकासखंड के ग्राम खुड़िया के शासकीय हाई स्कूल मैदान में जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के जमुई से वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित किया और देशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। खुड़िया में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री अरुण साव शामिल हुए। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा जननायक थे। उन्होंने आदिवासी समुदाय को जल, जंगल व जमीन को बचाने के लिए जागरूक किया और उन्हें अपने हक की लड़ाई लड़ने की प्रेरणा दी। भगवान बिरसा मुंडा ने अन्याय और अत्याचार के खिलाफ लड़ाई लड़ी।

## ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त फिलिप ग्रीन ने कृषि सचिव डॉ. देवेश चतुर्वेदी से भेंट की



वार्ता ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

ऑस्ट्रेलिया के उच्चायक्त फिलिप ग्रीन ने कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के सचिव डॉ.देवेश चतुर्वेदी से भेंट की है और कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में सहयोग के नए अवसरों को तलाशने पर चर्चा की है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार गुरुवार को हुई इस बैठक के दौरान, डॉ. चतुर्वेदी ने भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच दीर्घकालिक और बहुआयामी साझेदारी के महत्व का उल्लेख किया, जिसमें कृषि क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया गया है। विज्ञप्ति के अनुसार ग्रीन ने भी ऑस्ट्रेलिया की प्राथमिकताओं में कृषि के महत्व और दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ाने की संभावनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने व्यापार और सहयोग के लिए नए अवसरों की पहचान करने और उन्हें खोलने के लिए निरंतर जुड़ाव की आवश्यकता पर भी बल दिया। दोनों पक्षों ने कृषि-तकनीक, बागवानी, डिजिटल कृषि और कृषि मशीनरी सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के महत्व पर सहमति जताई।इस बैठक में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के प्रतिनिधियों तथा विदेश मंत्रालय के संयक्त सचिव ने भी चर्चा में सहभागिता करते हुए महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

# गुरुनानक जयंती पर धार्मिक कार्यक्रमों के बाद गुरुद्वारा और सिंधु भवन में लंगर का आयोजन

पायनियर संवाददाता ‹ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

गुरु नानक देव जी की 555वीं जयंती बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। नगर में स्थित गुरुद्वारा और सिंधु भवन में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इस मौके पर विशेष दीवान सजाया गया। वहीं भजन कीर्तन किया गया। गुरु दरबार में मत्था टेकने वालों का तांता लगा रहा। गुरू नानक जयंती के अवसर पर नगर के गुरद्वारे एवं सिंधी धर्म शाला में भजन कीर्तन पश्चात लंगर का आयोजन किया गया। सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग गुरुद्वारे में मत्था टेकने पहुँचे। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील पाढ़ी बबला,पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर समेत जनप्रतिनिधियों एवं नेताओं ने भी गुरुद्वारे व धर्मशाला में मत्था टेक कर नगर की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की।

क्षेत्र में त्योहार अपनी परंपराओं के अनुसार मनाए जाते हैं। इन त्यौहारों पर एक दूसरे के प्रति प्रेम व सौहार्द की भावना दिखाई देती है। उसी तरह सिखों के प्रथम गुरु नानक देवजी के जन्मोत्सव पर गुरुद्वारों में काफी रौनक रही। इस दौरान रागियों ने शब्द कीर्तन के द्वारा गुरू नानकदेव जी के जीवन पर प्रकाश डाला। गुरु नानकदेव जी का जीवन अनमोल था। जिन्होंने मानवता की रक्षा के लिए अपना जीवन अर्पित कर दिया। ऐसे महान व्यक्तित्व धरती पर कभी कभार जन्म लेते हैं। हम उनका अनुशरण करें तो मानवता की रक्षा संभव है। हमें उनके आदर्शो पर चलना चाहिए। गुरु नानक जयंती के उपलक्ष्य में भानुप्रतापपुर में स्थित गुरुद्वारे में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जहां भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। गुरुद्वारा में सुबह पांच बजे के करीब गुरु ग्रंथ साहिब जी का प्रकाश किया तथा पंच वाणी एवं सुखमणि साहब का पाठ किया गया। शबद कीर्तन से गुरुद्वारा में आस्था और भक्ति की धारा प्रावहित हुई। गुरुवाणी के पाठ से मोहल्ले का माहौल गुरुमय हो गया। अरदास के बाद उपस्थित लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।





## सिंधी समाज द्वारा सादगीपुर्ण मनाई गई गुरु नानक जयंती

श्री गुरु नानक जी की 555 वी जयंती के उपलक्ष पर सिंधी समाज द्वारा सिंधु भवन में (भोग साहब) हुआ आरती पुजा उपरांत सिंधी समाज द्वारा प्रसाद वितरण किया गया था जिसमें समाज के समस्त सदस्य परिवार सहित उपस्थित थे। इस पावन अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हम सब अपने आचरण में गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं का पालन करें। गुरु नानक देव ने लोगों को एकता, समरसता, बंधुता, सौहार्द और सेवाभाव का मार्ग दिखाया और परिश्रम, ईमानदारी तथा आत्मसम्मान पर आधारित जीवनशैली का बोध कराने वाला आर्थिक दर्शन दिया। उनका जीवन और उनकी शिक्षाएं, समस्त मानव जाति के लिए प्रेरणा पुंज हैं। इस अवसर सिख समुदाय सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहकर इंसानियत और परोपकार की शिक्षा ली एवं गुरुनानक देव जी के अनमोल संदेशों का आत्मसात किया। विदित हो की एक सप्ताह पहले से ही नगर में सुबह प्रभात फेरियां निकाली जाती रही, और गुरुद्वारा में सबद कीर्तन का आयोजन किया। लोग अपने घरों और गुरूद्वारों को झालरों से सजाया। कार्तिक मास की पूर्णिमा को गुरू नानक देव का जन्मदिन मनाया जाता है। इसे प्रकाश परब या गुरु परब भी कहा जाता है। गुरू नानक देव सिख धर्म के संस्थापक और सबसे पहले गुरू थे, इसलिए यह उनके प्रमुख त्योहारों में से एक है। उनका जीवन और शिक्षाएं न केवल धर्म विशेष के लिए बल्की पूरी मानव जाति को सही दिशा दिखाती हैं।

# भानुप्रतापपुर में धान खरीदी केंद्र खुले पर नहीं हुई बोहनी



पायनियर संवाददाता ‹ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

## खरीदे गए धान की राशि किसान के खाते में आएगी

समर्थन मूल्य पर जिन किसानों से धान की खरीदी की जाएगी उन किसानों को राशि का भुगतान सीधे उनके खातों में जमा कराकर की जाएगी । सभी केंद्र प्रभारियों को किसानों को उनके धान क्रय के एवज में राशि का भुगतान समय पर करने की कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

14 नम्बर से ब्लाक में किसानों से धान खरीदी शुरू हो गई है। धान खरीदी के लिए केंद्र बनाए गए हैं। लेकिन 14 नम्बर को बनाए गए धान खरीदी केंद्रों में किसी पर एक दाने की खरीद नहीं हो पाई है। इन केंद्रों पर बैनर लटक रहे हैं लेकिन किसानों के धान न तुलवाने से सन्नाटा पसरा रहा। किसानों को उनकी उपज का सही भाव दिलाने के लिए सरकार ने धान को समर्थन मूल्य पर ले रही है। कुछ किसानों ने बताया कि खेतों से निकाला गया धान अभी गीला है वहां धान सुखाकर ले जाना होता है। कुछ किसानो ने बताया अभी धान कटाई चालू है। शासन प्रशासन की ओर से प्रत्येक केंद्र में खरीदी सुचारु रुप से जारी रहे इसके मद्देनजर प्रत्येक खरीदी केंद्रों में बिजली पानी समेत सुरक्षा व्यवस्था करने के निर्देश दिए है। लैंप्स प्रबंधक ने किसानों से अपील की है कि वे अपना धान साफ सुथरा और सुखाया हुआ लेकर खरीदी केंद्र लाएं ताकि उनकी उपज को आसानी से क्रय किया जा सके। प्रत्येक खरीदी केंद्र में किसानों की सुविधा के लिए पेय जल तथा छाये की व्यवस्था की गई है।

# किरन्दुल बस्ती में सौर ऊर्जा आधारित पेयजल आपूर्ति योजना का एएम/एनएस महाप्रबंधक ने किया उद्घाटन



पायनियर संवाददाता ‹ किरन्दुल
www.dailypioneer.com

आर्सेलर मित्तल निप्पन स्टील इंडिया कंपनी द्वारा सामाजिक नैगमिक दायित्व के तहत किरन्दुल बस्ती में सौरऊर्जा आधारित पेयजल आपूर्ति योजना तृप्ति का उद्घाटन एएमएनएस महाप्रबंधक आईवीवी प्रसादने किया। बता दें इस सोलर वाटर सिस्टम की क्षमता 5000 लीटर हैं। इसके माध्यम से पटेलपारा के 80 परिवार को लाभ मिलेगा। मौके पर सीएसआर प्रमुख डॉ कल्याण सुधीर पार्षद राजू कुंजाम, सोनू कुंजाम उपस्थित थे।

# स्कूलों में मनाया बाल दिवस, पं. जवाहरलाल को याद कर किए श्रद्धा सुमन अर्पित

पायनियर संवाददाता ‹ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

भानुप्रतापपुर ब्लाक के कई स्कूलो में 14 नवंबर को बाल दिवस के रूप में पं.जवाहरलाल जयंती मनाई। स्कूल के प्राचार्य और शिक्षकों द्वारा उनके तस्वीरों पर पुष्पांजलि दे कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। बच्चो को पं.जवाहरलाल नेहरू के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि वे बच्चों से बहुत प्यार करते थे और बच्चों के अधिकारों , देखभाल और शिक्षा के प्रति जागरूकता को बढ़ावा भी देते थे। वे यह भी कहते थे कि बच्चों में राष्ट्र की असली ताकत और समाज की नींव रखने का क्षमता है। बाल दिवस पर विद्यालय में कविता वाचन ,चित्रांकन प्रश्नोत्तरी आदि प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। बच्चों ने इस प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



**आमाकोट में बाल दिवस पर न्योता भोज एवं विभिन्न कार्यक्रम आयोजित** - प्राथमिक माध्यमिक शाला आमाकोट में बाल दिवस के मौके में पंडित जवाहर लाल नेहरू के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को अध्ययन हेतु प्रेरित करते हुए शिक्षक/शिक्षिकाओं के सहयोग से बच्चों को कापी पेन पेंसिल रबर कटर वितरण किया गया । सभी बच्चों के लिए न्योता भोज के अंतर्गत मिष्ठान एवं भोजन की व्यवस्था शिक्षकों के द्वारा किया गया। भोजन पश्चात बच्चों को मटका फोड कुर्सी दौड़ आलू दौड़ रसा खींच जैसे विभिन्न खेल खिलाया गया एवं पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्था के सभी शिक्षक वो बच्चे उपस्थित थे। आपको बता दें कि भारत में हर साल 14 नवंबर को 'बाल दिवस' (चिल्ड्रेन डे) मनाया जाता है। यह दिन बच्चों को स्वीकार कर उनकी सराहना करने करने के लिए मनाया जाता है क्योंकि बच्चे (चिल्ड्रेन) ही देश का भविष्य हैं। बाल दिवस देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को श्रद्धांजलि देने का दिन है। बच्चों के प्रति अपने स्नेह के कारण ही उन्हें पंडित जवाहरलाल नेहरू का नाम चाचा नेहरू पड़ा। जवाहरलाल नेहरू का मानना था कि बच्चे राष्ट्र की सच्ची संपत्ति हैं।

**क्यों मनाया जाता बाल दिवस** - बाल दिवस दिन को मनाने के लिए बच्चों को ढेर सारा प्यार, उपहार और लाड़-प्यार दिया जाता है। देश भर के स्कूल बच्चों के लिए विशेष कार्यक्रम और कार्यक्रम आयोजित करते हैं। कई स्कूलों में वाद-विवाद, खेल, सेमिनार, नृत्य, संगीत, भाषण, निबंध और पेंटिंग प्रतियोगिताएं भी आयोजित करते हैं। बच्चे बगीचे में कलियों की तरह हैं- बता दें कि जवाहरलाल नेहरू का जन्म 14 नवंबर 1889 को भारत के इलाहाबाद में हुआ था। वह बच्चों के अधिकारों और एक शिक्षा प्रणाली के महान समर्थक थे, वे हर बच्चे को देश का भविष्य मानते थे और उनकी भरपूर सराहना करते थे। उनका मानना था कि बच्चे राष्ट्र की सच्ची संपत्ति हैं। नेहरू ने अपने प्रसिद्ध भाषणों में से एक में कहा था कि बच्चे बगीचे में कलियों की तरह हैं और उनका सावधानीपूर्वक और प्यार से पालन-पोषण किया जाना चाहिए, क्योंकि वे देश का भविष्य और कल के नागरिक हैं।

**जवाहरलाल नेहरू की मृत्यु के बाद हुआ ऐसा** - भारत में पहले बाल दिवस 20 नवंबर को मनाया जाता था। इस दिन संयुक्त राष्ट्र की तरफ से विश्व स्तर पर 'विश्व बाल दिवस' मनाया जाता है। साल 1964 में पंडित जवाहरलाल नेहरू की मृत्यु के बाद, संसद ने उनके जन्मदिन को देश में आधिकारिक बाल दिवस के रूप में स्थापित करने का प्रस्ताव जारी किया देश में तब से लेकर तक भारत के पहले प्रधानमंत्री की जयंती मनाने के लिए 14 नवंबर को बाल दिवस मनाया जाने लगा है।

# भाजपा बताये छत्तीसगढ़ में पूर्ण शराबबंदी कब लागू होगी : दीपक बैज

■ भाजपा सरकार शराब की काली कमाई में डूबी है



पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि साय सरकार कमीशनखोरी के लालच में बार-बार शराब खरीदी के नियमों में बदलाव कर रही है। एफएल-10 का लाइसेंस निरस्त कर सरकार द्वारा सीधे उत्पादक कंपनियों से शराब इसलिये खरीदने का फैसला लिया गया है ताकि कंपनियों से मोटा कमीशन वसूला जाय। सरकार ने 12 कंपनियों को एफएल-10 का लाइसेंस दिया तथा उनके साथ एक वर्ष तक सप्लाई का एग्रीमेंट किया गया उनसे बांड भी भरवाया गया इसके बाद 10 कंपनियों को एफ एल-बी का लाइसेंस दिया गया उनसे भी एग्रीमेंट किया गया फिर अचानक सरकार ने इन कंपनियों से किये एग्रीमेंट को कमीशनखोरी के लिये रद्द कर दिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने 100 से अधिक शराब दुकानो को बंद किया था। 2018 में कांग्रेस सरकार के पहले छत्तीसगढ़ प्रति व्यक्ति शराब की खपत में देश में गोवा के बाद पहले स्थान पर था। कांग्रेस सरकार के 5 साल में छत्तीसगढ़ प्रति व्यक्ति शराब की खपत में देश में 18वें नंबर पर आ गया था। कांग्रेस राज में शराब की खपत को हतोत्साहित करने अनेक कदम उठाये गये थे। भाजपा सरकार शराबबंदी पर अपना स्टैंड क्लियर करें।

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जनजातीय समाज का बढ़ रहा गौरव : चंद्राकर

पायनियर संवाददाता ‹ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय समारोह में उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण एवं दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर उन्होंने पहले विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया। इस अवसर पर विधायक चंद्राकर ने भगवान बिरसा मुंडा को 150वीं जयंती पर नमन किया और उनके योगदान को याद करते हुए कहा की भगवान बिरसा मुंडा ने देश के हित और जनजातीय समाज की सभ्यता और संस्कृति की रक्षा के लिए अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी और अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया। आदिवासी समाज प्रकृति के करीब रहा है। वे सदियों से जंगल को सहेजने का कार्य करते आए हैं। जनजातीय समाज में कई महान व्यक्तित्व और वीरांगनाएं हैं, जिनके याद में यह जयंती मनाई जा रही है। देश की जनजातीय गौरव को बढ़ाने का कार्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हुआ है। उन्होंने कहा कि, प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य के सुदूर जनजातीय क्षेत्रों में सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य सेवा, आवास, रोजगार और वनोपज को उचित मूल्य देने का कार्य किया जा रहा है। राज्य के दुर्गम क्षेत्र में लोकतंत्र की जड़ें पहुंच रही है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व नियद नेल्लानार योजना के तहत सड़क, पेयजल, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, संचार और मूलभूत अधोसंरचना दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंच रही है। विकसित भारत के निर्माण के लिए विकसित छत्तीसगढ़ का संकल्प लिया है, इसे सभी की सहभागिता से इस लक्ष्य को प्राप्त किया जाएगा, जिसमें जनजातीय समुदाय की सहभागिता महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि, जनजातीय समुदाय के कल्याण के लिए धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान, प्रधानमंत्री जनमन योजना के साथ जनजातीय बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदाय करने एकलव्य आवासीय परिसर सहित आय में वृद्धि के लिए वन धन योजना, मुफ्त इलाज के लिए आयुष्मान भारत योजना सहित कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित है।जनजातीय समाज की प्राचीन धरोहरों और वैभव को वापस पाने के लिए काम कर रही है। उन्होंने सभी से विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में सहयोग करने की अपील की।

# आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिन्दी विद्यालय भंवरपुर में बाल दिवस का कार्यक्रम बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



पायनियर संवाददाता ‹ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

बच्चों को व्यवसायिक शिक्षा देने एवं उनके मनोरंजन के लिए बाल मेला का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा विभिन्न व्यंजन यथा अप्पे, इडली, ठेठरी, पानीपुरी, लड्डू, गुझिया, चॉउमिन, मंचुरियन, मोमोज, पनपुरवा, भेल, चार्ट आदि का स्टाल लगाया। साथ ही बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के रूप में नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी तथा विद्यालय के प्राचार्य मय स्टाफ ने मिलकर बालदिवस के अवसर पर बच्चों को नेवता भोज दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शाला विकास समिति अध्यक्ष कृष्ण कुमार पटेल, पालक समिति अध्यक्ष ताराचंद साहू, एसएमडीसी सदस्य वीपी देवांगन, विद्यालय के सेवानिवृत्त शिक्षक अक्षय कुमार बाघ, युधिष्ठिर कर, प्राचार्य टिकेश्वर पटेल समेत समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारियों ने अपना बहुमूल्य योगदान दिया।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की जनता को संबोधित किया

# जल जंगल जमीन के संरक्षक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आदिवासी जननायक भगवान बिरसा मुण्डा की गांव गांव में मनाया जन्मोत्सव

पायनियर संवाददाता ‹ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

नरेंद्र मोदी सरकार के निर्देश पर काफी हर्ष उल्लास के साथ जिला भर के गांव गांव में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आदिवासी जननायक भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती को पूरे देश में जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया गया सबसे ज्यादा रोचक जिला मुख्यालय के गांधी मैदान में आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिहार राज्य के जमुई से वर्चुअली जुड़कर देश की जनता को संबोधित किया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में बड़े एलईडी स्क्रीन के माध्यम से कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने प्रधानमंत्री का सम्बोधन देखा-सुना। उन्होंने बिरसा मुंडा के स्वतंत्रता संग्राम में निभाई गई ऐतिहासिक भूमिका और उनकी प्रेरणादायक विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि भगवान बिरसा आज भी हमारे समाज में एक आस्था के प्रतीक बने हुए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा के सम्मान में 150 रूपये का चांदी का स्मारक सिक्का और डाक टिकट भी जारी किया। साथ ही 6 हजार 640 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। गरियाबंद में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं आरंग क्षेत्र के विधायक गुरु खुशवंत साहेब मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजिम क्षेत्र के विधायक रोहित साहू ने की। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत 19 करोड़ 86 लाख




रूपये से अधिक के 6 निर्माण कार्यो का शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम में विभागों द्वारा विभागीय स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में अतिथियों सहित कलेक्टर, एसपी एवं जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंच से हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के तहत सामग्री वितरण कर लाभान्वित किया। इस दौरान अतिथियों ने विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन कर स्टॉलों में भी हितग्राहियों को लाभान्वित किया। कार्यक्रम में जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 का भी शुभारंभ किया गया। साथ ही हितग्राहियों को आवास स्वीकृति प्रमाण पत्र भी वितरित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर दीपक अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा, सीईओ रीता यादव, सहायक आयुक्त नवीन भगत, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन, जनपद अध्यक्ष गरियाबंद लालीमा ठाकुर, जनपद अध्यक्ष मैनपुर नुरमति मांझी, नगर पालिका उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सोनटेके, जिला पंचायत सदस्य मधुबाला रात्रे, फिरतुराम कंवर, वरिष्ठ नागरिक राजेश साहू, अनिल चन्द्राकर सहित भारी संख्या में नागरिकगण मौजूद रहे। स्वाभिमान के प्रतीक जनजातीय गौरव दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गुरू खुशवंत साहेब ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी लोगों को आदिवासी जननायक भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती की बधाई दी उन्होंने कहा कि आज हम यहाँ जनजातीय गौरव दिवस के आयोजन में एकत्रित हुए हैं, जो हमारे आदिवासी समाज की महान परंपराओं, संस्कृति, और स्वाभिमान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जल, जंगल एवं जमीन का असली संरक्षक जनजाति समाज है। यह समाज पर्यावरण एवं मानव संस्कृति के रक्षा के लिए हमेशा से काम करते आये है इसमें भगवान बिरसामुंडा का भी बहुत बड़ा योगदान रहा है भगवान बिरसा मुंडा, हमारे गौरवशाली इतिहास के उस नायक का नाम है, जिन्होंने न केवल अपने समाज के अधिकारों के लिए संघर्ष किया, बल्कि पूरे देश को स्वतंत्रता के संघर्ष में एक नई दिशा दी। उनके संघर्ष, उनकी वीरता, और उनकी अटूट संकल्पशक्ति ने हमें यह सिखाया कि यदि हमारा संकल्प मजबूत हो, तो कोई भी कठिनाई हमें रोक नहीं सकती। उन्होंने जल, जंगल, और जमीन की रक्षा के लिए अपने जीवन को समर्पित किया और आदिवासी समाज के लिए एक नई जागरूकता का संदेश दिया। इसी दिशा में केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। इसके माध्यम से जनजाति समाज को लाभान्वित किया जा रहा है। बिरसा मुंडा के संघर्ष को जानने की आवश्यकता रोहित द्व अवसर पर विधायक रोहित साहू ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा जी का संघर्ष सिर्फ सामाजिक और आर्थिक शोषण के खिलाफ नहीं था, बल्कि यह अपनी संस्कृति, अधिकारों और अस्तित्व की रक्षा के लिए एक महान क्रांति थी। उनकी विरासत हमें सिखाती है कि अपनी जड़ों से जुड़कर, आत्म-सम्मान के साथ आगे बढ़ना ही सच्ची प्रगति है।

# नकली खाद के काला बाजारियों के लिए प्रशासन ने दे रखी खुली छूट, शिकायत के बावजूद सेंपलिंग में बरती जा रही कोताही

## छापेमारी में देरी के चलते अब तक नहीं पकड़ा जा सका सैकड़ों टन बाजार में खपाने के लिए फैला नकली खाद

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

नकली व स्तरहीन जैविक खाद की शिकायत मिलने के बावजूद कृषि विभाग की उर्वरक निरीक्षण की टीम ने ना तो कविता बायो फर्टिलाइजर कम्पनी के उक्त पोटाश का सैंपलिंग करवा सका ना छापेमारी कर नकली खाद की जब्त की जा सकी। ज्ञात हो कि, रविवार 10 नवंबर को नकली खाद की शिकायत विभागीय अधिकारियों को देने की कोशिश की गई थी लेकिन उनके द्वारा फोन रिसीव न करने के बाद कलेक्टर कोंडागांव को जानकारी दी गई थी, जिसके बाद कलेक्टर कोंडागांव ने टीम भेज कर कार्यवाही करने की बात कही थी।

पायनियर
लगातार

आला अधिकारी के निर्देश के बावजूद टीम पहुंची दूसरे दिन गोदाम से गायब हो चुका था नकली पोटाश मामले पर उच्चाधिकारियों के दखलअंदाजी के बाद जांच टीम हरकत में तो आई लेकिन जब तक जांच दल पहुंचा उक्त दुकानदार के गोदाम से नकली पोटाश आईपीएल गोल्ड 555 ठिकाने लगाया जा चुका था इसके बाद गोदाम में मौजूद उक्त कंपनी के ऑर्गेनिक मेन्यूयर पाउडर की सेम्पलिंग ही कि जा सकी। वहीं विभागीय अधिकारियों को अन्य दुकानों दारों के गोदामो में कविता बायो फर्टिलाइजर के नकली पोटास आईपीएस गोल्ड 555 की जानकारी देने के बावजूद किसी प्रकार की कार्यवाही न करना इस बात के अंदेशा से इनकार नहीं किया जा सकता कि कृषि विभाग के जिम्मेदार अधिकारी जानबूझकर दिन पर दिन समय निकाल रहे है ताकि दुकानदार को माल ठिकाने लगाने का मौका मिक सके। अगर यह नकली खाद किसानों को बेचा जाता है तो जिससे निश्चिंत ही फसल की पैदावार प्रभावित होगी व जमीन की उर्वरा शक्ति खराब होनी है इसकी जिम्मेदारी आखिर किसकी होगी।

**जिला कांकेर के पखांजुर में कविता फर्टिलाइजर के खाद पर हो चुकी हैं कार्यवाही** – शासन प्रशासन के माप दंड में खरे उतरे कविता बायो फर्टिलाइजर के सैंपल की खुद दुकान से खरीद कर उसकी जांच नागपुर लैब में किसानों व मीडिया कर्मियों ने कराई थी। जिसमें उक्त कंपनी का पोटश स्तरहीन पाया गया था, कविता बायो फर्टिलाइजर और इस जैसे कंपनी की जांच रिपोर्ट का सही पाया जाना इसलिए संभव है क्योंकि जांच केवल उन्हें जो चाहिए उसकी होती हैं अब तक न ही कृषि अधिकारियों ने सैंपल में नमक की मात्रा अर्थात एनएसीएल की कभी जांच की मांग की मगर पखांजूर के जागरूक किसानों के द्वारा स्वयं कविता बायो फर्टिलाइजर के दोनों पोटाश को नागपुर ले जाकर लैब में दोनों सैंपलों की जांच की गई जिसमें एक सैंपल में जो की ऑर्गेनिक पोटाश के नाम से बाजार में उपलब्ध हैं उसमें 92 प्रतिशत नमक पाया गया। पानी में घुलनशील पोटाश 20 प्रतिशत की जगह न के बराबर पाया गया। वहीं दूसरी ओर आई पी एल 555 में नमक की 88 प्रतिशत और पोटाश न के बराबर पाया गया अब सवाल यह उठता हैं कि, जब प्रदेश भर में नमक में रंग लगाकर पोटाश बेचा जा रहा हैं कि, बाते अधिकारियों के कानों तक आती है तो जांच में इसकी पुष्टि क्यों नहीं की जाती है एक और नकली पोटाश खरीद कर ठगी का शिकार होने से किसानों को अब तक क्यो नही बचाया जा सका। वही पूछताछ करने पर पता चला की कविता बायो फर्टिलाइजर के उक्त नकली खाद को जगदलपुर कोंडागांव के डीलरों तक कंपनी का एजेंट खेमलेश्वर साहू खपाने का काम करता हैं।

### दुकानों में धड़ल्ले से बिक रही नकली खाद, अधिकारी नहीं कर रहे कार्यवाही






### बीएसपी के राखड़ से किया जा रहा वारान्यारा किसानों को लगाया जा रहा चूना

वही प्रदेश के अन्नदाता, कविता बायो फर्टिलाइजर द्वारा राखड़ खाद जो भिलाई स्टील प्लांट से निकलने वाला डस्ट हैं। जिसमें कुछ उपकारी तत्व मौजूद होते हैं जिसे बाजार में राजा सलफेट के नाम से बेचा जाता है कई जगहों में प्रतिबंधित है उसे सिंगल सुपर फास्फेट के नाम से बाजार में खुलेआम महंगे दामों में बेचा जा रहा हैं। सूत्रों के मुताबिक जब से बायो फर्टिलाइजर की डिमांड बढ़ रही है तब से फ्लाईएस की मांग लगातार बढ़ी हैं।

आखिर किसके आदेश और शह पर ऑर्गेनिक मेन्यूयर पाउडर ओर दानेदार की बोरी में सुपर पाउडर लिख के बेचा जा रहा हैं जबकि उक्त बोरियो में ऑर्गेनिक मेन्यूर पावडर लिखना चाहिए न कि सुपर पाउडर ऐसा लिख के किसानों को गुमराह किया जा रहा हैं किसानो को ये सिंगल सुपर फास्फेट बोलकर ठगी का शिकार बना रहे हैं। उच्च अधिकारियों से मिले निर्देशन के बाद हम शिकायत स्थल पर पहुंचे थे वहां से नियमानुसार सैंपल लेकर डीडीए को कार्यवाही के लिए भेज दिया गया है 15 दिनों में रिपोर्ट प्राप्त हो सकेगा।

# शिक्षक सुखदेव कुमेटी ने मास्टर एथलेटिक्स में गोल्ड मेडल प्राप्त कर बढ़ाया जिले का मान

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



पश्चिम बंगाल में आयोजित 7वीं इंटरनेशनल मास्टर एथलेटिक्स स्पर्धा में कोंडागांव के शिक्षक सुखदेव कुमेटी ने ऊंची कूद में गोल्ड मेडल और लंबी कूद में सिल्वर मेडल प्राप्त कर जिले का नाम ऊंचा किया है। ज्ञात हो कि, बंगाल मास्टर्स एथलेटिक्स एसोसिएशन द्वारा विगत 9 एवं 10 नवंबर को 7 वीं अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें छत्तीसगढ़ टीम से 33 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में कोंडागांव के भी एथलीट्स शामिल थे। बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए सुखदेव कमेटी ने ऊंची कूद में गोल्ड और लंबी कूद में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। उल्लेखनीय हैं कि, इस प्रतियोगिता में श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल एवं भारत के सभी राज्यों की टीमों ने हिस्सा लिया था। उनके इस उपलब्धि पर स्टेडियम ग्राउंड कोंडागांव में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार दुबे, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी इरशाद अंसारी, नगरपालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपेश अरोरा सहित शिक्षा एवं खेल विभाग के पदाधिकारियों ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# ग्रामीण खेल प्रतिभा को निखारने बस्तर ओलंपिक खुला मंच : मनोज कड़ती

पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के पहल से आयोजित बस्तर ओलंपिक से बीजापुर जिले के अंदरुनी माओवाद क्षेत्रों के खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने का सुनहरा अवसर मिल रहा है इस तरह के आयोजन से युवा मुख्य धारा से जुड़कर अपने सुनहरे भविष्य की ओर अग्रसर होते नजर आ रहे। उसूर ब्लॉक के सुदूर गांव मारुड़बाका के खिलाड़ी मनोज कड़ती ने बस्तर ओलंपिक में शामिल होकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि बस्तर ओलंपिक हमारे जैसे सुदूर क्षेत्रों के खिलाड़ियों के प्रतिभा को निखारने खुला मंच दिया है। इस तरह के आयोजन से ग्रामीण खेल प्रतिभा निखरकर बाहर आएगी। उसूर में आयोजित ब्लॉक स्तरीय बस्तर ओलंपिक खेल प्रतियोगिता अत्यंत सुदूर क्षेत्र मारुड़बाका, पामेड़, पुजारी कांकेर, फुतकेल जैसे दर्जनों गांवों के सैकड़ों खिलाड़ी पूरे जोश और उमंग के साथ खेल प्रतियोगिता में भाग ले रहे है। जिला प्रशासन एवं कलेक्टर संबित मिश्रा के दिशा-निर्देश पर खिलाड़ियों के रहने, खाने-पीने की समुचित व्यवस्था की गई है। व्यवस्था एंव प्रबंधन लेकर भी खिलाड़ी काफी खुश नजर आ रहे है। बस्तर ओलंपिक में शामिल खिलाड़ियों का कहना है कि बीजापुर के युवाओं में खेल प्रतिभा बहुत है। केवल सही मंच की आवश्यकता है जो बस्तर ओलंपिक हमे प्रदान कर रहा है। बीजापुर के युवा खिलाड़ी राष्ट्रीय अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने खेल का जौहर दिखा चुके हैं। इसी तरह बस्तर ओलंपिक में भी उत्साहित नजर आ रहे हैं और प्रशासन के सहयोग से चयनित होकर संभाग स्तर में भी अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन देंगे।

# सिख समुदाय ने हर्षोल्लास के साथ मनाया गुरुनानक जयंती



पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

सिख धर्म के गुरुओं में प्रथम गुरुनानक देव का जन्मदिवस गुरुनानक जयंती शुक्रवार 1:00 बजे को किरन्दुल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लौहनगरी के एकमात्र गुरुद्वारा में शब्द कीर्तन सह अनेक कार्यक्रम के साथ गुरु नानक जयंती सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने विराट लंगर का आयोजन किया। कमेटी के अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह सचिन बंटी अरोड़ा ने कहा गुरु नानक देव के जन्म दिवस के अवसर पर सिक्ख धर्मावलंबी इसे प्रकाश पर्व के रूप में मनाते है गुरुनानक देव ने समाज को एकता में बांधने और जाति-पाति को मिटाने के लिए हमेशा प्रयास किया।इस अवसर पर गुरुद्वारा में सामूहिक लंगर कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें शहरी ग्रामीण बड़ी संख्या मे लोग जुटे।कार्यक्रम में सिक्ख समाज के साथ डीएवी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी शिक्षक के साथ आम नागरिक सेवा दिए।

# उत्कल समाज द्वारा मनाया गया कार्तिक पूर्णिमा पर्व



पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

लौहनगरी किरन्दुल श्री जगन्नाथ मंदिर में उत्कल समाज विकास परिषद द्वारा कार्तिक पूर्णिमा धूमधाम से मनाया गया। बता दें इस अवसर पर उत्कल समाज के लोगों द्वारा बोइत बंदान उत्सव मनाते हैं। इस दिन नदी में स्नान करते हैं और केले के तने से बनी नाव को नदी व पानी में छोड़ते हैं। जगन्नाथ सेवा समिति के अध्यक्ष आर सी नाहक ने बताया कि पहले ओड़िया समुदाय के लोग समुद्री मार्ग से व्यापार करने के लिए देश-विदेश के विभिन्न क्षेत्रों में जाते थे। बारिश के मौसम में व्यापारिक यात्रा बंद हो जाती थीं। कार्तिक पूर्णिमा के दिन फिर से इस यात्रा की शुरुआत की जाती थी। इसलिए आज के दिन उत्कल समाज के लोग बोइत बंदान उत्सव मनाते हैं। साथ ही महिलाओं द्वारा तुलसी पौधों के सामने रंगोली बनाकर तुलसी पौधा में जल चढ़ाकर भगवान विष्णु के राय दामोदर स्वरूप की पूजा करते हैं।

# जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन, धान खरीदी केंद्र नहीं हटाने की रखी मांग

पायनियर संवाददाता < भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com




विकासखंड भानुप्रतापपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत साल्हे में 14 नवम्बर को जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस जन समस्या निवारण शिविर में 18 ग्राम पंचायत के सरपंच वा 14 जनपद सदस्य पहुंचे थे। जिला पंचायत सीईओ समेत जनपद के अधिकारी कर्मचारियों के उपस्थिति में समस्याओं का आवेदन का अवलोकन किया गया। जिसमें एक प्रमुख आवेदन धान बेचने को लेकर था। किसानों ने बताया साल्हे मंडी में विगत कई वर्षो से धान खरीदी किया जा रहा है। जिसे लैंप्स प्रबंधक द्वारा कच्चे में किया जा रहा था। जिसका विरोध किया गया। धान खरीदी केंद्र कच्चे में स्थानांतरण हो जाने से परेशान प्रभावित क्षेत्र मरदेल, ईरागाव, साल्हे, टेकाढोडा किसानों ने बताया बिना पूछे सहमति लिए हि कच्चे में जगह चयनित कर इस वर्ष धान खरीदी करने की बात कही जा रही है। यह जानकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के मैनेजर के द्वारा दिया गया। जिसके कारण किसानों में काफ़ी आक्रोशित हैं किसानों की मांग है कि हमारे क्षेत्र में तीन ग्राम पंचायत जिसमें कच्चे ईरागाव साल्हे प्रमुख गांव है जिसमें मरदेल टेकाढोडा गांवों के किसानों द्वारा पिछले कई सालों से साल्हे चौंक में धान बेचते आ रहें हैं। उन्होंने बताया जहां पर अभी जगह चयनित किया गया है वहा पर हरदिन माइन्स में परिवहन कार्य 24घंटे चालू रहता है। ऐसे में किसानों को अपनी धान को ले जाने में बड़ी दिक्कत होगी व कभी भी दुर्घटना हो सकती है। उनके आवेदन पत्र पर विचार करते हुए प्रशासन की ओर से कहा गया की जहां आप लोग पहले से धान बेचते आ रहे हो वहीं पर ही इस वर्ष भी उद्घाटन किया जाएगा। इसके अलावा ग्रामीणों द्वारा कई प्रकार के समस्याओं का आवेदन दिया गया।शिविर के नोडल अधिकारी तथा सहायक नोडल अधिकारी द्वारा कई आवेदनों का तत्काल निराकरण किया गया एवं कई आवेदनों पर आश्वासन दिया गया। इस शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं का निवारण और विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान किया गया। सभी अधिकारी और कर्मचारी अपने विभाग से जुड़ी योजनाओं का स्टॉल लगाया था। मंच में जिला पंचायत अध्यक्ष हेमंत ध्रुव, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष सुनाराम तेता, जीवराखन सलाम जनपद सदस्य,इरागांव पंचायत सरपंच गेंद सिंह हिडको, साल्हे सरपंच योगेश्वरी आंचला, सचिव बर्शन सलाम, कच्चे सरपंच गायत्री कावड़े, सचीव धनाजी राम, राम बाई गोटा जनपद सदस्य, अनीता रावटे सरपंच संबलपुर मौजूद रहे।

## भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर हुआ शिलान्यास और भूमिपूजन

# पारम्परिक पेरमा पुजारी गायता ने सेवा अर्जी कर किया चौक का नामकरण

पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com




भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती के अवसर पर सर्व आदिवासी समाज, चिकटराज सेवा समिति और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में डेंग डिपो चौक का नाम बिरसा मुंडा चौक के नाम से नामांकरण किया गया।

प्रातः 10.00 स्थानीय गोंडवाना भवन में समाज प्रमुखों की मौजूदगी में भगवान बिरसा मुंडा के छाया चित्र पर माल्यार्पण और सेवा अर्जी के पश्चात आम सभा का आयोजन किया गया। सभा में वक्ताओं ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन संघर्ष और आदर्शों के चर्चा के साथ आगामी 23 नवंबर को होने वाले पेशा कानून और वनाधिकार से जुड़े कार्यशाला में भागीदारी को लेकर सहमति प्रदान की गई तथा व्यापक प्रचार प्रसार पर बल दिया गया। जिसके बाद कलेक्टर कार्यालय के पास डेंग डिपो चौक पहुंच कर निर्धारित स्थल पर माटी पुजारी, गायता, सियान द्वारा सेवा अर्जी कर बिरसा मुंडा चौक नामकरण की घोषणा की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुड़ियाम, बबलू सियान, सुखलाल पुजारी, आरएस मांझी, गोंडवाना समन्वय समिति अध्यक्ष अमित कोरसा, कंवर समाज अध्यक्ष कमलेश पैंकरा, भुनेश्वर सिंह कंवर, मुरिया समाज अध्यक्ष सुकूलसाय तेलम, सर्व आदिवासी समाज के ब्लाक अध्यक्ष तेलाम पाण्डुराम, सचिव सतीश मंडावी, नगरपालिका अध्यक्ष बेनहूर रावतिया, पाकलू तेलम, मंगू लेकाम, श्रवण सैंड्रा, सुभाष कुड़ियाम, फूलचंद नाइक, नीना रावतिया उद्दे, जमुना कोरसा, सीता कोरसा, इंद्रा देवी कुंजाम, बोधि ताती सहित अन्य सामाजिक पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि गण मौजूद थे।

### कड़मपाल में बाल ग्राम सभा का किया गया आयोजन

**किरन्दुल।** जिला प्रशासन दन्तेवाड़ा की पहल पर संकुल केन्द्र कड़मपाल विकासखंड कुआकोंडा में पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्म दिवस बाल दिवस के उपलक्ष्य में बाल ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत कड़मपाल के समस्त छात्र छात्राएं, पालकगण, जनप्रतिनिधि, शिक्षकगण उपस्थित थे।कार्यक्रम के प्रारंभ में पं जवाहर लाल नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित किया गया। तत्पश्चात संकुल के वरिष्ठ शिक्षक चिन्ता राम कोर्राम के द्वारा बच्चों को अपनी बात रखने के लिए प्रोत्साहित करते हुए बाल दिवस की महत्वों को विस्तारपूर्वक बताया गया।बच्चों द्वारा अपनी कला की प्रतिभा का भरपूर प्रदर्शन किया गया और कुछ बच्चों द्वारा 'मेरा आदर्श गांव' विषय पर अपने विचार साझा किए। अन्त में संकुल समन्वयक एम माधव राव के द्वारा बच्चों से सम्बन्धित शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, खेल, मनोरंजन, सुरक्षा, कौशल विकास आदि स्थानीय मुद्दों को मार्गदर्शन स्वरुप बातें कही गई और शिक्षक एवं पालकगण से अपार आईडी तथा 'परख' परीक्षा की जानकारी और तैयारी करने का आग्रह किया।

# बाल दिवस के उपलक्ष्य में जिले के पत्रकार रोकडे दंपति ने प्राथमिक शाला गोरना में बच्चों को कराया न्यौता भोज



पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन के महत्वाकांक्षी योजना न्यौता भोज का आयोजन करने हेतु जिले के कलेक्टर संबित मिश्रा ने अधिकारी-कर्मचारियों, समाज सेवी संस्था एवं गणमान्य नागरिकों से आग्रह किया था जिसका सकारात्मक परिणाम अब स्कूलों में दिखने लगा है। जिले के धुर माओवाद प्रभावित क्षेत्र गोरना के प्राथमिक शाला में पुष्पा रोकड़े एवं उनके पति नितिन रोकड़े द्वारा न्यौता भोज का आयोजन किया जिसमें स्कूली बच्चों को स्वादिष्ट भोजन के रूप में पुड़ी, सब्जी, पकौड़ा, मिक्स वेज, दाल, चांवल खिलाया वहीं मिठाई के रूप में जलेबी एवं केला तथा बिस्कीट पाकेट दिया। न्यौता भोज में स्वादिष्ट भोजन के अलावा सभी बच्चों को उपहार के रूप में टिफिन बॉक्स भी प्रदान किया एवं स्कूल में बच्चों के साथ खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें जलेबी दौड़ ऊंची कूद 100 मीटर दौड़, में विजेता प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त बच्चों को टिफिन बाक्स प्लेट एवं वाटर बाक्स दिया गया। न्यौता भोज के आयोजन से प्रेरित होकर जिले के व्यापारी एवं समाजसेवी श राजू गांधी ठंड के मौसम को देखते हुए सभी बच्चों को गर्म कपड़े, जैकेट प्रदाय किया। इस पूरे गतिविधियों का बच्चों ने भरपूर आनंद लिया और न्यौता भोज का आयोजन करने पर रोकड़े दंपति को भी प्रेमपूर्वक धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस दौरान एपीसी जाकिर खान, पीपीई फैलो सुश्री दिव्या नेगी, स्कूल टीचर सुरेश और सोनू ,डॉ. जोशी एवं उनके टीम सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्तागण भी उपस्थित थे।

# सहकारी समिति कार्यालय सह गोदाम का हुआ लोकार्पण

## धान विक्रय हेतु पहुंचे किसानों का किया गया सम्मान

पायनियर संवाददाता भंवरपुर
www.dailypioneer.com



प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति रोहिना में धान खरीदी का शुभारंभ एवं कार्यालय सह गोदाम भवन का लोकार्पण समारोह महासमुंद लोकसभा सांसद रूप कुमारी चौधरी के मुख्य अतिथ्य में, राज्य महिला आयोग सदस्य एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष सरला कोसरिया की अध्यक्षता में तथा जिला भाजपा अध्यक्ष संजय शर्मा, भंवरपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष विद्याचरण चौधरी, ग्राम पंचायत रोहिना सरपंच जज्ञसिनी चूड़ामणि साहू, भंवरपुर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा प्रबंधक एवं प्राधिकृत अधिकारी छालो विशाल सागरपाली सरपंच प्रतिनिधि लालचंद अग्रवाल, पूर्व सरपंच श्यामसुंदर चौधरी, कन्हैया लाल पटेल, भंवरपुर मंडल महामंत्री उत्तर निषाद, कृष्ण कुमार नायक, बनीत सिदार आदि की विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। अतिथियों ने पूजा अर्चना कर धान खरीदी का शुभारंभ किया गया तत्पश्चात कार्यालय भवन का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर किसानों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार के प्रति किसानों की आस्था और विश्वास बड़ी है। यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनने के बाद छत्तीसगढ़ का तेजी से विकास हो रहा है। हमारे लिए गौरव का विषय है कि देश को एक यशस्वी प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी मिला है जिसके नेतृत्व में देश का तेजी से विकास हो रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता अटल बिहारी वाजपेई का स्मरण करते हुए उन्होंने बताया कि उनके द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत गांव तक पक्की सड़क बनाकर गावों तक पक्की सड़क की सुविधा मिली। उससे गांव का तेजी से विकास हुआ। उनका एक सपना नदियों को जोड़ने का था। यदि यह सपना भी पूरा हो जाता तो किसानों को सिंचाई की सुविधा भी मिलती और बाढ़ से मुक्ति भी। उन्होंने किसानों को आस्वस्त किया कि वह हर किसान की हर समस्या का समाधान के लिए हर संभव तत्पर रहेंगी। सरला कोसरिया ने कहा कि छत्तीसगढ़ धान का कटोरा कहलाता है इसमें क्षेत्र के किसानों का भी बड़ा योगदान है। किसान प्रसन्न है तो देश प्रसन्न है। किसानों की उन्नति के लिए भाजपा सरकार हमेशा प्रयासरत है। किसानों की मेहनत की बदौलत ही हमारी केंद्र सरकार गरीबों को 35 किलो चावल निशुल्क दे पा रही है। देश के प्रधानमंत्री का सतत प्रयास रहा है कि किसानों की आय बढ़े और किसानों को उनका वाजिब दाम मिले। किसानों के चेहरे पर खुशी है क्योंकि उन्हें मेहनत का वाजिब दाम मिल रहा है। उन्होंने क्षेत्र के किसानों से आह्वान किया कि हम सब मिलकर विकास के लिए तत्पर रहे। आप लोगों का स्नेह और प्यार हमेशा मिलता रहे। संजय शर्मा ने कहा कि किसानों को धान का बोनस देने की शुरुआत तत्कालीन मुख्यमंत्री रमन सिंह द्वारा ही किया गया था। किसानों को 3100 रु. प्रति क्विंटल का दाम मिल रहा है जो समर्थन मूल्य से कहीं अधिक है।

# अवैध धान परिवहन करने पर ट्रक जब्त, मंडी प्रशासन के किया सुपुर्द



पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com

पूरे प्रदेश में धान खरीदी तिहार का शुभारंभ हो गया है इस वर्ष प्रदेश सरकार ने एक लाख साठ हजार मिट्रिक टन धान खरीदने का लक्ष्य रखा है इस दौरान सरायपाली में धान खरीदी के शुरुआती दिन में व्यवस्था का जायजा लेने निरिक्षण में निकली अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नम्रता चौबे ने ग्राम बोंदा के समीप धान से भरे दो ट्रक सारंगढ़ से सरायपाली आते हुए देखकर उनसे पूछताछ की पूछताछ के दौरान वाहन चालक के पास धान से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज नहीं पाया गया दोनों वाहनों पर जब्ती की कार्रवाई कर सरायपाली मंडी प्रशासन के सुपूर्द कर दिया गया इस पूरे मामले पर चर्चा के दौरान एसडीएम चौबे ने बताया कि बाद में वाहन मालिक के द्वारा सौदा पत्रक पेश किया जिसमें दिनांक व समय नहीं पाये जाने के कारण जब्ती की कार्रवाई की गई है एसडीएम नम्रता चौबे ने सरायपाली विकास खंड के अंतर्गत आने वाले सभी राइस मिल गोदामों का शीघ्र निरिक्षण कर सत्यापन करने हेतु नोडल अधिकारियों को निर्देश दिया तथा इसी सप्ताह में अवैध धान भंडारण व परिवहन करते हुए पांच प्रकरणों कारवाई की जाने की बात कहते हुए एसडीएम द्वारा कहा गया कि आगे भी लगातार अवैध धान के भंडारण व परिवहन पर नजर रखते हुए सतत् कारवाई जारी रहेगी।

# नगरीय निकाय निर्वाचन 2024-25 का निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 1 अक्टूबर 2024 की अर्हता तिथि के आधार पर फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए पूर्व जारी कार्यक्रम में आंशिक संशोधन करने हुए नगरपालिका निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किया गया है। निर्वाचक नामावली तैयार करने के संशोधित कार्यक्रम अंतर्गत निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन एवं दावे तथा आपत्तियां 13 नवम्बर 2024 से प्राप्त की जाएगी। दावा-आपत्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20 नवम्बर 2024 अपरान्ह 3 बजे तक, प्रारूप क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 27 नवम्बर 2024, प्रारूप क-1 में प्राप्त दावा का निराकरण करने की अंतिम तिथि 30 नवम्बर 2024, दावे-आपत्तियों के निराकरण आदेश के विरूद्ध अपील करने की अंतिम तारीख निराकरण आदेश पारित होने के 5 दिवस के भीतर अपील की जा सकती है। परिवर्धन, संशोधन, विलोपन के प्रकरणों की प्रविष्टि 5 दिसम्बर 2024 तक सॉफ्टवेयर में किया जाएगा। चेकलिस्ट का निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जांच करवाना तथा पीडीएफ मुद्रण हेतु 7 दिसम्बर 2024 तक जिला कार्यालय को सौंपा जाएगा। अनुपूरक सूची का मुद्रण कराना और अनुपूरक सूची को मूल सूची के साथ 10 दिसम्बर 2024 तक संलग्न किया जाएगा। निर्वाचन नामावली का अंतिम प्रकाशन 11 दिसम्बर 2024 को किया जाएगा।

# मवेशियों को लावारिस सड़क मार्ग में छोड़ देने वाले मवेशी मालिकों के ऊपर की गई कार्रवाई



पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जिले में घटित विभिन्न सड़क दुर्घटनाओं के विश्लेषण से यह मुख्य बात सामने है कि अधिकांश मौंको पर सड़क दुर्घटना का कारण मवेशियों के सड़क मार्ग में बैठे रहना है। सायं एवं रात्रि के समय रोड में बैठे हुए मवेशी वाहन चालकों को स्पष्टतः नजर नहीं आते, जिससे टकरा जाने के कारण अथवा उन्हें बचाने के चक्कर में वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। साथ ही सड़क पर बैठे हुए मवेशियों के अचानक इधर-उधर भागने से, वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। अधिकांशतः मवेशी मलिक अपने मवेशियों पर ध्यान नहीं देते, जिससे मवेशी इधर-उधर विचरण करते रहते हैं तथा सड़क मार्ग में बैठे रहते हैं। ऐसी स्थिति में अपने मवेशियों को सड़क मार्ग में लावारिस छोड़ देने वाले मवेशी मालिकों के ऊपर कार्यवाही किया जाना अत्यंत आवश्यक है। उपरोक्त कारणों को दृष्टिगत रखते हुए जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा अपने मवेशियों को सड़क मार्ग में छोड़ देने वाले मवेशी मालिकों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्यवाही किया गया है, जिसके तहत 35 प्रकरण में 37 मवेशी मालिकों के विरुद्ध कार्रवाई किया गया है।

# सोशल मीडिया में पिस्टल के साथ फोटो अपलोड करने वाले आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



वर्तमान समय में सोशल मीडिया इंस्टाग्राम, फेसबुक, व्हाट्सएप का उपयोग सामान्यतः हर दूसरा व्यक्ति कर रहा है। सोशल मीडिया में असावधानी बरतना अथवा बिना सोचे समझे फोटो वीडियो अपलोड कर देना, एक जघन्य अपराध की श्रेणी में आता है। कुछ इस प्रकार से ही इंदिरा कॉलोनी बलौदाबाजार में रहने वाले आरोपी दीपक वर्मा द्वारा सोशल मीडिया इंस्टाग्राम में अपना आपत्तिजनक फोटो अपलोड किया गया। आरोपी दीपक वर्मा द्वारा नकली पिस्टल दिखाते हुए सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर अपना तरह-तरह से फोटो अपलोड किया गया। एक प्रकार से दीपक वर्मा द्वारा नकली पिस्टल दिखाकर लोगों को भयभीत करने एवं सोशल मीडिया के माध्यम से भ्रांति फैलाने का काम किया गया। नकली पिस्टल के साथ यह फोटो आरोपी द्वारा लगभग 02 वर्ष पहले इंस्टाग्राम पर डाला गया था। तत्संबंध में साइबर सेल बलौदाबाजार द्वारा आरोपी के सोशल मीडिया इंस्टाग्राम अकाउंट की पतासाजी करते हुए आरोपी दीपक वर्मा को पकड़ा गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा सोशल मीडिया में लोगों के सामने अपना रौब झाड़ने एवं अपने आप को विशेष बनाने के लिए नकली पिस्टल दिखाते हुए इंस्टाग्राम में अपना फोटो अपलोड करना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में आरोपी दीपक वर्मा से नकली पिस्टल जप्त किया गया है तथा आरोपी के विरुद्ध पृथक से प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया है।

# आत्मा नंद स्कूल में शिक्षक के द्वारा छात्र से मारपीट प्राचार्य ने शिकायत पत्र लेने से किया इन्कार

पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com



स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में कक्षा तीसरी में अध्यनरत आरुष पंडा की मां संगीता पंडा ने लिखित शिकायत की प्रति दिखाते बताया कि 11 नवंबर को शिक्षक शोभाराम भोई द्वारा मेरा बेटा आरुष पंडा को स्कूल में बाल खिचकर मुक्के से पिटाई किया गया जिससे बच्चा दर्द से कहर रहा है। वह उठ नहीं पा रहा है तथा बच्चा मानसिक रूप से डरा-सहमा हुआ इस संबंध में प्रिंसिपल को लिखित सूचना देने पर लेने व पावती देने से मना कर दिया और कहा गया कि मैं आपको कोई पावती नहीं दे सकता बोला गया। इसके पहले भी उक्त शिक्षक के संबंध में और भी शिकयत के लिए गई, पर कार्यवाही नहीं किया गया है। छात्र की मां संगीता पंडा ने लिखित शिकायत जिला कलेक्टर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, वि,ख, शिक्षा अधिकारी से कि शिक्षक शोभाराम भोई के विरुध्द जांच कर उचित कार्यवाही की मांग की।

# केन्द्रीय टीम पहुंची कुरूद के चर्रा बिहान की महिलाओं से की बातचीत

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

कुरूद विकासखण्ड के ग्राम चर्रा के भ्रमण पर देश के विभिन्न प्रदेशों से पहुंचे भारत सरकार के उच्चाधिकारियों के दल द्वारा बिहान की महिलाओं से चर्चा की गई। इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्रालय के पियूश यादव, प्रज्ञा सिंह, दीपक शुक्ला, विवेक गुप्ता, राकेश गुप्ता, मृणाल सत्यार्थी सहित अन्य अधिकारियों ने चर्रा में शासन की योजनाओं का मुआयना किया। सरपंच कमलेश्वरी ध्रुव ने गांव की मूलभूत जानकारी प्रदान करते हुए गांव की विस्तृत जानकारी दी।



### अधिकारियां ने स्टॉलों का किया निरीक्षण

अपने प्रवास के दौरान अधिकारियों ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की बिहान योजना और कृषि विभाग द्वारा लगाये गये विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने इन महिलाओं को विभिन्न रोजगारमूलक गतिविधियों से होने वाली आय, सामग्री निर्माण में आने वाली लागत, बाजार की उपलब्धता, मार्केट लिंकेज के बारे मे जानकारी ली। साथ ही इन महिलाओं को सोशल मीडिया का उपयोग कर अपने उत्पाद को देश के अन्य क्षेत्रों तक पहुंचाने की समझाईश दी ताकि आर्थिक रूप से और अधिक लाभ प्राप्त हो सके।

### अधिकारियों ने 40 ग्राम संगठन के अध्यक्षों से की रूबरू चर्चा

चर्रा प्रवास पर आये केन्द्रीय दल ने चर्रा संगठन कक्ष में 40 ग्राम संगठन के अध्यक्षों से चर्चा करते हुए समूह की मूलभूत जानकारी। उन्होंने कहा कि बिहान की वजह से ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक स्थिति में सुधार आया है जिससे वे बच्चों की पढ़ाई, स्वयं एवं परिवार की जरूरत को पूरा करने में मदद कर रही है। अधिकारियों ने बैंक में जमा राशि, नये सर्वे में समूह की दीदियों को जोड़ने व समूह की महिलाओं को आवास देने की बात कही।

### प्रधानमंत्री आवासों और प्राथमिक शाला का किया निरीक्षण

अधिकारियों के दल ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्राम चर्रा के पारधी पारा में निर्मित मालती बाई के आवास का निरीक्षण किया। मालती बाई ने अधिकारियों को बताया कि मनरेगा के तहत उसकी बाड़ी में कुंआ का निर्माण किया गया है जिसकी मदद से वह अब पूरे साल बाड़ी में सब्जी उगाकर लाभ प्राप्त कर रही है। साथ ही प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत् उसे गैस कनेक्शन भी प्रदान किया गया है। इस दौरान अधिकारियों ने गांव की प्राथमिक शाला का निरीक्षण किया और बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर शाला में न्यौता भोज का भी आयोजन किया गया थाए जिसमें अधिकारीगण शामिल हुए।

### धान खरीदी केन्द्र का किया निरीक्षण

केन्द्रीय दल के अधिकारियें ने चर्रा ग्राम में बनाये गये धान उपार्जन केन्द्र में व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए केन्द्र में कुल पंजीकृत किसान, आज की आवक, बारदानों की उपलब्धता, चबूतरा, डेनेज, बैनर.पोस्टर, पेयजल, माईक्रो एटीएम, स्टेक, तिरपाल, पेयजल, बिजली, कांटा.बांट सत्यापन, नमी मापक यंत्र, प्राथमिक उपचार किट इत्यादि सहित अन्य व्यवस्थाओं की केन्द्र प्रभारी से जानकारी ली।

# भक्ति मुक्ति प्रदायणी कथा अमृत है श्रीमद् भागवत महापुराण : डीपेंद्र साहू



पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

स्व.मनीष कुमार सेन के द्वितीय पुण्यतिथि पर ग्राम सरसोंपुरी में खूबलाल सेन सरस्वती सेन एवं पोषण सेन रिंकू सरपंच सरसोपुरी परिवार द्वारा सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर जीवन को धन्य बनाने एवं श्रीमद् भागवत महापुराण कथा सुनने डीपेंद्र साहू व साथी पहुंचे। सर्वप्रथम व्यासपीठ व महाराज जी का आशीर्वाद लिए। डीपेंद्र साहू ने कथा रसपान कर कहा कि भक्ति मुक्ति प्रदायणी कथा अमृत है श्रीमद् भागवत महापुराण कथा जिनमें श्रवण करने मात्र से मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है। साथ ही जीवन धन्य हो जाता है, श्रीमद् भागवत कथा महापुराण कलयुगी जीवन में मोक्ष दायनी कथा हैं। सेन परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा में व्यास पीठ पर विराजमान महाराज जी के द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम, आनंदकंद भगवान श्री कृष्ण के कथाओं के साथ अनेक कथाओं को सुना रहे हैं जिससे श्रवण करने वाले श्रद्धालुओं के जीवन में सद्विचार का लाभ मिलता है। उन्होने आगे कहा कि हमारे वैदिक धार्मिक अनुष्ठानों में यज्ञ तप उपासना आराधना करने से जीवन का ध्येय सफ्ल होता है। मानव जीवन में व्यस्ततम समय होने के बाद भी प्रभु की भक्ति के लिए कुछ पल अवश्य निकालना चाहिए जिससे हमारा मानव जीवन का प्राप्ति का उद्देश्य सफ्ल हो। इस अवसर पर श्रीमद् भागवत कथा सुनने पुर्व पुरी सरपंच व भाजपा वरिष्ठ चिरौंजी लाल साहू, रामकृष्ण साहू, कोमल सार्वा, आयोजक परिवार के सदस्यगण एवं बड़ी संख्या में श्रोताजन उपस्थित रहे।

# गुरुनानक जयंती पर रंजना साहू ने सचखंड साहेब नांदेड में टेका मत्था



पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

महाराष्ट्र चुनाव में नांदेड में धमतरी की पूर्व विधायक रंजना साहू को बतौर प्रभारी पार्टी ने चुनावी जिम्मेदारी देकर भेजा है। जहाँ वो लगभग एक माह से पार्टी को जिताने हर रणनीतियों और योजनाओं पर कार्य कर रही हैं और पार्टी को जिताने रोज़ाना बैठकों से लेकर जनसंपर्क कर रही हैं। इसी बीच गुरुनानक जयंती के पूर्व सांध्य में देश के प्रसिद्ध गुरुद्वारा सचखंड साहेब गुरुद्वारा नांदेड में उन्होंने मत्था टेका और आशीर्वाद लिया। जहाँ प्रबंधन कमेंटी द्वारा उनको गुरुद्वारा के सिरोप्पा ओढ़ा कर उनका सम्मान किया गया। साहू ने प्रबंध कमेटी से मुलाकात कर जयंती पर्व की बधाई, शुभकामनाएं दी एवं समस्त क्षेत्र वासियो को श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व की बधाई, साथ ही नगर कीर्तन में पांच प्यारे से आशीर्वाद ली व बारहों महीने चलने वाले अटूट लंगर में प्रसादी ग्रहण किये। इस महत्वपूर्ण दिन में वहाँ लाखों श्रद्धालु पहुँचते हैं। ऐसे अवसर पर वहाँ उपस्थित होकर मत्था टेकना उन्होंने अपना सौभाग्य बताया। उक्त अवसर पर अनिता यादव सहित क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# देश के भविष्य को संवारने संस्कार के साथ आवश्यक है समुचित शिक्षा : विजय मोटवानी



पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

बाल दिवस जो कि बच्चों को संरक्षित करते हुए संवर्धित कर देश के सर्वांगीण विकास के लिए तैयार करने के प्रति प्रतिबद्धता दर्शाने के पर्व के रूप में पूरे देश में मनाया जाता है। समाज के प्रत्येक वर्ग को इन उज्जवल भविष्य के बच्चों से जोड़ने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने स्कूलों में बाल भोज आयोजन कर सभी को शामिल होने के लिए आग्रह किए हैं। इसी भावना को लेकर शहर के मध्य स्थित सराय स्कूल में आयोजित बाल भोज में नगर निगम के पूर्व सभापति राजेंद्र शर्मा एवं वार्ड के पार्षद विजय मोटवानी शामिल होकर सभी बच्चों को तिलक वंदन करते हुए बाल दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पार्षद मोटवानी ने कहा है कि देश के भविष्य बच्चों को संस्कारवान बनाकर समुचित शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराते हुए तैयार करना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है और इसी से राष्ट्र का विकास भी संभव है। इसलिए सभी वर्ग शिक्षा के स्तर को ऊपर उठाने के लिए अपना योगदान देने बढ़ चढ़कर आगे आवे। उक्त अवसर पर संकुल समन्वयक भुनेश्वर साहू, प्रधान पाठिका अनीशा ग्वाल, सहायक शिक्षक जागेश्वरी मांडवी, वेदवती साहू, मुकेश्वरी चंद्रवंशी तथा सहायिका पुष्पलता उपस्थित रहे।

# जिले में मनाया गया विश्व मधुमेह दिवस स्वस्थ जीवन शैली का दिया संदेश

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



14 नवंबर को विश्व मधुमेह दिवस जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में मनाया गया। इसके तहत 30 वर्ष से ऊपर के लोगों के रक्त की जाँच की गई। इसके साथ ही रक्त चाप जांच, स्वस्थ्य जीवन शैली संबंधी सलाह,आहार संबंधी सलाह, स्वास्थ्य शिक्षा, योग और दैनिक व्यायाम के महत्व को भी लोगों को बताया गया। इस वर्ष का थीम है बाधाओं को तोड़ना और अंतरालों को पाटना। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार अवस्थी ने बताया कि,नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे रिपोर्ट-5 के अनुसार जिले में 30 वर्ष से अधिक आयु के 9 प्रतिशत लोगों को मधुमेह या शुगर होने की आशंका है। इसलिए 30 वर्ष से अधिक आयु वालों को इसकी जाँच अवश्य करवानी चाहिए। सिविल सर्जन डॉ के के टेम्भूरने के अनुसार मधुमेह जिसे आम बोल चाल में शक्कर की बीमारी भी कहते हैं में खून में शुगर की मात्रा अधिक हो जाती है। यदि शरीर में पर्याप्त मात्रा में इन्सुलिन हार्मोन नहीं है तो यह ग्लूकोज की मात्रा कोशिकाओं तक नहीं पहुँच पाती रक्त में ही इकट्ठा हो जाता है। बार बार पेशाब होना,वजन कम होना, थकान, भूख ज्यादा लगना, घाव का धीरे भरना, प्यास लगना ये कुछ ऐसे लक्षण हैं जो इस बीमारी की शंका पैदा करते हैं। शुगर की अधिकता हृदय रोग, गुर्दा रोग, मष्तिष्क विकार, आखों का धुंधला पन जैसे रोगों को जन्म देता है। बढ़ती उम्र, पारिवारिक इतिहास, मोटापा, अनियमित खान-पान ये कुछ कारण है जो इस रोग को जन्म देते हैं। सहायक नोडल एनसीडी सेल अविनाश केसरवानी के अनुसार एक स्वस्थ व्यक्ति का शुगर 140 तक माना जाता है। ज्यादातर मामलों में खान-पान, उचित व्यायाम, योग और दवाइयों से शुगर के उपचार किया जाता है जिससे यह नियंत्रित होता है। नशे का त्याग, कैफीन से परहेज, हरी सब्जियों का सेवन इसमे कारगर होते हैं। गंभीर मरीजों को इन्सुलिन हार्मोन देने की भी जरूरत पड़ सकती है। जिला कार्यक्रम प्रबंधक सृष्टि मिश्रा ने बताया कि जिले में आयुष्मान आरोग्य मंदिर से लेकर जिला अस्पताल तक निःशुल्क शुगर जाँच की सुविधा उपलब्ध है।

# पाटसेंद्री विद्यालय में बाल दिवस पर नेवता भोज का आयोजन

पायनियर संवाददाता भंवरपुर
www.dailypioneer.com



कृषक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाटसेंद्री में बाल दिवस के अवसर पर विद्यालय के सभी स्टाफद्वारा नेवता भोज का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम प्राचार्य साखीराम पटेल, शिक्षक सुशील सतपथी, पुष्पा नायक, चेतन कुमार पटेल द्वारा मां शारदे एवं पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर छात्रों द्वारा सरस्वती वंदना से कार्यक्रम प्रारंभ किया गया, इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित जयदेव सतपथी के मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया पश्चात सभी छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर स्वागत कर,स्वल्पाहार के साथ प्रत्येक विद्यार्थी को स्टाफ द्वारा कलम भेंट करके आशीर्वाद देकर उज्जवल भविष्य की कामना किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सोमेश्वर प्रसाद नायक कार्यक्रम अधिकारी, सहायक जन्म जय पटेल, लीलांबर पटेल,गुण सागर पटेल, सुनीता नायक, रितेश पटेल के नेतृत्व में, कर्मचारी अनंतराम पटेल, किशन बाघ, वेदप्रकाश नायक के व्यवस्थापन आयोजित किया गया।

# पहले दिन 2221 पंजीकृत किसानों से 8244.16 मीट्रिक टन धान उपार्जन

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com



खरीफ विपणन वर्ष 2024.25 के तहत प्रदेश सहित जिले में भी समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू हो गई है। खाद्य अधिकारी बी के कोर्राम ने बताया कि जिले के 100 धान उपार्जन केन्द्रों में से 97 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से दो हजार 221 पंजीकृत किसानों से कुल 8244.16 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया गया है। उन्होंने बताया कि रात नौ बजे तक ऑफलाईन खरीदी केन्द्रों का डाटा अपलोड किया जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि आगामी 18 नवम्बर को धान खरीदी के लिए 2564 किसानों का टोकन 11488.56 मीट्रिक टन धान खरीदी हेतु जारी किया गया है।

# महापौर, कमिश्नर व सभापति ने जनप्रतिनिधियों के साथ निगम में प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 का किया शुभारंभ

## पीएम आवास योजना 2.0 अपने घर का देख रहे हैं सपना तो जरूर होगा पूरा

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com





नगर पालिक निगम में महापौर धीरज बाकलीवाल, कमिश्नर सुमित अग्रवाल, सभापति राजेश यादव नेता प्रतिपक्ष देवनारायण चन्द्राकर, शिवेंद्र परिहार व जनप्रतिनिधियों के बीच प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 हितग्राही सर्वेक्षण कार्य का प्रारंभ कार्यक्रम मोतीलाल वोरा सभागार में आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी का पहला चरण दुर्ग में शुरू होने किया गया, जिसमें पहले चरण से वंचित आवास लाभार्थियों को शामिल किया जाएगा। इस योजना के तहत EWS, LIG और MIG वर्ग के परिवारों को आर्थिक सहायता दी जाएगी, ताकि वे अपना पहला पक्का घर बना सकें।दुर्ग शहर में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी योजना। पीएम आवास योजना (शहरी) 2.0 के हितग्राही सर्वेक्षण का शुभारंभ आज महापौर धीरज बाकलीवाल ने किया इसके लिए लाभार्थी ऑनलाइन आवेदन भी कर सकेंगे। पीएम आवास योजना 2.0 : अपने घर का देख रहे हैं सपना तो जरूर होगा पूरा। कार्यक्रम के अवसर पर एम आईसी सदस्य अब्दुल गनी,जमुना साहू, पार्षद काशीराम रात्रे, बिजेंद्र भारद्वाज, अजीत वैध, बृजलाल पटेल, मनीष साहू, कुलेश्वर साहू, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, मोहन पुरी गोस्वामी, आरके जैन, संजय ठाकुर, हरिशंकर साहू, राजेन्द्र ढबाले, करण यादव, अर्पणा मिश्रा, बाजार अधिकारी थानसिंह यादव आदि अधिकारी/ कर्मचारी मौजूद रहें।इस अवसर पर महापौर धीरज बाकलीवाल, कमिश्नर सुमित अग्रवाल, सभापति राजेंश यादव व जनप्रतिनिधियों द्वारा मोर मकान -मोर आस के तहत 10 हितग्राहियों को प्रशस्ति पत्र वितरण किया गया। महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के प्रथम चरण के सफल क्रियान्वयन पश्चात वर्तमान में शासन द्वारा इस योजना को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 का शुभारंभ किया जा रहा है। इस योजना के तहत पात्र शहरी परिवारों को आवासीय आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु सहायता प्रदान किया जाएगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि शहरी क्षेत्र के पात्र हितग्राही एक बेहतर जीवन व्यतीत कर सकें। कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने कहा कि शहरी क्षेत्र में रहने वाले ईडब्ल्यूएस श्रेणी से संबंधित परिवार जिनके पास देश में कहीं भी कोई पक्का आवास नहीं है प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के तहत आवास खरीदने या बनाने के लिए पात्र हैं। योजना के तहत विधवाओं एकल महिलाओं दिव्यांगजन वरिष्ठ नागरिको, ट्रांसजेंडर, अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति अल्पसंख्यकों और समाज के अन्य कमजोर और वंचित वर्गों के व्यक्तियों को वरीयता दी जावेगी।सफाई कर्मियों पीएम स्व निधि योजना के तहत चिन्हित स्ट्रीट वेंडर, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत विभिन्न कारीगरों आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, भवन और अन्य निर्माण श्रमिकों झुग्गी / चाल के निवासियों और प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के संचालन के दौरान चिन्हित अन्य समूहों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। जिला प्रशासन एवं नगर निगम द्वारा योजना का लाभ हितग्राहियों को दिलाने हेतु व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है तथा वार्ड वार शिविर का आयोजन किया जा रहा है. महापौर धीरज बाकलीवाल एवं सभापति राजेश यादव ने कहा कि नियमो में सरलीकरण आवश्यक है इसके लिए सभी जनप्रतिनिधियों को प्रयास करना होगा। ताकि अधिक से अधिक लोगो को योजना का लाभ मिल सके।

# कमिश्नर ने वार्डों में छोटे-बड़े नालों की सफाई का काम भी तेजी से करने दिए निर्देश

## मुख्य मार्गों से गली-मोहल्लों तक जारी है निगम प्रशासन का सफाई अभियान

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com





नगर निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल द्वारा सतत मॉनिटरिंग में सफाई कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। शहर सफाई व पुलिया एवं नाली की सफाई उपरांत आम नागरिकों की परेशानी दूर होगी।निरीक्षण के मौके पर कमिश्नर ने शहर में सफाई व्यवस्था को सुधारने कहा। सफाई व्यवस्था सुधारने के लिए निगम कमिश्नर लगातार निरीक्षण कर रहे हैं। कमिश्नर सुमित अग्रवाल शहर की सफाई व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए कार्य कर रहे हैं। इसी क्रम में आज सुबह शहर के शिवनाथ नदी पर साफसफाई का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये, उन्होंने इंटकबेल, 24 एमएलडी सहित, पुलगांव नाले का तथा वार्ड क्रमांक 36 एवं 37 गंजपारा क्षेत्रो मे सफाई ´ व्यवस्था का जायजा लिया एवं सफाई को बेहतर करने कार्य करने हेतु निर्देशित किया !उन्होंने शिवनाथ नदी परिसर का निरीक्षण कर प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा को साफ सफाई व्यवस्था को और बेहतर करने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने कहा कि सफाई व्यवस्था देखते हुए मुख्य मार्गो से गली-मोहल्लों तक जारी रखें. शहर को बेहतर साफ -सफाई सुविधा मुहैया कराने की बात कही।कमिश्नर ने ये भी कहा कि नाली सफाई के बाद जिन नुक्कड़ों में कचरे का ढेर लगा हो वहां अभियान चलाकर निरन्तर सफाई करें। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, उपअभियन्ता मोहित मरकाम, कर्म शाला अधिक्षक शोएब अहमद, स्वच्छता निरीक्षक सुरेश भारती, एमएमयू कुणाल, राहुल सहित टीम मौजद रहे। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर सुमित अग्रवाल को स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा बताया कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग अमला द्वारा लगातार शहर में सफाई अभियान चलाया जा रहा है। नालियों की पूरी सफाई किया जा रहा है। इसके तहत शहर के मुख्य मार्गों से लेकर गली-मोहल्लों तक में निगम का अमला सफाई का काम कर रहा है। शहर के जिन नुक्कड़ों में कचरे का ढेर नजर आता रहा है।

# जवाहर नगर क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण पर कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई के वैशाली नगर जोन-2 वार्ड क्रमांक 25 जवाहर नगर हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण पर कार्यवाही करते हुए बेदखली की कार्यवाही की गई। जनप्रतिनिधियों द्वारा शिकायत की गई थी, कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा निगम भिलाई के भूमि पर अवैध रूप से निर्माण कर रहा है अतिक्रमणकारी को नोटिस दिया गया कि भूखंड स्वयं का है, दस्तावेज निर्धारित समय अवधि में प्रस्तुत करने को कहा गया। समय सीमा के अंदर संबंधित द्वारा दस्तावेज नहीं प्रस्तुत किया गया। शिकायत के आधार पर निगम के राजस्व अधिकारी एवं तोड़फोड़ दल मौके का निरीक्षण करने पहुंचे। वहां पर देखा की निगम की भूमि पर अवैध निर्माण किया जा रहा है। वैशाली नगर के जोन आयुक्त को इस बात का ज्ञात होते ही कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा निगम की भूमि पर अवैध रूप से निर्माण किया जा रहा है। जोन आयुक्त येशा लहरे ने राजस्व अधिकारी को कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जिसके आधार पर निगम की टीम अवैध निर्माण को जे.सी.बी. के माध्यम से तोड़कर भूमि को मूर्त रूप दिए। गौरतलब है कि अवैध निर्माण करने वाले किसी प्रकार के व्यक्ति के निर्माण स्थल को नगर निगम भिलाई उसके स्वयं के व्यय से तोड़कर उससे अर्थदण्ड वसूल करेगी। कार्यवाही के दौरान वैशाली नगर जोन-2 राजस्व विभाग से राजस्व अधिकारी जे.पी.तिवारी, कृष्ण कुमार सुपैत, अरुण सिंह, पूषण देशमुख, गुप्ता नंद तिवारी एवं मुख्य कार्यालय से बेदखली दल हरिओम गुप्ता के साथ राजेन्द्र सिंह, कन्हैया यादव, मंगल जांगड़े, विष्णु सोनी आदि उपस्थित रहे।

# सिप अबेकस के इंटरनेशनल प्रॉडिजी में बच्चों ने किया सरायपाली शहर को गौरवान्वित

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com



सिप अकादमी द्वारा 21 वा इंटरनेशनल प्रॉडिजी का आयोजन 10 नवंबर को कोलकाता में हुआ। सरायपाली सेंटर से लेवल 4 से अर्श अग्रवाल फस्ट रनर अप, लेवल 3 से प्रगति दास थर्ड रनर अप, लेवल 6 से संध्या यादव बर्ड रनर अप एवं 12 छात्रों ने परफॉर्मेंस अवार्ड प्राप्त किया सरायपाली सेंटर के एलसीएल राखी पाणिग्राही के निर्देशन में 21 वीं प्रोडिजी कोलकाता में भाग लेते हुए सरायपाली सेंटर से बच्चों ने रनर अप खिताब जीतकर अपने माता-पिता एवं अबेकस सेंटर का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में सरायपाली सेंटर से अहद अमन, राजवीर भोई, अंशु साहू, अग्रवाल, वेदिका अग्रवाल, रुद्र चंदा, प्राची भोई, कशिश नायक, पलक गिरी, गगन साहू, अनमोल अग्रवाल, अद्वैत अग्रवाल, नव्या कौर आहूजा एवं शिवम देवांगन शामिल हुए। छात्रों ने खिताब अपने नाम कर सरायपाली सेंटर के अबेकस स्किल कोर्स की सफलता को साबित किया। ये ऐसी प्रतियोगिता होती है जिसमें केवल 11 मिनट में गणित के 400 प्रश्नों को बच्चे हल करते हैं। सिप अबेकस के इंटरनेशनल प्रॉडिजी जो प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है इस वर्ष सबसे अधिक 6500 से भी ज्यादा अबेकस के बच्चों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया इतनी संख्या के प्रतियोगिता में रनर अप का खिताब हासिल करते हुए। सरायपाली सेंटर की सफलता का प्रमाण दिया। अमेरिका, न्यूजीलैंड, यूएई नेपाल साहित 11 देशों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया जिसमें इंटरनेशनल लेवल में सरायपाली शहर का मान बढ़ाया। प्रतियोगिता में 15 छात्रों ने अलग-अलग लेवल के खिताब को अपने नाम करते हुए अपने योग्यता से अपने माता-पिता का सम्मान बढ़ाया। सराइपाली अबेकस के एलसीएल राखी पाणिग्राही ने सभी बच्चों को बधाई दी। सिप अबेकस के स्टेट हेड गुरमीत सिंह चावला ने भी सभी बच्चों एवं पालकों को बधाई दी एवं अगली प्रॉडिजी में विनर बनने हेतु प्रेरित करते हुए शुभकामनाएं दी।

# कापू पुलिस ने छेड़खानी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को रिमांड पर भेजा

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com




कापू पुलिस द्वारा नाबालिग बालिका से छेड़खानी की रिपोर्ट पर संवेदनशीलता बरतते हुए एफआईआर दर्ज कर 24 घंटे के भीतर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। घटना के संबंध में कल दोपहर बालिका के पिता ने थाना कापू में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि बीते 12 नवंबर देवउठनी त्यौहार की रात्रि करीब 10 बजे पड़ोसी के घर खाना खाने गया था, उसकी लड़की घर पर अकेले थी। थोड़ी देर बाद घर लौटने पर लड़की नहीं दिखी तो आसपास देखा थोड़ी दूरी पर लड़की और एक लड़का दिखे। लड़का इसे देखकर भाग गया, लड़की बताई कि लड़का अभिषेक टंडन इसे घर से जबरजस्ती स्कूल परिसर में लाकर बेइज्जती करने के नियत से छेड़खानी कर रहा था। थाना प्रभारी कापू निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम द्वारा आरोपी युवक पर धारा 331,74 बीएनएस के तहत अपराध कायम कर बालिका का निरीक्षक कमला पुसाम से कथन कराया गया और अपने स्टाफ के साथ आरोपित के घर छापेमारी कर आरोपी अभिषेक टंडन (19 साल) को हिरासत में लेकर गिरफ्तारी की संपूर्ण कार्यवाही पूर्ण कर रिमांड पर भेजा गया है।

# कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

## जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश, केंद्रों में सीसीटीवी कैमरा से निगरानी के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में 14 नवंबर से पूरे प्रदेश में धान खरीदी महा अभियान की शुरुआत हो चुकी है। धान खरीदी एवं आवश्यक सुविधाओं का जायजा लेने कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने जिले के धान खरीदी केंद्रों का औचक निरीक्षण कर उपार्जन केन्द्रों में धान विक्रय करने वाले किसानों की सहूलियत को ध्यान में रखकर आवश्यक मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव उपस्थित रहे।

पहले दिन जिले के दो उपार्जन केंद्रों धरमजयगढ़ के कापू और लैलूंगा के लिबरा केंद्र में धान खरीदी की शुरुआत हुई। पहले दिन किसानों से 328 क्विंटल धान खरीदा गया। वहीं कलेक्टर कार्तिकेया गोयल कृषि उपज मंडी पुसौरए धान खरीदी केंद्र कोड़पाली के निरीक्षण में पहुंचे। यहां उन्होंने धान उपार्जन केंद्रों में धान बेचने आने वाले किसानों की संख्या एवं धान की आवक स्टॉक की जानकारी ली। उन्होंने समिति प्रबंधक को निर्देशित किया कि मॉइश्चर मीटर से धान की नमी जांच के पश्चात ही धान की खरीदी की जाए। उन्होंने धान खरीदी केंद्रों में किसानों की सुविधा हेतु स्थल की साफ सफाई, पेयजल, किसानों के बैठने हेतु छायादार स्थान, त्रुटिरहित धान खरीदी हेतु इलेक्ट्रॉनिक कांटा के सत्यापन आदि का जायजा लिया। साथ ही उपार्जन केंद्रों में कैप कवर, समिति में उपलब्ध बारदाने, कम्प्यूटर सेट, प्रिंटर, इंटरनेट सुविधा सहित अन्य व्यवस्थाएं का भी अवलोकन किया। कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्र कोड़पाली में पहुंच कर नए पुराने बारदाना सत्यापन, व्यवस्था, प्रबंधक से क्षेत्र में लगाए गए धान किस्म एवं वर्तमान कटाई की स्थिति की जानकारी लेते हुए, धान की आवक की जानकारी ली। उन्होंने समिति प्रबंधक से पर्याप्त बारदानों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

साथ ही सुरक्षा हेतु फेसिंग के साथ ही किसानों के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान टोकन पंजी, रकबा समर्पण पंजी बनाने एवं उनमें इंद्राज के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों से चर्चा करते हुए कहा कि इस बार किसान स्वयं टोकन कटवा सकते है। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने निरीक्षण के दौरान धान खरीदी केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे से निगरानी के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी नोडल अधिकारियों को धान खरीदी केन्द्र में उपस्थित रहकर धान खरीदी के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को धान खरीदी कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दी। उन्होंने धान खरीदी केंद्रों में धान खरीदी की सतत निगरानी रखने तथा अवैध धान की खरीदी पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

**पहले दिन दो केंद्रों में 328 क्विंटल हुई खरीदी**-पहले दिन पूजा अर्चना कर धान खरीदी को विधिवत शुरुआत हुई। जिले के दो उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी की बोहनी हुई। इसमें लैलूंगा के लिबरा में दो किसानों से 276 क्विंटल और धरमजयगढ़ के कापू में एक किसान से 52.40 क्विंटल धान की खरीदी हुई। इस दौरान यहां जनप्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों के साथ वहां के किसान भी मौजूद रहे।

# सहकारी समिति कार्यालय सह गोदाम का लोकार्पण समारोह संपन्न

**सरायपाली।** प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति रोहिना में धान खरीदी का शुभारंभ एवं कार्यालय सह गोदाम भवन का लोकार्पण समारोह महासमुंद लोकसभा सांसद रूप कुमारी चौधरी के मुख्य अतिथ्य में, राज्य महिला आयोग सदस्य एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष सरला कोसरिया की अध्यक्षता में तथा जिला भाजपा अध्यक्ष संजय शर्मा, भंवरपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष विद्याचरण चौधरी, ग्राम पंचायत रोहिना सरपंच जज्ञसिनी चूड़ामणि साहू, भंवरपुर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा प्रबंधक एवं प्राधिकृत अधिकारी छालो विशाल सागरपाली सरपंच प्रतिनिधि लालचंद अग्रवाल, पूर्व सरपंच श्यामसुंदर चौधरी, कन्हैया लाल पटेल, भंवरपुर मंडल महामंत्री उत्तर निषाद, कृष्ण कुमार नायक, बनीत सिदार आदि की विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। अतिथियों ने पूजा अर्चना कर धान खरीदी का शुभारंभ किया गया तत्पश्चात कार्यालय भवन का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर किसानों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार के प्रति किसानों की आस्था और विश्वास बड़ी है। यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनने के बाद छत्तीसगढ़ का तेजी से विकास हो रहा है। हमारे लिए गौरव का विषय है कि देश को एक यशस्वी प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी मिला है जिसके नेतृत्व में देश का तेजी से विकास हो रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता अटल बिहारी वाजपेई का स्मरण करते हुए उन्होंने बताया कि उनके द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत गांव तक पक्की सड़क बनाकर गावों तक पक्की सड़क की सुविधा मिली।

**कब्जा सूचना (अचल संपत्ति के लिए) नियम 8-(1)**

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता ने आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लि. के रूप में अभिज्ञात) (आईआईएफएल-एचएफएल) के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोगांतर्गत, कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा यहां इसमें निम्न वर्णित उधारकर्ताओं / सह-उधारकर्ताओं को उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिवसों के अंदर सूचना में सांकित राशि के प्रतिभुगतान हेतु एक मांग सूचना निर्गत की गई थी। ऋणकर्ता निर्धारित बकाया राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल हो चुके हैं, अतएव एतद्द्वारा उधारकर्ता को तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने यहां इसमें के निम्न विवरणित संपत्ति का उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत उनको प्रदत्त शक्तियों के प्रयोगांतर्गत अधिग्रहण कर लिया है। उधारकर्ता को विशेष रूप में तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा सामान्य रूप में सावधान किया जाता है कि संपत्ति का लेन-देन न करें तथा संपत्ति का कोई व किसी भी प्रकार का लेन-देन, यहां इसमें निम्न अंकितानुसार एक राशि तथा इस राशि पर ब्याज हेतु आईआईएफएल एचएफएल के प्रभाराधीन होगा।
उधारकर्ता का ध्यानकर्षण उस स्थिति में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आमंत्रित किया जाता है, यदि उधारकर्ता विक्रय अथवा हस्तांतरण हेतु निर्धारित तिथि से पूर्व, किसी भी समय समस्त लागतों, प्रभारों एवं उपगत व्ययों के साथ आईआईएफएल-एचएफएल को देय धनराशियों का पूर्ण भुगतान कर देता है, तो ऐसी स्थिति में "आईआईएफएल-एचएफएल" द्वारा प्रतिभूत परिसम्पत्तियों का विक्रय अथवा हस्तांतरण नहीं किया जाएगा और "आईआईएफएल-एचएफएल" द्वारा प्रतिभूत परिसम्पत्तियों के हस्तांतरण व विक्रयार्थ कोई भावी कदम नहीं उठाया जाएगा।

| कर्जदार/सह-कर्जदार का नाम | सुरक्षित संपत्ति का विवरण (अचल संपत्ति) | कुल बकाया देयराशि (रु) | मांग सूचना की तिथि | कब्जा की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री दीपक गौर, श्रीमती नज़मा हसन (प्रोस्पेक्ट नं. IL10210762) | संपत्ति के सभी अंश और हिस्से : प्लॉट नंबर बी-05, खसरा नंबर 2252/1, ए.के.एस. स्मार्ट सिटी, पाहंदा, पाटन, दुर्ग, छत्तीसगढ़, 490042. क्षेत्रफल माप (वर्ग फीट में): संपत्ति का प्रकार: भूमि_क्षेत्रफल, विक्रय योग्य_क्षेत्रफल संपत्ति क्षेत्र: 1138.00, 1138.00 | रू. 1055430.00/- (रूपये दस लाख पचपन हजार चार सौ तीस मात्र) | 12-जून 2024 | 12-नवम्बर 2024 |

अधिक जानकारी के लिए कृपया शाखा कार्यालय में प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क करें पहली मंजिल, लाल गंगा सिटी मार्ट, बंजारी चौक, होटल अमित रीजेंसी के सामने, रायपुर, सी. जी 492001/ या कॉरपोरेट कार्यालय: प्लॉट नंबर 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा
स्थान : रायपुर दिनांक : 16.11.2024 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, आईआईएफएल होम फाईनेंस लिमिटेड के लिए

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, बस्तर मण्डल, जगदलपुर (छ.ग.)**

**// ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना //**

https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है:-

**निविदा डाऊनलोड करने की अंतिम तिथि :- 26/11/2024**

| स. | नि.आ.सू.क्र./ नि.आ.सू. दिनांक | सिस्टम निविदा क्रमांक निविदा का क्रम | कार्य का नाम | कार्य की अनुमति लागत (रूपये लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 |
| 1 | 63/2024-25 दिनांक 11/11/2024 | 161048 (प्रथम आमंत्रण) | उपसंभाग दन्तेवाड़ा अन्तर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का रंगाई-पोताई कार्य। | 80.00 |
| 2 | 64/2024-25 दिनांक 11/11/2024 | 161050 (प्रथम आमंत्रण) | उपसंभाग बचेली अन्तर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का रंगाई-पोताई कार्य। | 84.00 |
| 3 | 65/2024-25 दिनांक 11/11/2024 | 161051 (प्रथम आमंत्रण) | उपसंभाग गीदम अन्तर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का रंगाई-पोताई कार्य। | 40.00 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते हैं।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
बस्तर मंडल जगदलपुर

G-242503788/4

# कमिश्नर ने मठ पारा में सुलभ शौचालय की सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण

## सफाई व्यवस्था संतोषजनक न मिलने पर जताई नाराजगी, दोनो ठेका निरस्त करने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com





नगर पालिक निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने नगर निगम वार्ड नम्बर 3 के क्षेत्र के तहत मठ पारा सुलभ शौचालय की सफाई व्यवस्था का प्रत्यक्ष अवलोकन पार्षद नरेंद्र बंजारे,स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा की उपस्थिति में किया।कमिश्नर ने सुलभ शौचालय की सफाई व्यवस्था पर संतोष व्यक्त न करते हुए शौचालय को निरस्त करने के लिए मौजूद स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया। कमिश्नर ने इसी प्रकार शहर क्षेत्र अंतर्गत सभी सुलभ शौचालय में सफाई एवं पेयजल व्यवस्था सुचारु बनाये रखा जाना सतत मॉनिटरिंग कर सभी सुलभ शौचालयों में सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए है, ताकि आमजनों को जीवन में स्वस्थ परिवेश स्वच्छ वातावरण के मध्य निरन्तर प्राप्त हो सके।कमिश्नर ने पर सफाई अभियान का निरीक्षण निगम अधिकारियों के संग किया गया। कमिश्नर ने सुबह निरीक्षण के दौरान वार्ड नंबर 3 मठ पारा कब्बडी मैदान एवं टप्पा तालाब के करीब दोनो सुलभ शौचालय ठेका को निरस्त करने के निर्देश दिए। साथ ही टप्पा तालाब की नियमित सफाई करने की बात कही।निरीक्षण के दौरान चंडी मंदिर के पास का अतिक्रमण को व्यवस्थित करने के लिए निर्देश दिए।इस दौरान कमिश्नर सुमित अग्रवाल द्वारा आम नागरिक से अपील कर कहा कि डोर टू डोर कचरा एकत्रित करने वाली स्वच्छता दीदियों को दे। कचरा सुबह निगम की गाड़ी को घर व दुकानों का कचरा दे,कचरा बाहर सड़क एवं नालियों में न फेंके। इसके बाद कमिश्नर द्वारा किराना दुकान पहुँचे, जहाँ उन्होंने किराना दुकान के संचालक से गुमास्ता लाइसेंस मंगाकर गुमास्ता चेक किया गया।उन्होंने दुकानदार से कहा दुकान के आस पास स्वच्छ रखें गंदगी न फैलाये।

**आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड**
(CIN: L65922RJ2011PLC034297) पंजीकृत एवं निगमित कार्या.: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020

Aavas FINANCIERS LTD
SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA

**निविदा सूचना**

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के शर्त व नियम 8 (6) के अन्तर्गत अचल सम्पत्ति की नीलामी विक्रय सूचना
आमजन तथा एवं व्यक्ति विशेष देनदारों तथा जमानती को सूचित किया जाता है कि निम्न उल्लेखित प्रत्याभूत ऋणदाता की गिरवी / प्रभारित अचल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया था, प्रत्याभूत ऋणदाता "जैसे है जहाँ है" जो भी और जैसा भी है के आधार पर विक्रय करने जा रहे हैं। प्रकरणों का विशेष विवरण इस प्रकार हैं-

| ऋणी/सह-ऋणी/जमानती/ बंधककर्ता का नाम | बकाया राशि दिनांक | 13(2) डिमांड नोटिस की राशि व दिनांक | कब्जे की दिनांक | संपत्ति का विवरण (प्रतिभूति आस्ति) | संपत्ति का आरक्षित मूल्य | संपत्ति की धरोहर राशि | निविदा खोले जाने की तिथि व समय | निविदा खोलने, जमा कराने व नीलामी का स्थान आवास फाईनेन्सियर्स लि. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **अभीशेक बेंच्चोर,** हेमा वी बेंच्चोर जमानतदार : तिकेश कुमार बेंच्चोर **खाता सं. :** LNRAI00720-210153036 व LNRAI09522-230226264 | ₹ 14,54,041.00/- व ₹ 10,52,377.00/- बकाया दिनांक 08 नवम्बर 2024 | 9 जनवरी 2024 ₹ 1272141/- व ₹ 913066/- बकाया दिनांक 8 जनवरी 2024 | 17 अक्टूबर 2024 | सम्पत्ति केएच. नं. 411/44 का भाग स्थित मौजा तेमारी, पीएच. नं. 115/54, आर.एन.एम. रायपुर-1, तहसील व जिला रायपुर छत्तीसगढ़ 492001 **क्षेत्रफल एरिया - 800 वर्ग फीट (0.0280 हेक्ट.)** | ₹ 2416000/- | ₹ 241600/- | प्रात:11 बजे से दोपहर 1 बजे तक दिनांक 23 दिसम्बर 2024 | शॉप नं. 89 व 104 से 109, 1 फ्लोर, डी.एम. टावर, रावाभाटा, बिलासपुर रोड़, रायपुर-492331, छत्तीसगढ़ - भारत |

**निविदा की शर्तें :** 1. निविदा में सहभागिता करने हेतु इच्छुक खरीददार अपनी निविदा शाखा में उपलब्ध निविदा प्रपत्र जो कार्य दिवस के समय शाखा से प्राप्त किये जा सकते हैं, में अपने द्वारा निवेदित मूल्य लिखकर सीलबंद लिफाफे में जिसके ऊपर "टेण्डर ऑफर सम्पत्ति का विवरण" लिखा हो के साथ उपरोक्त वर्णित धरोहर राशि के चैक/बैंकर्स चैक/माँग ड्राफ्ट जो कि प्राधिकृत अधिकारी, आवास फाईनेंसियर्स लिमिटेड के पक्ष में जयपुर में देय हो, नीलामी से पहले कार्य दिवस के दौरान आवास फाईनेंसियर्स लिमिटेड के उपरोक्त पते पर जमा करा कर निविदा में भाग ले सकते हैं।प्राप्त निविदाएं आवास फाईनेंसियर्स लिमिटेड के उपरोक्त पते पर उपस्थित निविदाकर्ताओं के समक्ष खोली जावेगी।इसके पश्चात निविदाकर्ताओं के बीच खुली बोली लगवाने का विकल्प प्राधिकृत अधिकारी के पास सुरक्षित है।यदि बोली सफल नहीं होती है तो असफल निविदाकर्ताओं को उसी दिन धरोहर राशि लौटा दी जायेगी। 2. सफल निविदाकर्ता को 25 प्रतिशत राशि (धरोहर राशि सहित) प्राधिकृत अधिकारी के द्वारा सफल निविदाकर्ता के नाम की उद्घोषणा करने के तुरन्त पश्चात, जमा करवाना होगा तथा शेष राशि विक्रय की पुष्टि के दिन से 30 दिन के अन्दर जमा कराना आवश्यक है, अन्यथा जमा राशि बिना सूचना बैंक में जब्त समझी जायेगी। 3. प्राधिकृत अधिकारी को बिना कोई कारण बताये बोली स्वीकार अथवा अस्वीकार करने या निविदा स्थगित करने का पूर्ण अधिकार है।निविदा जमा कराने व निविदा खोलने वाली दिनांक को राजकीय अवकाश होने की स्थिति में निविदा अगले कार्य दिवस वाले दिन होगी। 4. सम्पत्ति के निरीक्षण हेतु सम्पत्ति अथवा निविदा से संबंधित जानकारी हेतु इच्छुक निविदाकर्ता, आवास फाईनेंसियर्स लिमिटेड 201-202, दूसरी मंजिल, साउथ एण्ड स्क्वायर, मानसरोवर इण्डस्ट्रियल एरिया, जयपुर-302020 **मनोज कुमार - 8130291423 नोट:-** यह सूचना पत्र ऋणी/जमानती/बंधककर्ताके लिए भी नियम 9 (1)/8(6) के अधीन 15/30 दिवस का सूचना पत्र माना जायेगा कि यदि बैंक को देय राशि की अदायगी उनके द्वारा नहीं की जाती है तो उक्त संपत्ति निविदा द्वारा उपरोक्त दिनांक पर ही विक्रय की जाएगी।

**स्थान : जयपुर** **दिनांक: 16.11.2024** **प्राधिकृत अधिकारी आवास फाईनेंसियर्स लिमिटेड**

## संपादकीय

### झारखंड चुनाव पक्ष-विपक्ष के लिए अहम

**झारखंड** विधानसभा चुनाव 13 नवंबर को पहले चरण के मतदान के साथ शुरू हुए, जिसमें 15 जिलों की 43 सीटों पर वोटिंग हुई। यह चुनाव राज्य के राजनीतिक परिदृश्य में एक निर्णायक क्षण है, जहां दो प्रमुख गठबंधन- भाजपा और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) और कांग्रेस के नेतृत्व वाला इंडिया ब्लॉक- विधानसभा पर नियंत्रण के लिए भीषण लड़ाई में उलझे हुए हैं। हाई-प्रोफाइल उम्मीदवारों, दबाव वाले मुद्दों और आदिवासी निर्वाचन क्षेत्रों पर ध्यान देने के साथ, दोनों खेमों के लिए दांव अविश्वसनीय रूप से ऊंचे हैं। 2000 में बिहार से अलग होकर बने झारखंड में विभिन्न राजनीतिक दलों के लिए युद्ध का मैदान रहा है, जिसमें भाजपा ऐतिहासिक रूप से राज्य पर हावी रही है। हालांकि, 2019 के पिछले विधानसभा चुनावों में, भाजपा ने सत्ता खो दी, कुल 81 में से केवल 25 सीटें हासिल करने में सफल रही। झामुमो सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी, जिसने 30 सीटें जीतीं और बाद में कांग्रेस के साथ गठबंधन सरकार बनाई, जिसने 16 सीटें जीतीं इस गठबंधन ने जेएमएम के हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बिठाया, जहां वे पिछले पांच सालों से सेवा दे रहे हैं। हालांकि, हेमंत सोरेन के कार्यकाल में उथल-पुथल रही है, जिसमें भ्रष्टाचार के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा उनकी गिरफ्तारी के बाद पद से कुछ समय के लिए हटाया जाना भी शामिल है। इन



असफलताओं के बावजूद, सोरेन फिर से चुनाव के लिए भारतीय ब्लॉक की बोली का नेतृत्व करने के लिए एक नए अभियान के साथ राजनीतिक मंच पर लौट आए हैं।

चुनाव अभियान ने कई विवादास्पद मुद्दों को उजागर किया है। सबसे अधिक ध्रुवीकरण करने वाले विषयों में से एक बांग्लादेशी घुसपैठ रहा है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, जो झारखंड में भाजपा के अभियान का नेतृत्व कर रहे हैं, ने हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाले प्रशासन पर राजनीतिक लाभ के लिए बांग्लादेश से अवैध प्रवासन की सुविधा देने का आरोप लगाया है। जवाब में, सोरेन ने भाजपा पर कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व के समर्थन से राज्य में सांप्रदायिक कलह बोने का आरोप लगाया है। उनके जवाबी अभियान ने भाजपा की कथित विभाजनकारी राजनीति पर जोर देने और झारखंड के सांप्रदायिक सद्भाव और आदिवासी अधिकारों की रक्षा के लिए झामुमो के नेतृत्व वाले इंडिया ब्लॉक को स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित किया है। पहले चरण में प्रमुख राजनीतिक हस्तियों के साथ कई उच्च-दांव प्रतियोगिताएं हैं। इनमें से सरायकेला सीट है, जहां झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, जो हाल ही में चार दशकों के बाद झामुमो छोड़कर भाजपा में शामिल हुए हैं, चुनाव लड़ेंगे। जमशेदपुर पूर्व में कांग्रेस के अजय कुमार का मुकाबला भाजपा की पूर्णिमा दास साहू से है। जमशेदपुर पश्चिम में कांग्रेस के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता का मुकाबला जद (यू) नेता सरयू रॉय से है, जिन्होंने 2019 में रघुबर दास को हराने के बाद प्रसिद्धि पाई थी, जब दास मुख्यमंत्री थे। भाजपा के लिए, झारखंड में नियंत्रण हासिल करना पूर्वी भारत में सत्ता को मजबूत करने की उनकी बड़ी राष्ट्रीय रणनीति में महत्वपूर्ण है, खासकर राज्य में उनके ऐतिहासिक प्रभुत्व को देखते हुए। अंततः, जमीनी स्तर पर मतदाताओं की भावना और जनजातीय निर्वाचन क्षेत्रों का प्रभाव ही झारखंड चुनावों में निर्णायक भूमिका निभाने की संभावना है।

# कर सरलीकरण की अनिवार्यता

कर व्यवस्था में स्पष्टता, दक्षता और निष्पक्षता लाने के लिए संरचनात्मक सुधार, कर दरों को सुव्यवस्थित करने और डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देने की तत्काल आवश्यकता है।



**सुभाष चंद्र अग्रवाल**
(लेखक, आरटीआई कंसल्टेंट हैं)




भारतीय कर प्रणाली बेहद जटिल और पुरानी है, जिसकी जड़ छह दशक पुराने आयकर अधिनियम 1961 में है, जिसमें कई संशोधन हुए हैं। इन लगातार, टुकड़ों में किए गए समायोजनों ने एक जटिल कर संरचना बनाई है, जिससे करदाता और प्रशासक दोनों ही स्पष्टता की कमी से जूझ रहे हैं। इसी तरह, अप्रत्यक्ष करों को सुव्यवस्थित करने के लिए एक ऐतिहासिक सुधार के रूप में 2017 में शुरू की गई वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) प्रणाली में भी कई तरह के भ्रामक प्रावधान और कई कर दरें हैं, जिससे व्यवसायों के लिए अनुपालन चुनौतीपूर्ण और महंगा हो गया है। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर व्यवस्थाओं में संशोधनों और पैचवर्क सुधारों की यह परत कर संरचना को सरल बनाने वाले व्यापक सुधार की आवश्यकता को उजागर करती है।

एक एकीकृत, सुव्यवस्थित कर व्यवस्था शुरू की जानी चाहिए, जिसमें दुरुपयोग की संभावना वाले अनगिनत छूटों को कम किया जाना चाहिए। वैश्विक मानदंडों के अनुरूप उच्चतम आयकर दर को 30 प्रतिशत पर सीमित करने के लिए राजा चेलिया समिति की सिफारिशों को लागू करना-पहले काले धन के लेन-देन को कम करने में सफल रहा था। हालांकि, अतिरिक्त अधिभार और उपकर के फिर से लागू होने से यह लाभ काफी हद तक खत्म हो गया है। उच्चतम कर स्लैब पर 30 प्रतिशत की सीमा को बहाल करने से अधिक व्यक्तियों को अपनी आय सही ढंग से रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे कर चोरी से बचा जा सकेगा। एक वैकल्पिक समाधान एक स्थायी स्वैच्छिक प्रकटीकरण योजना (वीडीएस) स्थापित करना हो सकता है।

ऐसी प्रणाली अनौपचारिक लेन-देन, विशेष रूप से रियल एस्टेट जैसे उच्च मूल्य वाले क्षेत्रों में, आधिकारिक अर्थव्यवस्था में लाएगी, यदि संपत्ति पंजीकरण शुल्क में लगभग 3 प्रतिशत की कमी की जाए। पारदर्शिता को बढ़ावा देने और कर चोरी को हतोत्साहित करने के लिए, इस योजना के तहत आय का खुलासा करने वाले करदाताओं के नाम सरकारी वेबसाइट पर सार्वजनिक किए जा सकते हैं। आयकर छूट को तर्कसंगत बनाने से कर परिदृश्य को सरल बनाने में भी मदद मिलेगी।

आधारभूत छूट सीमा 5 लाख रुपये निर्धारित की जानी चाहिए, धर्मार्थ दान, राजनीतिक योगदान और यहां तक कि कृषि आय के लिए छूट को हटा दिया जाना चाहिए, जिसका अक्सर उच्च-निवल-मूल्य वाले व्यक्ति और मशहूर हस्तियां कृषि लाभ की आड़ में बेहिसाब आय को चैनल करने के लिए शोषण करते हैं। किसान आमतौर पर सालाना 5 लाख रुपये से अधिक नहीं कमाते हैं, इसलिए इस सीमा पर आधारित सीमा दुरुपयोग को कम कर सकती है।

5-10 लाख रुपये की आय पर 10 प्रतिशत और 10-15 लाख रुपये की आय पर 20 प्रतिशत कर लगाया जा सकता है, जबकि 15 लाख रुपये से अधिक की आय पर 30 प्रतिशत की दर लागू होगी। इसके अतिरिक्त, वित्तीय वर्ष को अप्रैल-मार्च से कैलेंडर वर्ष में बदलने के लिए एलके झा समिति की सिफारिश को अपनाने से भारत की कार्यप्रणाली अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हो जाएगी, जिससे कर प्रणाली और अधिक सुव्यवस्थित हो जाएगी।

कर प्रणाली में एक स्पष्ट अक्षमता नकद लेनदेन पर निर्भरता है, विशेष रूप से छोटी राशियों के लिए। 10,000 रुपये से अधिक के सभी लेनदेन बैंकों के माध्यम से किए जाने चाहिए। इसे प्रोत्साहित करने के लिए, क्रेडिट कार्ड भुगतान पर लेनदेन शुल्क को घटाकर 0.5 प्रतिशत किया जाना चाहिए - जीएसटी से मुक्त - और केंद्र सरकार द्वारा अवशोषित किया जाना चाहिए, जो क्रेडिट कार्ड खरीद के लिए प्रोत्साहन भी बंद कर देगा। यह कम शुल्क क्रेडिट कार्ड के उपयोग को काफी बढ़ाएगा और इस प्रकार औपचारिक अर्थव्यवस्था में अधिक लेनदेन लाएगा। वर्तमान में, उच्च 2 प्रतिशत लेनदेन शुल्क अक्सर व्यापारियों को कार्ड का उपयोग करने से रोकता है, खासकर कम लाभ मार्जिन वाले क्षेत्रों में, जिससे ग्राहकों के लिए अतिरिक्त शुल्क होता है।

क्रेडिट कार्ड के इस्तेमाल में वृद्धि से पर्याप्त कर राजस्व प्राप्त होगा और कम लेनदेन शुल्क के बावजूद कार्ड जारी करने वाले बैंकों की आय में वृद्धि होगी। सुचारू भुगतान की सुविधा के लिए, प्रत्येक जीएसटी-पंजीकृत डीलर को कम से कम दो कार्ड-स्वाइपिंग मशीनें रखनी चाहिए और कार्ड स्वीकार करने से इनकार करने वालों को सख्त दंड का सामना करना चाहिए।

एक और महत्वपूर्ण चिंता जीएसटी व्यवस्था में इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) तंत्र है, जो कर चोरी का एक बड़ा केंद्र बन गया है, खासकर विनिर्माण क्षेत्र में। बिना बिके जीएसटी चालान अक्सर आईटीसी चाहने वाले निर्माताओं द्वारा खरीदे जाते हैं, जिन्हें फिर विक्रेताओं से नकद वापस मिलता है। इस प्रथा ने प्रचलन में मुद्रा की समस्या को और बढ़ा दिया है जिसे विमुद्रीकरण ने संबोधित करने का प्रयास किया था। दुरुपयोग को रोकने के लिए, सभी आईटीसी दावों के लिए एक वार्षिक फोरेंसिक ऑडिट अनिवार्य किया जा सकता है। एक और बेहतर समाधान 18 प्रतिशत जीएसटी स्लैब को खत्म करना और आईटीसी पात्रता को व्यापार योग्य वस्तुओं जैसे विशिष्ट क्षेत्रों तक सीमित करना हो सकता है, जो निर्माताओं के लिए जीएसटी अनुपालन को सुव्यवस्थित करेगा और कर चोरी को कम करेगा।

6 प्रतिशत, 12 प्रतिशत और 30 प्रतिशत के तीन कर स्लैब वाला सरलीकृत जीएसटी ढांचा कई दरों वाली मौजूदा प्रणाली की तुलना में कहीं अधिक प्रबंधनीय होगा। भारत ऐसे कुछ देशों में से एक है, जहां जीएसटी प्रणाली इतनी खंडित है, जो अक्सर व्यवसायों के लिए भ्रमित करने वाली होती है। समय के साथ, 6 प्रतिशत और 12 प्रतिशत स्लैब को एक ही 10 प्रतिशत दर में समेकित किया जा सकता है।

कृषि उत्पाद, मछली और सूती धागे जैसे आवश्यक कच्चे माल, जिन्हें आगे प्रसंस्करण की आवश्यकता होती है, छूट में रह सकते हैं। कार, उपकरण और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसी उच्च मूल्य वाली वस्तुओं को 30 प्रतिशत जीएसटी ब्रैकेट के अंतर्गत आना चाहिए, जबकि इन वस्तुओं के पुर्जों पर 12 प्रतिशत कर लगाया जा सकता है। मौजूदा प्रणाली, जो समान वस्तुओं को अलग-अलग दरों के तहत वर्गीकृत करती है, जैसे क्लच प्लेट्स पर 18 प्रतिशत और क्लच बियरिंग पर 28 प्रतिशत, अनावश्यक भ्रम पैदा करती है। इसी तरह, हलवाई द्वारा बेची जाने वाली खाद्य वस्तुएँ अलग-अलग दरों के अधीन हैं, जिसमें मिठाई, बिस्कुट और स्नैक्स पर 5 प्रतिशत से 28 प्रतिशत के बीच कर लगता है। आभूषण एक और ऐसा क्षेत्र है जिसे युक्तिसंगत बनाने से लाभ मिल सकता है।

सोने के आभूषणों पर जीएसटी को दो भागों में विभाजित किया जा सकता है- एक धातु सामग्री के लिए और दूसरा बनाने के शुल्क के लिए। विलासिता की वस्तुओं पर उपकर को अतिरिक्त जीएसटी स्लैब से बदला जा सकता है, आदर्श रूप से पेट्रोलियम उत्पादों को जीएसटी व्यवस्था के तहत लाया जा सकता है ताकि देश भर में ईंधन की कीमतों को मानकीकृत किया जा सके। आगे के सुधारों को सरकारी लेन-देन, डाक सेवाओं और विदेशी मेल शुल्कों पर जीएसटी लागू करने में विसंगतियों को दूर करना चाहिए।

सरकारी भुगतानों के लिए जीएसटी लगाना विरोधाभासी है, क्योंकि इससे अनावश्यक लेखांकन जटिलताएं पैदा होती हैं, जिससे सरकारी विभागों के बीच धन का हस्तांतरण होता है। इसी तरह, घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों तरह की डाक दरों के लिए लगातार वृद्धि के साथ अधिक तार्किक मूल्य निर्धारण संरचना की आवश्यकता होती है।

# जलवायु व टिकाऊ विकास के क्षेत्र में साझीदारी

> यह साझेदारी नेट-जीरो संक्रमण, ग्रीन फाइनेंस और जलवायु अनुकूलन में सार्थक योगदान देने के लिए तैयार है, जो एक लचीले भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगी।

**बाउशुआन गेर**
(लेखक, भारत में ताइवान के प्रतिनिधि हैं)



जैसे जलवायु परिवर्तन हमारी दुनिया को नया आकार दे रहा है, ताइवान और भारत, कई अन्य देशों की तरह, खुद को इसके साथ आने वाली गहन चुनौतियों से जूझते हुए पाते हैं। इंडो-पैसिफिक में प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के रूप में, ताइवान और भारत न केवल अपने पर्यावरण कल्याण की जिम्मेदारी लेते हैं, बल्कि वैश्विक जलवायु संकट को संबोधित करने के लिए प्रतिबद्धता भी साझा करते हैं।

जलवायु परिवर्तन पर हमारा सहयोग अपार संभावनाएं रखता है, क्योंकि ताइवान और भारत हरित विकास, नवाचार और सतत विकास के साझा दृष्टिकोण का अनुसरण करते हैं। हाल के वर्षों में, ताइवान ने जलवायु परिवर्तन के गंभीर प्रभावों का सामना किया है, जिसमें एक सदी में सबसे खराब सूखा, अभूतपूर्व वर्षा और शक्तिशाली तूफान शामिल हैं। राष्ट्रपति लाई चिंग-ते के नेतृत्व में, ताइवान ने 2050 तक नेट-जीरो उत्सर्जन प्राप्त करने के लिए एक व्यापक रणनीति की रूपरेखा तैयार की है।

इस दृष्टिकोण में दूसरे ऊर्जा संक्रमण को आगे बढ़ाना, भूतापीय, हाइड्रोजन, बायोमास, सौर और महासागर ऊर्जा के विकास में तेजी लाना, उद्योगों के दोहरे डिजिटल और हरित परिवर्तन को बढ़ावा देना और संधारणीय जीवन शैली को बढ़ावा देना शामिल है। ताइवान की नेट-जीरो यात्रा निष्पक्षता को प्राथमिकता देती है, यह सुनिश्चित करती है कि प्रत्येक व्यक्ति इस परिवर्तनकारी प्रक्रिया से लाभान्वित हो। जून में, ताइवान ने राष्ट्रपति कार्यालय के तहत राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन समिति की स्थापना की। यह उच्च-स्तरीय पहल नीति पारदर्शिता और सार्वजनिक सहभागिता को मजबूत करती है, ताइवान के प्रयासों को वैश्विक जलवायु लक्ष्यों के साथ जोड़ती है।

नेट-जीरो के मार्ग, विविध कार्बन कटौती तकनीक, हरित वित्त और संधारणीय जीवन सहित सात प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने के साथ-साथ समिति घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय जलवायु कार्रवाई दोनों के लिए एक ठोस आधार प्रदान करती है। जलवायु शासन के लिए ताइवान की प्रतिबद्धता आपसी हितों के मुद्दों पर भारत के साथ नए सहयोग का अवसर प्रदान करती है। भारत ने स्वच्छ ऊर्जा में वैश्विक नेता बनने की अपनी महत्वाकांक्षा का प्रदर्शन किया है, जिसके पास अक्षय ऊर्जा विकास के लिए समृद्ध संसाधन हैं।

हरित प्रौद्योगिकी, जलवायु अनुकूलन और कम कार्बन नवाचार में विश्व नेता ताइवान, भारत की ताकतों का पूरक है, जिससे दोनों देश अपने संधारणीय विकास लक्ष्यों को गति दे सकते हैं। ताइवान ने अपने 2050 नेट-जीरो लक्ष्य को जलवायु परिवर्तन प्रतिक्रिया अधिनियम में एकीकृत कर दिया है और 2025 से कार्बन शुल्क प्रणाली लागू करेगा। लगभग 10 अमेरिकी डॉलर प्रति टन कार्बन डाइऑक्साइड समतुल्य (ह्लष्टह्र2द्ग) का यह प्रारंभिक कार्बन शुल्क धीरे-धीरे बढ़ेगा, जो 2030 तक 40 से 60 अमेरिकी डॉलर प्रति ह्लष्टह्र2द्ग के अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप होगा। इसके अतिरिक्त, ताइवान अगले चार वर्षों के भीतर उत्सर्जन व्यापार प्रणाली शुरू करने की योजना बना रहा है, जिससे वैश्विक कार्बन बाजार में उसकी भूमिका बढ़ेगी।

यह ढांचा कार्बन बाजारों, नीति विनिमय और प्रौद्योगिकी साझाकरण में सहयोग के लिए एक मजबूत मंच प्रस्तुत करता है। ताइवान हरित उद्योगों के विकास को बढ़ावा देने के लिए तीन प्रमुख फंड लॉन्च कर रहा है, जिसमें घरेलू स्तर पर उभरते नेट-जीरो उद्योगों का समर्थन करने के लिए ह्ल10 बिलियन ग्रीन ग्रोथ फंड शामिल है। इसके अतिरिक्त, ऊर्जा-बचत, परिपत्र अर्थव्यवस्था और नेट-जीरो क्षेत्रों में दीर्घकालिक निवेश को बीमा और वित्त क्षेत्रों द्वारा समर्थित ग्रीन फाइनेंस इनोवेशन फंड द्वारा समर्थित किया जाएगा।

ताइवान नेट-जीरो फंड उन्नत कार्बन न्यूनीकरण प्रौद्योगिकियों में निवेश करने के लिए उच्च-उत्सर्जन उद्योगों, उद्यम पूंजी और वित्तीय संस्थानों के साथ सहयोग करेगा। ये पहल पेरिस समझौते के अनुच्छेद 9 के अनुरूप हैं, जिसमें वैश्विक जलवायु क्रियाओं का समर्थन करने के लिए विभिन्न स्रोतों से जलवायु वित्त जुटाने का आह्वान किया गया है। ताइवान के प्रयास अधिक हरित निवेश को आकर्षित करेंगे, अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा को मजबूत करेंगे और भारत के साथ अपनी जलवायु साझेदारी को गहरा करेंगे। जलवायु अनुकूलन के क्षेत्र में, ताइवान ने मई में अपनी नवीनतम राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन विज्ञान रिपोर्ट जारी की। यह रिपोर्ट स्थानीय सरकारों को प्रभावी अल्पकालिक और मध्यम अवधि के अनुकूलन उपायों की योजना बनाने, शहरी लचीलापन बढ़ाने में सहायता करने के लिए आवश्यक वैज्ञानिक डेटा प्रदान करती है।

यह पूर्व चेतावनी प्रणालियों और आपदा रोकथाम तंत्रों की आवश्यकता को रेखांकित करता है जो पूर्वानुमान, प्रतिक्रिया और पुनर्प्राप्ति को एकीकृत करते हैं। ताइवान की अनुकूलन पहल पेरिस समझौते के अनुच्छेद 7 के अनुरूप हैं और हम ताइवान और भारत के लिए पूर्व चेतावनी प्रौद्योगिकियों, आपदा रोकथाम और लचीलापन-निर्माण पर सहयोग करने की बड़ी संभावना देखते हैं, जिससे दोनों देशों की जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के अनुकूल होने की क्षमता मजबूत होगी।

ताइवान और भारत जलवायु कार्रवाई में एक स्पष्ट लक्ष्य साझा करते हैं। द्विपक्षीय सहयोग से हरित विकास को बढ़ावा मिलेगा और वैश्विक जलवायु संकट का मिलकर सामना किया जा सकेगा। जैसे-जैसे ताइवान कार्बन मूल्य निर्धारण और हरित प्रौद्योगिकियों को आगे बढ़ा रहा है, हम भारत के साथ नवीकरणीय ऊर्जा, नेट-जीरो संक्रमण और तकनीकी नवाचार में सहयोग को गहरा करने की आशा करते हैं, जिससे वैश्विक जलवायु शासन में एक साथ योगदान मिल सके।

## आप की बात

### आरक्षण में वर्गीकरण

**शीर्ष** न्यायालय द्वारा राज्य सरकारों को आरक्षण में उपवर्गीकरण के जो दिशा -निर्देश दिये थे, उसे लागू करने वाला उत्तराखंड पहला राज्य बन गया है। उपवर्गीकरण आरक्षण पर राजनीतिक दलों द्वारा बेतुके तर्क दिये जा रहे हैं। यही नहीं इन दलों द्वारा आरक्षित वर्गों के लोगों को प्रदर्शन के लिए भी उकसाया जा रहा है।यह एक घटिया राजनीति है। इसके विरोध में जो लोग खड़े हैं,वे वहीं हैं जिन्होंने आरक्षण की मलाई का सबसे अधिक मजा चखा है और चख रहे हैं। संविधान में जिन वंचितों और अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उद्धार के लिए आरक्षण का प्रवधान रखा गया था, वह उद्देश्य स्वतन्त्रता के 77 वर्ष बाद भी पूरा होता दिखाई नहीं दे रहा। उपवर्गीकरण के विरोधियों का कहना है कि इससे वर्गीय एकता को ठेस पहूंचेगी और वर्ग के अन्दर ही द्वेष की भावना पनपेगी। इस पर यह प्रश्न भी उठना स्वाभाविक है कि जब संविधान में जाति के नाम पर आरक्षण का निर्धारण किया गया था तो तब यह आशंका क्यों नहीं उठाई गई कि जातिगत आरक्षण से विभिन्न जातियों के बीच द्वेषभाव पनपने के साथ - साथ धार्मिक एकता को भी ठेस पहुंचेगी। आरक्षण यदि सुपात्र तक नहीं पहूंचा तो यह अपने उद्देश्य से भटक जाएगा अत: उपवर्गीकरण आरक्षण बहुत आवश्यक है।

**- डॉ नरेन्द्र टोंक**, मेरठ

### अतिक्रमण की समस्या

**सरकार** तब जागती है जब या तो उसे विकास की चिंता होती है या फिर आवागमन में बाधाएं आने और पब्लिक से अत्यधिक शिकायतें आने पर. उससे पहले गांव हो या नगर अथवा महानगर सभी बेरोक-टोक अतिक्रमणकारियों के अतिक्रमण से फलते-फूलते रहते हैं। और तब स्थानीय प्रशासन भी शिथिलता बरतता रहता है। समय गुजरता है बरसों बीत जाते हैं. लोगों के रहवास, गुमटियां, दुकानें तक स्थापित हो जाती हैं और वहां रहने के साथ ही रोजगार-धंधे भी जोर पकड़ लेते हैं। अगर यूं कहें कि छोटे-छोटे बाजार तक पनपकर स्थायी हो जाते हैं. अगर स्थानीय प्रशासन योजनाबद्ध तरीके से बसाहट पर ध्यान दे और विधिवत समय-समय पर उचित कार्रवाई करते रहे तो गांव हो या शहर अथवा महानगर बहुत ही व्यवस्थित और खूबसूरत तरीके से बस सकते हैं. व किसी के घर,गुमटी व दुकानें भी न तोड़ना पड़े और न ही रहवास व धंधें चौपट करना पड़े। यह माना कि शुरुआत में न तो जगह की कमी होती है और न ही आवागमन में किसी तरह की बाधाएं आती हैं. किन्तु जैसे-जैसे बसाहट फिर चाहे कच्चे-पक्के घर हो या गुमटी अथवा दुकानें अगर बढ़ने लगे तो लोकल अथॉरिटी को समय पर उचित कार्रवाई करके अतिक्रमण हटाने और स्थायी पट्टे देने की विधिसम्मत व उचित व्यवस्था करनी चाहिए।

**- शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### अदालत के झटके

**उत्तर** प्रदेश सरकार एवं केंद्र सरकार को, अदालतों ने, एक नहीं बल्कि दो बड़े झटके दिए है। पहला झटका था बुलडोज़र पर ब्रेक लगाना। दूसरा था दिल्ली उच्चन्यायालय द्वारा अमेरिका में रहने वाले एक प्रोफेसर के ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया कार्ड को रद्द करने के केंद्र के आदेश को खारिज कर दिया। उन पर भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाया गया था ।मगर न्यायालय ने कहा कि नोटिस में इन दावों का समर्थन करने वाले विवरण या सबूतों का अभाव है। बफेलो विश्वविद्यालय में जैकब स्कूल ऑफ मेडिसिन एंड बायोमेडिकल साइंसेज में चिकित्सा के क्लिनिकल प्रोफेसर के रूप में कार्यरत, 80 वर्षीय श्री खालिद जहांगीर काजी 1970 के दशक में भारत से अमेरिका चले गए थे और अपने परिवार के साथ वहीं रह रहे हैं। उन्होंने अपने ऊपर लगाए गए दो प्रतिबंधात्मक उपायों की वैधता को चुनौती दी थी पहला नागरिकता अधिनियम के तहत उनका ओसीआई कार्ड रद्द करने का आदेश और दूसरा विदेश अधिनियम के तहत गृह मंत्रालय द्वारा जारी ब्लैकलिस्टिंग आदेश, जिसमें उनके भारत में प्रवेश पर रोक लगाई गई थी। व्यक्तिगत अधिकारों और राष्ट्रीय सुरक्षा के बीच संतुलन बनाते हुए, न्यायालय ने कहा कि श्री काजी को देश में प्रवेश की अनुमति देने से पहले, अधिकारियों को एक नया नोटिस जारी करने का निर्देश दिया जाता है।

**- जंगबहादुर सिंह**, जमशेदपुर

### बुलडोजर पर फैसला

**सुप्रीम** कोर्ट द्वारा बुधवार को बुलडोजर-कार्रवाई की सीमा तय करना एक दूरदर्शी फैसला माना जाएगा। अदालत ने साफ कर दिया हैकि किसी संपत्ति को सिर्फ इसलिए नहीं तोड़ा जा सकता, क्योंकि उस संपत्ति का मुखिया कथित आरोपी है। साथ ही, अदालत ने बिंदुवार दिशा-निर्देश जारी करके ऐसे मामलों की सांविधानिक स्थिति भी साफ कर दी है। दरअसल, पिछले कुछ महीनों से कई राज्य सरकारों पर ये आरोप लग रहे थे कि ऐसी कार्रवाइयों में पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है, जिससे न्याय की मूल अवधारणा खंडित हो रही है। हालांकि, खबर यह भी है कि इन कार्रवाइयों का नुकसान अल्पसंख्यकों की तुलना में बहुसंख्यक समुदाय को ज्यादा हुआ है। अपराधशास्त्र का एक महत्वपूर्ण और स्थापित सिद्धांत है कि जिसने अपराध किया है, सजा उसी को दी जाए। लिहाजा अतिक्रमणकरियों को ही जेल मिलनी चाहिए। यदि पूरी जांच के बाद जमीन अतिक्रमित साबित हो, तो उस पर बुलडोजर चलाने से ऐतराज नहीं होना चाहिए। इसमें शायद ही न्याय के सिद्धांत की अवहेलना होगी।

**- गोपाल सोनी**, मनावर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# निकायों में टेंडर प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरोप गम्भीर मामला, कुछ लोग सरकार की छवि खराब करने का काम कर रहे : बलराम गुप्ता

पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com







भाजपा नेता व पूर्व मंडल अध्यक्ष डौंडीलोहारा बलराम गुप्ता ने जिले के निकायों में टेंडर में गड़बड़ी की शिकायतों को लेकर कहा की प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री व नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव प्रदेश के शहर व नगरों के विकास के लिए करोड़ो रूपये के नए विकास कार्यो की सौगात दे रहे है। ताकि शहरवासियों के मूलभूत समस्याओं का निराकरण हो जनता को लाभ हो लेकिन जिले के दल्लीराजहरा व डौंडीलोहारा निकाय में टेंडर में गोलमाल करने गड़बड़ी करने का जो मामला सामने आ रहा है। वो गम्भीर विषय है। भाजपा सरकार जहां विकास कार्यो के लिए लगातार कार्य स्वीकृति कर राशि उपलब्ध करा रहे है। ताकि समय पर कार्य पूर्ण हो वही टेंडर प्रक्रिया में गड़बड़ी के उठते सवाल व लग रहे आरोप सही नही है। कुछ लोग सरकार की छवि को खराब करने का प्रयास कर रहे है। अपने चहेतों को फायदा पहुँचाने के उद्देश्य के चलते जिम्मेदार अधिकारी अगर ऐसा कार्य करेंगे तो इसका जमकर विरोध किया जाएगा।

उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि दल्लीराजहरा नगर पालिका व डौंडीलोहारा में पदस्थ मुख्य नगरपालिका अधिकारी व उपयंत्री के ऊपर टेंडर में गड़बड़ी करने ठेकेदारों को अपात्र करने व दस्तावेजों से छेड़छाड़ के लग रहे आरोप शासकीय नियमों का उल्लंघन है। और भाजपा की सरकार ऐसे कार्य करने वालों के खिलाफ है। सरकार की मंशा जनता का हित है। और कोई भी सरकार की योजनाओं व कार्यो में सरकार की छवि खराब करने का काम करेगा उसकी शिकायत विभागीय मंत्री तक कि जाएगी। बलराम गुप्ता ने कहा कि पूर्व की सरकारों में गलत कार्यो को बढ़ावा मिला हुआ था लेकिन अब प्रदेश में विष्णुदेव साय की सरकार है। गलत कार्य को बढ़ावा देने वालो के खिलाफ यह सरकार कड़ी कार्यवाही करेगा ।

### अधिकारी गलत कार्यों को दे रहें है बढ़ावा

डौंडीलोहारा नगर के ठेकेदार रजत भंसाली, प्रकाश शर्मा,महावीर तातेड़, प्रतीक शर्मा ने नगर पंचायत डौंडीलोहारा में अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि अगर जिम्मेदार अधिकारी ही गलत कार्यो को बढ़ावा देने लगे तो नगर में सरकार की योजना आमजनता तक कैसे पहुँचेगा टेंडर में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा होने से सरकार को आर्थिक लाभ पहुंचता है। वही सेटिंग निविदा से सरकार को आर्थिक नुकसान होता है। और डौंडीलोहारा नगर पंचायत में वर्तमान में यही सब हो रहा है। अधिकारी गलत कार्यो को बढ़ावा दे रहे है। दल्लीराजहरा नगर पालिका के ठेकेदार विष्णुप्रताप सिंग ने भी पालिका के सीएमओ के ऊपर टेंडर में गड़बड़ी करने व गलत कार्य करने की शिकायत कलेक्टर बालोद से की है।

# जनजातीय गौरव दिवस समारोह में केंद्रीय मंत्री मुख्यमंत्री के साथ शामिल हुए योगेश तिवारी



पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर जशपुर में जनजातीय गौरव दिवस समारोह आयोजित हुआ। इस अवसर पर भव्य पैदल यात्रा निकली गई। जिसमें हजारों आदिवासी शामिल हुए। आयोजन में केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडवीया मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, मंत्री ओपी चौधरी, मंत्री टंकराम वर्मा, भाजपा नेता योगेश तिवारी समेत अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हुए. इस अवसर योगेश तिवारी ने जनजाति गौरव दिवस समारोह की बधाई देते हुए कहा कि बिरसा मुंडा एक युवा स्वतंत्रता सेनानी व आदिवासियों के नेता थे उन्होंने ब्रिटिश मिशनरियों व धर्मांतरण के खिलाफ बड़ा आंदोलन खड़ा किया. जल जंगल जमीन व आदिवासियों के लिए बहुत सारे काम किए. छत्तीसगढ़ महोत्सव में देशभर के अलग अलग राज्यों के 28 आदिवासी नृतक दल अपनी प्रस्तुति दी। कई दलों ने अपने नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी. एक मंच पर देश भर से आए नर्तक दलों ने आदिवासी लोक नृत्यों की छटा बिखेरी।

## संविदा पदो पर भर्ती हेतु कौशल परीक्षा 20 नवम्बर को

**कवर्धा।** प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत जिला और जनपद स्तर पर संविदा रिक्त पदों (लेखापाल-01,तकनीकी सहायक-02, डाटा एंट्री ऑपरेटर-02) की भर्ती के लिए दावा आपत्ति निराकरण और पदवार पात्र अभयर्थियों की मेरीट सूची का प्रकाशन 15 नवम्बर 2024 को सायं 05:00 बजे जिले की वेब साईट www. kawardha. gov. in पर अपलोड किया जाएगा। जिला स्तर पर लेखापाल (अनारक्षित 01 पद) के लिये 20, जनपद पंचायत स्तर पर तकनीकी सहायक (अनारक्षित 01 पद) के लिये 20 व (अ.पि.व. 01 पद) के लिये 20 एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर (अ.पि.व. 01 पद) के लिये 20 व (अ.ज.जा. 01 पद ) के लिये 20 शीर्ष पात्र अभ्यर्थियों की सूची एवं समय सारिणी भी वेब साईट कर दिया गया है।

# गुरुओं के सिद्धांतों पर चलने से ही जीवन होता है धन्य : विकास दीवान

## नवागढ़ में मनाया गया गुरुनानक देव की जयंती

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



नवागढ़ में गुरुनानक देव का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नवागढ़ स्थित गुरुद्वारे में भजन-कीर्तन सत्संग का आयोजन किया गया। साथ ही आम लंगर का आयोजन भी हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में सभी समाज के लोग शामिल हुए। भक्तों ने गुरुद्वारे में माथा टेककर आशीर्वाद लिया। श्री गुरुनानक जी का जन्मोत्सव प्रकाश पर्व के रूप में मनाया गया। भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। भजन-कीर्तन प्रस्तुत किया। फिर अरदास का आयोजन हुआ। जिसके बाद भक्तों को प्रसाद का वितरण किया गया और आम लंगर का आयोजन किया गया। जो देर शाम तक लंगर चलता रहा।

इस अवसर पर नवागढ़ नगर प्रधान विकास धर दीवान ने गुरुद्वारा साहिब पहुंचकर मत्था टेका तथा कीर्तन कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। दीवान ने गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर देश एवं प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि और खुशहाली के लिए कामना की। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव के ज्ञान का प्रकाश आज भी पूरी मानवता को प्रकाशित कर रहा है। गुरु नानक देव जी ने मानवता, वैश्विक बन्धुत्व, एकता और सेवा का संदेश दिया जो आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने कहा की गुरुओं के सिद्धांतों पर चलने से ही जीवन धन्य होता है। उन्होंने कहा कि महापुरुषों और महानायकों की कुर्बानी से ही देश का अस्तित्व कायम है। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष चंद्रपाल साहू, देवादास चतुर्वेदी, गिरेन्द्र महिलांग, मधु रॉय, सुरेश निषाद, धनीराम निर्मलकर, मिंटू बिसेन, छन्नू सोनी, दानिराम जायसवाल, मोहन चेलक, राजा सोनकर, राकेश यादव, छन्नू निषाद, जित्ते रजक, कृष्णा ध्रुव, कुलदीप सिंह, गुरबचन सिंह, जगदीश सिंह, मोहन सिंह, त्रिलोक सिंह, संतोष सिंह, गुरमीत सिंह, हरभजन सिंह, बाग्गी टुटेजा, राजा खुराना, विम्पी गांधी, गुरभेज गुम्बर, बलविंदर सिंह, अजय अरोरा, राजेंद्र टुटेजा, राहुल खुराना, त्रिलोक खुराना, हरप्रीत खुराना, हरपाल खुराना, किशोर खुराना, बोविन्दर सिंह, नवनीत सिंह सहित नगरवासी उपस्थित रहे।

# सेलूद में पहले दिन 46 किसानों से खरीदा गया 2100 क्विंटल धान

## प्राधिकृत अधिकारी दिनेश वर्मा के साथ जनप्रतिनिधियो ने किया शुभारंभ



पायनियर संवाददाता ➤ उतई
www.dailypioneer.com

सहकारी समिति सेलूद के अधीन धान खरीदी केंद्र सेलूद मे धान खरीदी का शुभारम्भ गुरुवार को किया गया। जिसमे समिति के प्राधिकृत अधिकारी दिनेश वर्मा व स्थानीय जनप्रतिनिधि जिला सहकारी बैंक दुर्ग के पूर्व अध्यक्ष जवाहर वर्मा, जनपद सदस्य खिलेश बबलू मारकंडे, ग्राम पंचायत सेलुद की सरपंच खेमिन साहू, संचालक मंडल के पूर्व सदस्य रमेश देवाँगन, रामाधर यादव, टामन लाल साहू, सहायक समिति प्रबंधक रोमन वैष्णव के हाथों खरीदी का शुभारम्भ किया गया। पहले ही दिन 46 पंजीकृत किसानों से 2100 क्विंटल धान खरीदी किया गया। समिति के द्वारा पहले से ही खरीदी की तैयारी कर सेलूद समिति के अंतर्गत सेलूद और फेकारी दोनों स्थानों पर धान की खरीदी की जा रही है। इस वर्ष छत्तीसगढ शासन द्वारा 14 नवंबर से ही धान खरीदी केन्द्रों में धान ठेकेदारों के माध्यम से धान खरीदी किया जा रहा है। शासन ने प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदने का नियम बनाया है। सहायक समिति प्रबंधक रोमन वैष्णव ने बताया कि किसानों की सुविधा को ध्यान में रखकर समिति ने अलग अलग गांवों के किसानों की धान को समिति में अलग अलग दिन खरीदी का नियम बनाया है। साथ ही किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए टोकन के आधार पर खरीदी किया जा रहा है। खरीदी के समय अधिकारियों द्वारा धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण लगातार किया जायेगा। जिसके लिए ब्लाक व जिला स्तर पर टीम गठित की गई है। इस अवसर पर जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष जवाहर वर्मा, जनपद सदस्य खिलेश मारकंडे, सरपंच खेमिन साहू, कांति साहू, मोरध्वज साहू, रमेश देवांगन, रतनु यादव, टामन लाल साहू, सहायक समिति प्रबंधक रोमन वैष्णव, लोचन यादव, शिव यादव, उमाशंकर साहू, लक्ष्मण यादव, गुलाल ठाकुर, मेघराज आदि किसान मौजूद थे।

# बाल दिवस पर बेमेतरा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं का सम्मान

## नन्हे-मुन्ने बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां



पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बाल दिवस के खास मौके पर बेमेतरा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं के सम्मान में नगर पालिका के टाउन हॉल में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आंगनबाड़ी केंद्रों के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीत लिया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से बेमेतरा विधायक दीपेश साहू, साजा विधायक, कलेक्टर रणबीर शर्मा, और पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएँ, बच्चों के अभिभावक और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी चन्द्रवेश सिंह सिसोदिया ने पुष्पगुच्छ देकर अतिथियों का स्वागत किया और कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित के साथ किया गया। अपने संबोधन में विधायक दीपेश साहू ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के प्रति उनके समर्पण और मेहनत को देखते हुए बाल दिवस पर सम्मानित करने का निर्णय लिया था। साहू ने कहा कि सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने और पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने में इनका योगदान बेहद सराहनीय है। इस मौके पर छह आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं को सम्मानित किया गया, वहीं नन्हे-मुन्ने बच्चों को उनकी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों के लिए पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही नानी सुरक्षा योजना और सुकन्या समृद्धि योजना के लाभार्थी बच्चों को बैंक पासबुक भी भेंट की गई।विधायक दीपेश साहू ने कोरोना महामारी के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सेवा को याद करते हुए उनकी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं और बच्चों के पोषण के लिए उनके प्रयास काबिल-ए-तारीफ हैं। साहू ने बच्चों की मंच पर दी गई शानदार प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि यह उनकी मेहनत का ही नतीजा है। अतिथियों ने कार्यक्रम में लगाए गए सामग्री स्टॉल का भी अवलोकन किया । कलेक्टर रणबीर शर्मा ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से बच्चों के पोषण, टीकाकरण, और जन्म प्रमाण पत्रों के प्रति सजग रहने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि बाल दिवस के इस विशेष अवसर पर बच्चों की प्रस्तुतियों ने सबका मन मोह लिया और यह आयोजन सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत बना है।

## ग्राम गोछिया में जन समस्या निवारण शिविर 21 नवम्बर को

**कवर्धा।** सहसपुर लोहार विकासखंड अंतर्गत ग्राम गोछिया में आज 13 नवंबर 2024 को आयोजिति जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर स्थगित हो गया है। अब यह शिविर 21 नवम्बर 2024 गुरुवार को होगा। शिविर में 25 गांव शामिल है,जिसमें ग्राम कुम्हारदनिया, कारेसरा, चारभांटा, गांगीबहरा, राजपुर, अचानकपुर, सिंघनपुरी, गोछिया, बगबई, सेमरिया, खैरझिटी, गोरखपुर कला, कुंआ, बंधी, सिघौरी, गैंदपुर, दानीघटोली, धरमगढ़, भाठकुण्डेरा, सुरजपुरा, कोहड़िया, रामुपर ठाठापुर, ढोरली, हरदी, गोरखपुर खुर्द है।

# आरोपी से 12 लीटर हाथ भट्ठी गुड से निर्मित कच्ची शराब जब्त

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




एक आरोपी से 12 लीटर हाथ भट्ठी अच्छा से निर्मित कच्ची शराब जप्त किया गया पुलिस के द्वारा दिए जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही है जिसके तहत थाना बेरला स्टाफको सूचना मिली की ग्राम सरदा का प्रकाश कोशले अपने घर बगल बाडी के पास अवैध रूप से बिक्री हेतु गुड से निर्मित कच्ची शराब रख कर ग्राहक तलाश कर रहा है कि सूचना के अधार पर सायबर सेल बेमेतरा एवं थाना बेरला स्टाफ व गवाहो के साथ मौके पर रेड कार्यवाही किया गया। जिस पर थाना बेरला में अवैध रूप से गुड से निर्मित कच्ची शराब रख कर बिक्री करने का 01 प्रकरण दर्ज कर 01 आरोपी प्रकाश कोशले पिता स्व. नरेश कोशले उम्र 35 साल साकिन सरदा थाना बेरला जिला बेमेतरा के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यावाही की गई हैं। आरोपी के कब्जे से 12 लीटर हाथ भट्ठी गुड से निर्मित कच्ची शराब कीमती 2,500/- रूपये को जप्त कर वैधानिक कार्यवाही किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना बेरला /सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, सउनि दिनेश चंद शर्मा, प्रधान आरक्षक रविन्द्र तिवारी, लोकेश सिंह, विनोद पात्रे, आरक्षक इंद्रजीत पांडेय, जय किशन साहू एवं अन्य स्टाफकी सराहनीय भूमिका रही।

# प्रकाश पर्व विधायक दीपेश साहू ने गुरुद्वारे पर टेका मत्था



पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

देशभर में गुरुनानक देव का प्रकाश पर्व मनाया जा रहा है। विधायक दीपेश साहू ने गुरु नानक जयंती पर बेमेतरा नगर के सिंधी कॉलोनी एवं पंजाबी पारा मे स्थित गुरुद्वारे में मत्था टेका और अरदास की। विधायक दिपेश साहू ने गुरू नानक जयंती की पर क्षेत्रवासियो को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। विधायक साहू ने कहा कि गुरू नानक जी का जीवन समाज को एकता, सदभाव और शांति कायम करने के साथ मानवता की मूल सिद्धांतों, करूणा और न्याय की ओर ले जाता है। उनके उद्देश्यों को हम सभी को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। इससे समाज के बेहतर भविष्य का निर्माण होगा। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, ओबीसी मोर्चा जिलाअध्यक्ष राजू देवांगन, विकास तम्बोली, युगल देवांगन, ओमेश्वरी साहू, कन्हैया सेन,सिख समाज के लोग उपस्थित रहे ।

# जल, जंगल और जमीन की रक्षा में सदैव अग्रणी रहा है आदिवासी समाज : भावना बोहरा

## धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती पर कवर्धा में जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com



धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती पर कवर्धा के पीजी कॉलेज ऑडिटोरियों में जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जमुई बिहार में आयोजित राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह से वचुअर्ल माध्यम से जुड़कर जनजाति समाज को संबोधित किया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद संतोष पाण्डेय, विशिष्ट अतिथि के रूप में पंडरिया विधायक भावना बोहरा शामिल हुए। मुख्य अतिथियों ने माता सरस्वती की प्रतिमा तथा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनजाति समाज की महत्वपूर्ण भूमिका और उनके योगदान को सराहा। उन्होंने कहा कि देश के प्रगति में जनजाति समाज का योगदान अभूतपूर्व है। इस दौरान सभी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उद्बोधन का श्रवण किया। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को भारत सरकार द्वारा शौर्य, लोक कला, संस्कृति की वैभवशाली विरासत, विकास और निर्माण में सशक्त भागदारी सुनिश्चित करने के लिए जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। जनजातीय गौरव दिवस पर बढ़ी संख्या में जनजाति समाज के लोग शामिल हुए और उन्होंने अपनी सांस्कृतिक धरोहर को गर्व के साथ प्रस्तुत किया। जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा के जीवन और उनके संघर्षों को याद किया गया। जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा अपने विभाग से संबंधित योजनाओं का स्टॉल प्रर्दशनी लगाई गई जिसका अवलोकन किया गया। सांसद पाण्डेय, पंडरिया विधायक बोहरा शासन द्वारा जनजातीय वर्ग के लिए संचालित किए जा रहे विभिन्न प्रकार के योजनाओं से हितग्राहियों को लाभन्वित किया गया। इस दौरान जनजातियों को प्रधानमंत्री आवास योजना, विद्युतीकृत सोलर पैनल, मसूर मिनीकिट प्रदान कर लाभान्वित किया गया। कॉलेज तथा स्कूली विद्यार्थियों द्वारा संस्कृति कार्यक्रम एवं भगवान बिरसा मुंडा की गौरवशाली इतिहास पर आधारित नाट्य की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक अशोक साहू, जनपद अध्यक्ष इंद्राणी चंद्रवाशी, जनपद उपाध्यक्ष डॉ वीरेंद्र साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशी राम धुर्वे, संतोष पटेल, जसविंदर बग्गा, कांत उपाध्याय, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, पीयूष ठाकुर, कलेक्टर गोपाल वर्मा, जिला पंचायत सीईओं अजय त्रिपाठी, सहित जनप्रतिनिधि, जनजातीय समाज के गणमान्य नागरिक एवं वरिष्ठजन उपस्थित थे। सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि 1947 में हमारा देश आजाद हुआ। उन्होंने देश के महान शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों को याद करते हुए कहा कि इनका नाम सदैव गौरव से लिया जाता है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में शहीद वीर नारायण सिंह ने यहां की आदिवासियों के लिए आवाज उठी वैसे ही बिहार में भगवान बिरसा मुंडा ने वहां की संस्कृति, सभ्यता, परंपरा, रीति रिवाज के लिए संवारने का कार्य किया है। उन्होंने क्रांति का बीड़ा उठाया और आदिवासी, जनजातियों के संस्कृति की रक्षा सभ्यता को बचाने का कार्य किया है। संसद पाण्डेय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने बिरसा मुंडा की जयंती को पूरे देश में जनजातीय समाज को जोड़ने का माध्यम बनाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने जनजातीय समुदाय को विशेष पहचान और सम्मान दिया है।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका बच्चों के जीवन को संवारने का काम कर रही : सांसद संतोष पाण्डेय

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का मान बढ़ाने सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com




महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कवर्धा के वीर सावरकर भवन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजनांदगांव सांसद संतोष पाण्डेय, पण्डरिया विधायक भावना बोहरा, जिला पंचायत अध्यक्ष सुशीला रामकुमार भट्ट सहित जनप्रतिनिधि ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशन में आगनबाड़ी कार्यकताओं एवं सहायिकाओं के जिलास्तरीय सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के प्रति आभार प्रकट करना और उनके योगदान की सराहना करना था। कार्यक्रम मे आये हुए सभी आंगनबाड़ी कार्यकताओं एवं सहायिकाओं का पुष्पा वर्षा कर एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथियों द्वारा 38 उत्कृष्ट कार्य करने वाले आंगनबाड़ी कार्यकताओं एवं सहायिकाओं को शाल, श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान आंगनबाड़ी के नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के साथ नृत्य प्रस्तुत किया गया और कार्यकताओं के द्वारा अपनी छत्तीसगढ़ी नृत्य संगीत कार्यक्रम की रंगारंग प्रस्तुति दी गयी। सांसद संतोष पाण्डेय ने संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र के निर्माण के लिए महिलाओं की भागीदारी आवश्यक है और हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं का सम्मान करते हुए संसद मे महिलाओं की भागीदारी 33 प्रतिशत कर मान बढ़ाया है। हमारे देश मे अहिल्या बाई होल्कर, मिनीमाता, अवन्ती बाई लोधी जैसे महान नारियों ने राष्ट्रीय स्तर पर समाज को जोड़ने का कार्य किया है। वैसे ही आप लोगों द्वारा समाज के हमारे नन्हे मुन्ने बच्चों के जीवन को संवारते हुए समाज के मुख्यधारा से जोड़ने का काम करते है। उन्होंने कहा कि हमारे माता एवं बहनों से ही बचत की नींव की शुरूवात होती है, जिस प्रकार घर मे आर्थिक संकट आने पर अपनी छोटी-छोटी बचत के माध्यम से अपने घर मे आये हुए आर्थिक संकट को दूर करने मे अपनी अहम भूमिका निभाती है।

# शासकीय लक्ष्मणेश्वर महाविद्यालय में जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न हुआ




पायनियर संवाददाता < खरौद
www.dailypioneer.com

शासकीय लक्ष्मणेश्वर महाविद्यालय खरौद में जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 13 नवम्बर को महाविद्यालय के सभागार में सम्पन्न हुआ जिसके मुख्य वक्ता लक्ष्मीनारायण सोनी सामाजिक कार्यकर्ता चाम्पा से थे तथा इस कार्यशाला के मुख्य अतिथि मा. शि. मं रायपुर के सदस्य चन्द्रकांत तिवारी, अध्यक्षता महाविघालय के प्राचार्य ड़ॉ जी.सी.भारव्दाज एवं विशिष्ट अतिथि सुबोध शुक्ला वरिष्ठ पत्रकार खरौद, संजय कुमार कंवर व्याख्याता, अमित कुमार गौरहा सामाजिक कार्यकर्ता एवं जगन्नाथ कंवर शिक्षक थे। इस कार्यशाला का शुभारंभ मां सरस्वती वंदना एवं अभ्यागतों के स्वागत से हुआ। इस अवसर पर कार्यशाला के मुख्य वक्ता लक्ष्मीनारायण सोनी ने जनजातीय समाज के जीवन शैली, सामाजिक व्यवस्था पर प्रकाश डालते हुए जनजातीय समाज को उन्होने अपराध रहित एवं न्याय प्रिय बताया और कहा कि जो प्रकृति को छेड़े नही, जो प्रकृति को छोड़े नही जो प्रकृति और पर्यावरण की रक्षा करे वही समाज जनजातीय है। सोनी ने जनजातीय समाज की सामाजिक व्यवस्था को नगरीय व्यवस्था से बेहतर बताया। सोनी ने जनजातीय समाज की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को भी काफी गौरवशाली बताया उन्होने कहा कि जनजातीय समाज कभी भी अंग्रेजों की पराधीनता को स्वीकार नही किया। उन्होने इस अवसर पर भगवान बिरसा मुंड़ा, तिलका मांझी, शहीद वीर नारायण सिंह, रानी दुर्गावती के शौर्य और बलिदान को याद किया उन्होने जनजातीय समाज पर और अधिक शोध की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि चन्द्रकांत तिवारी, प्राचार्य ड़ॉ.जी.सी. भारव्दाज विशिष्ट अतिथि संजय कुमार कवंर और जगन्नाथ कवंर ने भी जनजातीय समाज की जीवन शैली और उनके शौर्य गाथा पर प्रकाश डाला। मंच का संचालन प्रों आर. के. कवंर ने किया और आभार प्रर्दशन प्रो अनिल कुमार नेताम ने किया। कार्यक्रम के अन्त में महाविद्यालय की छात्राओं ने जनजातीय नृत्य पर सुन्दर प्रस्तुति दी। इस अवसर पर काफी संख्या में महाविघालय के छात्र-छात्राएं, प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# नव प्रशिक्षित वाहन चालकों को दी गई रोड सेफ्टी और गुड सेमेरिटन की जानकारी

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और वाहन चालकों को नियमित रूप से जागरूक करने के लिए मोटर व्हीकल विभाग की कार्रवाई जारी है।

इसी कड़ी में, कल एडिशनल एसपी रामगोपाल करियारे ने रामलीला मैदान में आयोजित एक कार्यक्रम में मोटर ड्राइविंग स्कूल के नव प्रशिक्षित वाहन चालकों को रोड सेफ्टी के बारे में जानकारी दी और गुड सेमेरिटन के महत्व को बताया।

शहर की समाजसेवी संस्था दिव्य शक्ति द्वारा युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से निरूशुल्क वाहन प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। दिव्य शक्ति क्लब की अध्यक्षा श्रीमती कविता बेरीवाल ने बताया कि अब तक 160 युवक-युवतियों को सांई मोटर ट्रेनिंग के माध्यम से निःशुल्क वाहन प्रशिक्षण दिया गया है। ये सभी युवक-युवतियां बेरोजगार हैं, जो रोजगार के अवसरों के लिए क्लब के संपर्क में आए थे। आज इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का पहला बैच सफ्लतापूर्वक पूरा हुआ, और इन नव प्रशिक्षित चालकों को सर्टिफिक्रेट प्रदान करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एडिशनल एसपी रामगोपाल करियारे और टीआई कोतवाली सुखनंदन पटेल ने नव प्रशिक्षित वाहन चालकों को सर्टिफिक्रेट प्रदान किए। एडिशनल एसपी ने दिव्य शक्ति संस्था की पहल की सराहना की और नव प्रशिक्षित चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में बताया। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं के दौरान गोल्डन आवर के महत्व पर जोर दिया, जब दुर्घटना के बाद घायल व्यक्तियों को त्वरित सहायता दी जानी चाहिए। कार्यक्रम में दिव्य शक्ति क्लब की अध्यक्ष श्रीमती कविता बेरीवाल, लायंस क्लब रायगढ़ के सचिव राजेश अग्रवाल और एनजीओ दिव्य शक्ति के सक्रिय सदस्यगण उपस्थित थे।

# पोड़ीशंकर में कार्यरत धर्म ज्योति मिंज पदोन्नति होकर प्रधान पाठिका शासकीय प्राथमिक शाला कोटाडबरी जाने पर विदाई समारोह का आयोजन

पायनियर संवाददाता < जांजगीर चांपा बम्हनीडीह
www.dailypioneer.com




शासकीय बालक प्राथमिक शाला पोड़ीशंकर से पदोन्नति होकर प्रधान पाठिका शासकीय प्राथमिक शाला कोटाडबरी जाने पर शिक्षका का विदाई समारोह विद्यार्थियों व ग्रामीणों की उपस्थिति में रखा गया सहायक शिक्षिका धर्म ज्योति मिंज ने लंबे समय तक शाला में अपना विशेष योगदान दिया आयोजित विदाई समारोह में संकूल प्राचार्य बसंत चतुर्वेदी द्वारा शॉल श्रीफल से सम्मान कर उनके कार्यकाल की सराहना की गई। शिक्षिका ने विद्यार्थियों व अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि शासकीय शालाओं में पढ़ने वाले विद्यार्थी प्राइवेट स्कूल के बच्चों से ज्यादा बेहतर परिणाम देते हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूल के बच्चे और माता-पिता यदि नियमित अभ्यास, गृह कार्य और अनुशासन पर ध्यान दें, तो सबसे बेहतर परिणाम लगातार बने रहेंगे समस्त कार्यक्रम में रामकृपाल डड़सेना, खीकबाई गढेवाल, स्वेता शुक्ला, गीता दुबे, उदिता सिंह सिसोदिया. पुर्णिमा जायसवाल, नरेन्द्र कुमार साहू, भूषण लाल देवांगन, सरोज कुमार बंजारे, प्रेमलता कहरा, शारदा चौहान की उपस्थिति में विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की शुभ कामना की गई।

# छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार, पुसौर पुलिस ने भेजा रिमांड पर

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



नाबालिग बालिका से छेड़खानी की रिपोर्ट पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुसौर पुलिस ने आरोपित युवक महेश साव पिता अर्जुन साव (21 वर्ष) को आज गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा है। घटना की रिपोर्ट 13 नवम्बर की रात थाना पुसौर में बालिका के पिता द्वारा दर्ज कराई गई। रिपोर्ट में बताया गया कि 10 नवम्बर 2024 की रात लगभग 01 बजे लड़की छत स्थित बाथरूम में गई थी। वहीं, गांव का महेश साव मौजूद था, जिसने लड़की को गलत इरादे से पकड़ लिया और छेड़खानी की। लड़की के शोर मचाने पर घर के लोग दौड़कर छत पर पहुंचे, तो महेश साव छत से कूदकर भाग गया। कूदने के दौरान उसका मोबाइल गिर गया, जिससे पुलिस ने आरोपी की पहचान की। पुसौर थाना प्रभारी निरीक्षक रोहित बंजारे ने बताया कि आरोपी पर धारा 351(2), 74 बीएनएस, 8 पॉक्सो एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। बालिका ने यह भी बताया कि आरोपी मोबाइल पर उसे अस्वीकार्य बातें करता था। प्रभारी निरीक्षक ने रिपोर्ट को गंभीरता से लेते हुए अपने स्टाफ के साथ तुरंत छापेमारी की और आरोपित महेश साव को गिरफ्तार किया।

## बाल दिवस के मौके पर छोटे छोटे बच्चों ने किया मनमोहक नृत्य



**गरियाबंद।** बाल दिवस जिला के प्रत्येक स्कूल में मनाया गया इसी तर्ज पर देवभोग ब्लॉक के लदरा शासकीय प्राथमिक शाला में मनाया गया इस दौरान स्कूल के छोटे छोटे बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति भी किया कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी देवनाथ बघेल एवं अध्यक्षता संकुल प्राचार्य टिकेंद्र नाग,संकुल समन्वयक देवनाथ पांडे लक्ष्मीकांत सोनी शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष भुवनो नायक उपाध्यक्ष बनीता पोर्टी रहे कार्यक्रम को संबोधन करते हुए बीईओ देवनाथ बघेल ने कहा कि आजाद देश के प्रथम प्रधानमंत्री ज्वारलाल नेहरू का विजन बच्चों के लिए बेहतरीन था वो चाहते थे कि बच्चों को सभी सुविधा प्रदान किया जाएं ।

# भागवत कथा का श्रवण करने पहुंचे नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर पहुंचे, जहां उन्होंने व्यासपीठ की पूजा अर्चना भागवत आचार्य कृष्ण तिवारी का शाल श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया नवधा चौक में देवांगन परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा श्रवण करते पहुंचे जहां महंत जी ने व्यासपीठ को प्रणाम कर कथा श्रवण किया, नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरण दास महंत ने कहा कलयुग में भागवत की कथा सुनने से जीव को मोक्ष की प्राप्ति होती है। साथ ही जन्म जन्मांतर के पापों का अंत भी होता है। जब जब धरती में अधर्म बढ़ता है तब तब भगवान श्रीराम कृष्ण अवतार लेते हैं लेते हैं और दुष्टों का संहार करते हैं भागवत कथा में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष त्रिलोकचंद जायसवाल विधायक प्रतिनिधि गुलजार सिंह ठाकुर विधायक प्रतिनिधि नरेश गेवाडीन विधायक प्रतिनिधि महबूब खान विधायक प्रतिनिधि आनंद अग्रवाल भगवान दास गढ़वाल रामविलास राठौर जनपद सदस्य अशोक यादव साधेश्वर गबेल रूपनारायण साहू गिरधर जायसवाल पिंटू ठाकुर राजीव जायसवाल प्यारेलाल पटेल हीरा यादव घनश्याम देवांगन रन साय बरेठ सुरेश डेंसील शिव प्रधान अजय बरेठ सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भागवत कथा को प्रणाम कर प्रसाद ग्रहण किया।

# खम्हरिया चक्काजाम हुआ समाप्त, 25 दिसम्बर तक निर्माण कार्य पूरा करने कंपनी प्रबंधन ने दिया लिखित आश्वासन



पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

मिलुपारा-हुंकराडिपा की जर्जर सड़क को लेकर खम्हरिया में चल रहा चक्काजाम तमनार थाना प्रभारी की समझाइस के बाद समाप्त हो गया है। तमनार क्षेत्र के खम्हरिया गांव के अलावा आसपास के कई गांव के ग्रामीणों के ने बुधवार की सुबह से साप्ताहिक बाजार परिसर में सड़क मरम्मत की मांग को लेकर तीसरी बार चक्का जाम किया गया था, जिसका कल दूसरा दिन था। कल शाम थाना प्रभारी और नायब तहसीलदार प्रदर्शनकारियों को समझने के लिए मौके पर पहुंचे थे,लेकिन ग्रामीण नहीं माने थे। लेकिन आज थाना प्रभारी ने संबंधित कंपनियों को जल्द से जल्द सड़क निर्माण कराने को कहा, जिस पर जवाबदार कंपनी प्रबंधनों ने आगामी 25 दिसम्बर तक रोड निर्माण पूर्ण करने का लिखित आश्वासन दिया। जिसके बाद प्रदर्शन कारियों ने चक्काजाम समाप्त कर दिया है।

# बाल दिवस के उपलक्ष पर नेवता भोज का आयोजन

पायनियर संवाददाता < बलौदा बाजार
www.dailypioneer.com



बाल दिवस के उपलक्ष पर नेवता भोज का आयोजन बलौदा बाजार 14 नवंबर बाल दिवस के उपलक्ष्य में आज स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बलौदा बाजार में संस्था की प्राचार्य श्रीमति ऋतु शुक्ला के मार्गदर्शन में तथा संस्था के समस्त शिक्षक/शिक्षिकाओं के सामूहिक प्रयास से आज नेवता भोज का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में संस्था के शाला विकास समिति के अध्यक्ष नरेश केशरवानी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र टंडन, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी कैलाश साहू तथा संस्था की प्राचार्य ऋतु शुक्ला पत्रकार संजय श्रीवास दिलीप माहेश्वरी के साथ साथ समस्त स्टॉफगण तथा छात्र छात्राएं मुख्य रूप से उपस्थित रहे। संस्था द्वारा आयोजित न्योता भोज कार्यक्रम में उपस्थित संस्था की प्राचार्य ऋतु शुक्ला ने उपस्थित स्कूल के बच्चों एवं मौजूद समस्त गणमान्य अतिथियों को बताया की हमारे शिक्षक गण के लिए भी आज का दिन विशेष है आपकी हर प्रयास बच्चों की शिक्षा और उनके व्यक्तित्व को निखारने की दिशा में समर्पित होता है आप सभी का सहयोग और मार्गदर्शन ही बच्चों के जीवन को सुंदर और सफल बनता है शिक्षण केवल विषयो को सीखना नहीं बल्कि उनके जीवन को संवारना भी है और उसके लिए आप सभी को नमन करती हूं बच्चों मैं आपसे यही कहना चाहूंगी की आप जीवन में हमेशा अपने सपनों को जिए ईमानदारी और मेहनत के साथ-साथ आगे बढ़े और सबसे महत्वपूर्ण हमेशा एक अच्छे इंसान बने यही पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चाचा नेहरू जी का भी संदेश था और हम सब का भी उद्देश्य यही होना चाहिए उक्त कार्यक्रम की सराहना करते हुए वहां मौजूद समस्त अतिथि एवं स्कूल का पूरा स्टाफ संस्था की प्राचार्य ऋतु शुक्ला को बधाई प्रेषित किया।

## पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6वी में 40 बच्चों को नवप्रवेशी कराए गए




**लवन।** कसडोल विधानसभा के लवन स्थित पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय लवन में कक्षा 6वी में 40बच्चों का नवप्रवेशी दाखिला किये गए, आपको बताते चलें कि बच्चों को उनके पालको के उपस्थित में विद्यालय के प्राचार्या एवं शिक्षको की उपस्थिति में 11 एवं 12 को नवम्बर को तिलक लगाकर दाखिला किये गए।इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्या बी.गिरिजा, शिक्षिका मंदोदरी सेठ, शिक्षक राजेंद्र सिक्का, शिक्षिका बिसाखा डांगे, स्मिता पिलाई,शिक्षक राकेश सिंग, प्रशांत गायकवाड़ सहित विद्यार्थियों के माता पिता उपस्थित रहे। सभी बच्चे बलौदाबाजार जिला के बलौदाबाजार, कसडोल, सिमगा, बिलाईगढ़, पलारी, भाटापारा से है।

# विद्याभूमी इंग्लिश मीडियम स्कूल मे हुआ बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com





बाराद्वार नगर में पिछले 11 वर्षों से क्षेत्र के प्रसिद्ध विद्यालय विद्याभूमी इंग्लिस मीडियम स्कूल में प्रत्येक वर्ष बहुत से उत्सवों का आयोजन किया जाता है। वर्ष के एक उत्सव को भव्य रूप से EVENT OF THE YEAR के रूप में मनाया जाता है, जिसमें इस वर्ष 14 नवम्बर बाल दिवस को EVENT OF THE YEAR के रूप में मनाया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी से कक्षा आठवी तक सभी बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। इसके अंतर्गत विभिन्न प्रकार की गतिविधयों एवं बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना को विकसित करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार की प्रतिस्पर्धाओं का भी आयोजन किया गया,कक्षा नर्सरी के बच्चों को कलरिंग कॉम्पिटीशन, रेस, LKG और UKG के बच्चों का इंग्लिश डिक्टेशन कॉम्पिटीशन एवं कुर्सी दौड़ कराया गया, जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को सर्टिफिकेट एवं पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। इसी कम में कक्षा 1 में जिग-जैग स्क्वेयर पेयर रेस और बॉल पासिंग, कक्षा- 2 में वर्ड सर्च, फनी बॉडी बैलेंस, बॉटल डांस। कक्षा 3 में कलरिंग प्रतियोगिता, अपोजिट ड्रइंग, ब्लाइंड बॉटल रेस, कक्षा - 4 में बलून और रिंग प्रतियोगिता, ऑक्टोपस रेस कक्षा 5 में गेम विथ कोन प्रतियोगिता, कॉर्डिनेशन विथ फ्रेंड, कक्षा मिडिल क्लास के बच्चों का सामुहिक प्रतियोगिता एवं गतिविधियों जैसे कुर्सी दौड़, हौजी, हॉफस्पेल गेम, पॉप बलून विथ लेग्स इत्यादि का आयोजन किया गया,प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी किचन एक्टीविटी के कार्यकम का मुख्य आकर्षण रहा। जिसमें बच्चों को पानी गुपचुप, दही गुपचुप, गुझिया चाट आदि बनाना सिखाया गया। बच्चों को इस माध्यम से फायर लेस कुकिंग की शिक्षा प्रदान की गयी। जिसमें बच्चों ने चाट गुपचुप का भरपुर लुत्फ उठाया। इसी कम में प्री प्रायमरी के बच्चो के द्वारा केक कट किया गया, बच्चों ने खुले नीले आसमान के नीचे हरी घास में बैठकर पिकनिक मनाया। जिसमें सभी बच्चों ने विभिन्न प्रकार के व्यंजन का लुत्फ उठाया। बाल दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय आने वाले बच्चों को सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में स्कूल के प्रत्येक बच्चों को उपहार प्रदान किया गया। स्कूल के संचालक, प्रिंसिपल, वाइस प्रिंसिपल एवं शिक्षक, शिक्षिकाओं के द्वारा बाल दिवस की शुभकामनायें प्रेषित की गई।

## कर्नल विप्लव त्रिपाठी के श्रद्धांजलि दिवस पर जिले के शहीद परिवारों का किया गया सम्मान

# शहीदों की वीर गाथा भावी पीढ़ी को बताना हमारा दायित्व : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com




शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी के श्रद्धांजलि दिवस के अवसर पर कल शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी मेमोरियल ट्रस्ट रायगढ़ द्वारा पॉलिटेक्निक कॉलेज आडिटोरियम में जिले के शहीद परिवारों का सम्मान कार्यक्रम आयोजन किया गया। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने कहा कि आज एक महत्वपूर्ण दिन है, एक देशवासी होने के नाते जब हम सोचते हैं कि एक शहीद परिवार क्या दुख झेल रहा होगा, तो इसकी कल्पना करना ही हमें अन्दर से झकझोर देता है। जब हम कहते है कि कोई शहीद अमर रहे तो इस तरह के कार्यक्रम शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी के परिवार द्वारा उनके नाम पर आयोजित किया जाता है साथ ही जिले के शहीद परिवारों को भी शामिल करते है, और उनकी वीर गाथा को स्मरण कराते है। ऐसे कार्यक्रम में शामिल होना मेरे लिए गर्व की बात है। हमारा दायित्व है कि यह सब हम अपने भावी पीढ़ी को बताए। भारतीय नागरिक होने के नाते सैन्य परिवार ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। हमें युवाओं को देश सेवा देश-भक्ति के साथ सैन्य सेवाओं के लिए प्रेरित करना चाहिए। शहीद परिवार के साथ प्रशासन के साथ पूरा समाज है, आपके दुख में हमारी संवेदना है। शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी पिता सुभाष त्रिपाठी ने कहा कि उनके बेटे के शहीद होने के पश्चात जिस तरह से वे असामान्य हो चुके थे लेकिन शहर के लोगों का स्नेह और संवेदना ने उन्हें ऊर्जा देने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि सैन्य सेवाओं के संबध में जानकारी देने और युवाओं में रुचि जगाने के लिए हर वर्ष विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाते है, इसी क्रम में शहीद परिवारों के सम्मान में यह कार्यक्रम किया जा रहा है। इसी प्रकार एनडीए से चयनित सैनिक स्कूल रीवा के जरूरतमंद बच्चों के लिए छात्रवृत्ति प्रदान किये जाने की पहल की गई है। छ.ग. उड़ीसा सब एरिया (कोसा) से कर्नल बरतवाल ने कहा कि तीन साल पूर्व जब इस घटना की जानकारी हुई तब परिवार की उस पीड़ा को हमने महसूस किया, क्योंकि हम सब एक परिवार है। हम सब उनके ऋणी रहेंगे, याद रखना होगा कि उन्होंने सर्वोच्च बलिदान दिया है। नेता प्रतिपक्ष पूनम सोलंकी ने कहा कि यह श्रद्धांजलि से अधिक शौर्य दिवस कहे, हमे गर्व होना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनका बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा, हमें युवाओं को सैन्य सेवा में जाने और देश सेवा के लिए प्रेरित करे। उन्होंने कहा कि आपको गर्व होना चाहिए कि आप ऐसे बच्चों के माता पिता है जिनके बच्चे देश के लिए बलिदान हुए है। हम सभी को गर्व के साथ श्रद्धांजलि देना चाहिए। महापौर जानकी काटजू ने शहीदों को नमन करते हुए रामगोपाल करियारे ने गौरव दिवस के रूप में रेखांकित करते हुए कहा कि हमें युवाओं को सैन्य सेवाओं की जानकारी देने के साथ ही देश सेवा के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। उन्होंने अपने अनुभवों को भी साझा किया। इस दौरान जिले के 11 शहीद परिवारों का शाल एवं श्रीफल प्रदान कर सम्मान किया गया।


## नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पुराना नाम मोहम्मद अमिन मेमन पिता मोहम्मद रफिक मेमन निवासी हाऊस नं. 319, वार्ड 09, शनि मंदिर गेट के पास , चाम्पा, जिला-जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.) 495671

अपना नाम को बदल कर नया नाम मोहम्मद अमिन मेमन पिता मोहम्मद रफिक मेमन रख लिया हूँ।

अतः अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम मोहम्मद अमिन मेमन पिता मोहम्मद रफिक मेमन से जाना जाए।

**शपथकर्ता**
**मोहम्मद अमिन मेमन**
पिता मोहम्मद रफिक मेमन

## नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं TARUN KUMAR S/o RAMLAL MARKAM निवासी SARGIPAL PARA KONDAGAON (C.G.) यह शपथ करता हूँ कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम TARUN KUMAR MARKAM S/o RAMLAL MARKAM रख लिया है।

अतः आज से मुझे समस्त शासकीय अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम TARUN KUMAR MARKAM S/o RAMLAL MARKAM से ही जाना पहचाना जावें।

**शपथकर्ता**
TARUN KUMAR MARKAM
SARGIPAL PARA KONDAGAON (C.G.)

# बाल दिवस पर चेतना चाइल्ड एंड वूमेन वेलफेयर सोसाइटी द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



14 नवंबर को बाल दिवस के अवसर पर चेतना चाइल्ड एंड वूमेन वेलफेयर सोसाइटी द्वारा प्रगति विद्या मंदिर स्कूल के बच्चों के साथ मिलकर एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में बच्चों ने आदर्श भारत माता, महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू और सुभाष चंद्र बोस की जयकारों के साथ पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा का अधिकार, पेड़ लगाओ, कल बचाओ, स्वच्छता अभियान, लड़का-लड़की एक समान, सबको शिक्षा सबको ज्ञान जैसे जागरूकता भरे नारे लगाए। बच्चों ने अपनी उत्साहपूर्ण भागीदारी से समाज में जागरूकता फैलाने का प्रयास किया। संस्था की डायरेक्टर इंदु साहू और मैनेजर पूनम साहू ने बताया कि आजकल बच्चे मोबाइल और कंप्यूटर जैसे तकनीकी उपकरणों में व्यस्त रहते हैं, जिससे वे जमीनी स्तर के खेलों से दूर हो गए हैं। इसके चलते उनका शारीरिक और मानसिक विकास प्रभावित हो रहा है। इसे ध्यान में रखते हुए, बच्चों को जमीनी खेलों से जोड़ने के उद्देश्य से विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी, रंगोली और मेहंदी प्रतियोगिताएं शामिल थीं। प्रतियोगिताओं में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को संस्था की ओर से पुरस्कृत कर उनकी हौसला अफजाई की गई। इस आयोजन में स्कूल की प्रिंसिपल रोहिणी साहू, शिक्षक आशीष साहू, और अन्य शिक्षकों के साथ संस्था के सदस्य पूनम साहू, दिव्या साहू, रेखा मानिकपुरी, चंद्रिका देवांगन और भावना ठाकुर भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर सभी ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की और ऐसे आयोजनों के माध्यम से बच्चों को तकनीक से दूर कर खेलों से जोड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस पहल ने बच्चों में खेलकूद के प्रति रुचि बढ़ाई और समाज में जागरूकता फैलाने का एक महत्वपूर्ण संदेश दिया।

# दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के छात्र भव्य मिश्रा का विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर चयन



पायनियर संवाददाता ✓ भाटापारा
www.dailypioneer.com

खमरिया भाटापारा स्थित दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी के कक्षा सातवीं के छात्र भव्य मिश्रा को विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर के लिए सीबीएसई द्वारा चयन किया गया है। ज्ञात हो कि सीबीएसई नई दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय स्तर की विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता 2024 के क्षेत्रीय चरण में जो रायपुर में आयोजित थी, इसमें आपदा प्रबंधन से संबंधित फ्लैश फ्लड विषय पर बेहतरीन मॉडल बनाकर दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के कक्षा सातवीं 'अ' के भव्य मिश्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त करके राष्ट्र स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता-2024 के लिए अपना नाम दर्ज करा लिया। भव्य मिश्रा के इस चयन से पूरे विद्यालय परिवार में हर्ष की लहर है। इसी प्रदर्शनी में कक्षा नवमी के छात्र क्षितिज शर्मा और सक्षम मिश्रा ने डायबिटीज डिटेक्टर आकर्षक मॉडल की प्रस्तुति देकर खूब वाह-वाही लूटी। विद्यालय के प्रबंधक अश्विनी शर्मा, संदीप गोयल, प्रधानाचार्य योगेश पोपट एवं समस्त शिक्षकों ने इन छात्रों को ढेर सारी शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# प्रधान जिला न्यायाधीश ने दृष्टि एवं श्रवण बाधित बच्चों के साथ मनाया बाल दिवस

पायनियर संवाददाता ✓ कांकेर
www.dailypioneer.com

बाल दिवस के अवसर पर कांकेर के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आनंद कुमार ध्रुव शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधित विशेष विद्यालय पहुंचे, जहां पर उन्होंने बच्चों के साथ बाल दिवस मनाया। उन्होंने बच्चों को बाल दिवस की बधाई दी और उन्हें चॉकलेट व फल वितरित किया। प्रधान जिला न्यायाधीश ने उपस्थित बच्चों का हालचाल जाना। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चे राष्ट्र का भविष्य होते हैं हमें बच्चों के स्वास्थ्य शिक्षा एवं उनके विकास के लिए आवश्यक अन्य सुविधाओं का विशेष ध्यान रखना चाहिए, जिससे कि बच्चे का बेहतर ढंग से मानसिक एवं शारीरिक विकास हो सके और वे बड़े होकर देश के प्रगति व समृद्धि में अपना योगदान दे सके। उन्होंने बच्चों से बातचीत कर उनकी कठिनाइयों को समझने का प्रयास किया तथा बच्चों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं को हल करने के लिए शासन और प्रशासन पूरी तरह से समर्पित हैं। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने यह भी बताया कि समाज में समावेशी वातावरण बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं, ताकि समाज के सभी वर्गों को समान अवसर मिल सके। इस अवसर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भास्कर मिश्र, समाज कल्याण विभाग के उप संचालक क्षमा शर्मा, शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्य विशेष विद्यालय के अधीक्षक एम. के. दीवान आदि उपस्थित थे।

# बाल दिवस के अवसर पर गरियाबंद पुलिस द्वारा बच्चों को किए जागरूक



पायनियर संवाददाता ✓ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा बाल दिवस के अवसर पर समस्त थाना प्रभारी को अपने-अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत संचालित स्कूल में जाकर बच्चों को जागरूक करने के संबंध में निर्देश एवं मार्गदर्शन दिए।जिसके परिपालन में आज बाल दिवस के अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक लाइन गोपाल वैश्य एवं टीम के द्वारा आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय गरियाबंद एवं आदर्श पूर्व माध्यमिक शाला छुरा मे छुरा पुलिस टीम व प्राथमिक शाला तौरंगा व प्राथमिक शाला कोदोमाली मे पायलीखंड पुलिस टीम द्वारा के बच्चों से मुलाकात कर बाल अपराध, गुड टच बेड टच, यातायत नियमों एवं साइबर जैसे अन्य गंभीर अपराध के रोकथाम एवं उपाय के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई,कार्यक्रम के दौरान सभी बच्चों को कापी, पेंसिल वितरण किया। पुलिस अधीक्षक गरियाबंद निखिल राखेचा के द्वारा जिले के समस्त बच्चों को बाल-दिवस के अवसर पर ढेर सारी शुभकामनाएं व बधाई के साथ उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किए।

# किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता सोशल मीडिया : डॉ सत्यवान सौरभ

पायनियर संवाददाता ✓ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



किशोरों पर सोशल मीडिया के प्रभाव ने वैश्विक स्तर पर गंभीर चिंताएँ पैदा की हैं, इस बात पर बहस चल रही है कि क्या आयु प्रतिबंध इसके संभावित नुकसानों को प्रभावी ढंग से दूर कर सकते हैं या अनपेक्षित परिणामों को जन्म दे सकते हैं। साथियों के साथ बातचीत और समुदाय निर्माण की सुविधा देता है, सामाजिक कौशल विकास में सहायता करता है। प्यू रिसर्च (2023) ने पाया कि 71% किशोर सोशल मीडिया के माध्यम से अधिक जुड़ाव महसूस करते हैं। युवाओं को पहचान तलाशने और खुद को स्वतंत्र रूप से व्यक्त करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। सोशल मीडिया इंटरनेट साइट्स और ऐप्स के लिए एक शब्द है जिसका उपयोग आप अपने द्वारा बनाई गई सामग्री को साझा करने के लिए कर सकते हैं। सोशल मीडिया आपको दूसरों द्वारा पोस्ट की गई सामग्री पर प्रतिक्रिया देने की सुविधा भी देता है। इसमें दूसरों द्वारा पोस्ट की गई तस्वीरें, टेक्स्ट, प्रतिक्रियाएँ या टिप्पणियाँ और जानकारी के लिंक शामिल हो सकते हैं। सोशल मीडिया साइट्स के भीतर ऑनलाइन शेयरिंग कई लोगों को दोस्तों के संपर्क में रहने या नए लोगों से जुड़ने में मदद करती है और यह अन्य आयु समूहों की तुलना में किशोरों के लिए अधिक महत्वपूर्ण हो सकता है। दोस्ती किशोरों को समर्थित महसूस करने में मदद करती है और उनकी पहचान बनाने में भूमिका निभाती है। इसलिए, यह सोचना स्वाभाविक है कि सोशल मीडिया का उपयोग किशोरों को कैसे प्रभावित कर सकता है। सोशल मीडिया बहुत से किशोरों के दैनिक जीवन का एक बड़ा हिस्सा है। कितना बड़ा 13 से 17 साल के बच्चों पर 2024 में किए गए एक सर्वेक्षण से इसका सुराग मिलता है। लगभग 1, 300 प्रतिक्रियाओं के आधार पर, सर्वेक्षण में पाया गया कि 35% किशोर दिन में कई बार से ज़्यादा पाँच सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म में से कम से कम एक का इस्तेमाल करते हैं। पाँच सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म हैं: यूट्यूब, टिकटोक, फेसबुक, इंस्टाग्राम और स्नैपचैट। सोशल मीडिया सभी किशोरों को एक जैसा प्रभावित नहीं करता है। सोशल मीडिया का उपयोग मानसिक स्वास्थ्य पर स्वस्थ और अस्वस्थ प्रभावों से जुड़ा हुआ है। ये प्रभाव एक किशोर से दूसरे किशोर में अलग-अलग होते हैं। मानसिक स्वास्थ्य पर सोशल मीडिया का प्रभाव चीज़ों पर निर्भर करता है। यूनिसेफ की रिपोर्ट (2022) से पता चलता है कि सोशल मीडिया 62% किशोरों में आत्म-पहचान को बढ़ावा देता है। विशाल शैक्षिक संसाधनों तक पहुँच सक्षम करता है, डिजिटल साक्षरता और कौशल को बढ़ाता है।

## मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम का किया गया आयोजन

धमतरी। कलेक्टर नम्रता गाँधी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत स्कूली बच्चो को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण प्राप्त बच्चे द्वारा अपने व अन्य स्कूलो में जाकर दूसरे बच्चो को प्रशिक्षित किया जा रहा है, साथ ही पालको को भी जानकारी दी जा रही है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत 12 अप्रैल से 13 नवम्बर तक विकासखंड नगरी, धमतरी, कुरूद एवं मगरलोड के शिक्षकों तथा छात्र-छात्राओं का कार्यशाला आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थी एवं व्याख्याताओं को प्रशिक्षण दिया गया। इसके तहत 13 नवम्बर को विकासखंड धमतरी के नत्थूजी जगताप नगरपालिक निगम उच्चतर माध्यमिक शाला धमतरी एवं पं मोतीलाल नेहरू प्रा शाला क्र. 05 के 175 छात्र-छात्राएं एवं व्याख्याता को मानसिक स्वास्थ्य का प्रशिक्षण दिया गया है। इस दौरान बताया गया कि मानसिक स्वास्थ्य हमारे रोजमर्रा के अनुभव का हिस्सा है, शारीरिक स्वास्थ्य की तरह हम सभी के पास मानसिक स्वास्थ्य है। अच्छा मानसिक स्वास्थ्य हमारे जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है। अपनी भावनाओ को कैसे नियंत्रित और अभिव्यक्त करते है, जिसका हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव पडता है। इसके साथ ही बच्चो में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओ को समझना जैसेः- बुलइंग, हिंसा, आर्थिक परेशानी, शैक्षणिक समस्याए, नशीले पदार्थ का उपयोग, परिवार का साथ छूट जाना, शारीरिक बिमारी इत्यादि। कलेक्टर गांधी के निर्देशानुसार स्वास्थ्य, शिक्षा विभाग, भारतीय रेडक्रास सोसायटी एवं यूनिसेफके सहयोग से स्कूल के शिक्षकों तथा छात्र-छात्राओं के लिए मानसिक स्वास्थ्य पर आयोजित कार्यशाला में मास्टर प्रशिक्षक के द्वारा मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्रदान किया गया। साथ ही किशोरों में होने वाले मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं एवं उपाय के बारे में विभिन्न खेल व एक्टिविटीज के माध्यम से समझाया गया।

# बाल दिवस पर धनागर प्राइमरी स्कूल के बच्चों को एडिशनल एसपी ने किया जागरूक

## वी क्लब स्माइल ने बच्चों का निःशुल्क रक्त परीक्षण कराया



पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com

शासकीय प्राथमिक शाला धनागर में बाल दिवस के अवसर पर वी क्लब स्माइल द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एडिशनल एसपी रामगोपाल करियारे ने बच्चों को शिक्षा, सुरक्षा और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने उन्हें अच्छे और बुरे स्पर्श के बारे में समझाया और इस प्रकार की घटनाओं से निपटने के लिए उन्हें शोर मचाकर सहायता प्राप्त करने या सुरक्षित स्थान पर भाग जाने की सलाह दी। एडिशनल एसपी ने बच्चों को खेलकूद और पढ़ाई में संतुलन बनाए रखने की प्रेरणा दी और मोबाइल गेम्स तथा नशे से दूर रहने का संदेश दिया। इसके अलावा, उन्होंने बच्चों को उनके कानूनी अधिकारों और बच्चों से जुड़े अपराधों के बारे में सरल शब्दों में जानकारी दी। कार्यक्रम के आयोजक वी क्लब की कोषाध्यक्ष सायना मल्लिक और क्लब मेंबर रानू पटेल ने बताया कि क्लब ने कुछ दिन पहले स्कूल भ्रमण के दौरान टीचर्स से बच्चों के रक्त परीक्षण कराने की बात कही गई थी, जिसके बाद बाल दिवस के मौके पर यह निःशुल्क रक्त जांच कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान स्कूल के करीब 200 बच्चों का निःशुल्क ब्लड टेस्ट कराया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में वी क्लब स्माइल की प्रेसीडेंट डॉ. सविता साव, कोषाध्यक्ष सायना मल्लिक, सचिव मीनू थवाइथ, क्लब मेंबर रानू पटेल और लायंस क्लब के राजेश अग्रवाल की विशेष भूमिका रही।

# वार्षिक परीक्षा से पहले दसवीं-बारहवीं के विद्यार्थी कर ले तैयारी, देनी होगी प्री बोर्ड परीक्षा

पायनियर संवाददाता ✓ कोरबा
www.dailypioneer.com



निजी स्कूलों के तर्ज पर अब सरकारी स्कूलों में भी पहली बार प्री बोर्ड परीक्षा का आयोजन होगा। विद्यार्थियों को परीक्षा के पूर्णरूप से तैयार करने के उद्देश्य से इसका आयोजन जनवरी के तीसरे सप्ताह में किया जाएगा। सभी हाई और हायर सेकेंडरी सरकारी स्कूलों में प्री बोर्ड के पहले शत प्रतिशत कोर्स पूरा करना होगा। निजी स्कूलों के संचालक परीक्षा परिणाम बेहतर करने कई तरह के उपाय अपनाते हैं। वहीं लेकिन सरकारी स्कूलों में इस तरह के उपाय नहीं अपनाए जाते। जिसके कारण कई बार सरकारी स्कूल के बच्चे पिछड़ जाते हैं। निजी स्कूल की तुलना में सरकारी शिक्षकों पर अधिक खर्च किए जाने के बाद भी अधिकांश स्कूलों में परीक्षा परिणाम निराशाजनक रहता है। व्यवस्था को सुधारने और परीक्षा परिणाम बेहतर करने के उद्देश्य से सरकार ने प्री-बोर्ड को शासन ने अनिवार्य कर दिया है। सभी सरकारी स्कूलों ने प्री बोर्ड की तैयारी शुरू कर दी है। प्री बोर्ड के लिए प्रदेश के सभी डीईओ को दसवीं और बारहवीं का सिलेबस 10 जनवरी तक पूरा करने के लिए कहा गया है। सरकारी आदेश में इस बात का भी उल्लेख है कि सभी डीईओ अभी से प्रत्येक स्कूलों में अभी से तैयारी कर ले। प्रश्न पत्र तैयार करने के लिए विषयवार समिति का गठन किया जाएगा। माध्यमिक शिक्षा मंडल निर्धारित ब्लू प्रिंट के अनुसार प्रश्नपत्र तैयार किया जाएगा। गोपनीयता की अनिवार्यता भी तय की गई है। अध्यापन स्तर सुधारने के लिए जिला शिक्षा विभाग ने औचक निरीक्षण शुरू कर दिया है। बिना सूचना के स्कूलों में अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी की जा रही है। ज्यादातर स्कूलों में अभी कोर्स अधूरा दिवाली व दशहरा की छुट्टी के बाद अब स्कूलों में पढ़ाई रफ्तार पकड़ने लगी है।

# सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में नि :शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता ✓ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशन में विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर जिला स्तर पर भगवान महावीर समता वृद्धाश्रम में निःशुल्क चिकित्सकीय जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसी तरह विकासखण्ड स्तर पर भी सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में निःशुल्क चिकित्सकीय जांच शिविर आयोजित की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर में निःशुल्क चिकित्सकीय जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्वास्थ्य परीक्षण के साथ-साथ उच्चरक्तचाप, मधुमेह, मोतियाबिंद जांच, कान-नाक-गला जांच एवं फिजियोथेरेपी सेवाएं का निःशुल्क परीक्षण कर उपचार किया गया। डॉ. नेतराम नवरतन बताया कि मधुमेह होने पर शरीर के वजन को सामान्य रखें, संतुलित आहार का सेवन करें, नियमित योग व व्यायाम करें, तम्बाकू एवं मदिरा सेवन से बचे। जिला कार्यक्रम प्रबंधक संदीप ताम्रकर ने बताया कि जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर में कुल 5363 मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप की जांच की गई। जिसमें से 113 लोग मधुमेह से ग्रसित एवं 468 लोग उच्चरक्तचाप से ग्रसित थे, जिन्हें दवाई लेने की सलाह दी गई। भगवान महावीर समता वृद्धाश्रम में कुल 42 वयोवृध्द को शिविर में लाभान्वित किया गया। जिसमें उच्च रक्तचाप से ग्रसित 14 मरीज, मधुमेह के 8 मरीज, आंख से संबंधित 16 मरीजों को आई ड्रॉप दिया गया। कान-नाक-गला में सभी लोगों की जांच की गई, जिसमें 3 को सुनने में समस्या, 2 का वैक्स एवं 02 को इयर ड्रॉप दिया गया। धुम्रपान से संबंधित 2 लोगों को पैच देकर दिया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की टीम उपस्थित थी।

# अल्ट्राटेक रावन ने किया बाल दिवस पर स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता का आयोजन

पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




अल्ट्राटेक रावन द्वारा बाल दिवस के अवसर पर मात्र एवं शिशु कल्याण परियोजना अंतर्गत, डॉ मनोहर ध्रुव के सहयोग से ग्राम नेवारी प्राथमिक उपस्वास्थ्य केंद्र परिसर में स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे ग्राम नेवारी, फुलवारी, भोथाडीह के कुल 44 बच्चो एवं माताओ की भागीदारी रही कार्यक्रम में 110 से अधिक लोगो की उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम में बच्चो का स्वास्थ माप दंड का जांच कर बेहतर स्वास्थ विषय पर जागरूक किया गया तथा सभी प्रतिभागियो को पुरुस्कृत किया गया। कार्यक्रम में नेवारी ग्राम सरपंच अनिता साहू, सरपंच प्रतिनिधी घनश्याम प्रसाद साहू, फुलवारी उपसरपंच आनंदराम साहू, सरपंच प्रतिनिधी राजेश्वर जांगड़े के साथ साथ अल्ट्राटेक प्रबंधन से सी.एस.आर प्रमुख विनोद श्रीवास्तव एवं सी.एस.आर ऑफिसर ज्योस्तना पति और सी.एस.आर टीम से सुरेन्द्र कुमार यादव, द्वारिका प्रसाद, अरुणेंद्र सिंह की भागीदारी रही। ग्राम नेवारी फुलवारी भोथाडीह की कुल 10 मितानिन तथा मितानिन प्रमुख ने माताओ एवं बालको को कार्यक्रम में भाग लेने हेतु सुनिष्चित किया स्वयं भी कार्यक्रम में उपस्थित रही। कार्यक्रम में आयुश केंद्र के आर.एच.ओ विजय कुमार साहू एवं सरिता रानी वर्मा ने उपस्थित माताओ को एवं बालको को स्वास्थ विकास के विभिन्न पहलुओं से अवगत किया सी.एस.आर से विनोद श्रीवास्तव एवं ज्योस्तना पति ने बच्चो एवं माताओ को अच्छे स्वास्थ के प्रति जागरूक किया तथा भविष्य में स्वास्थ विकास सम्बन्धी सभी जांच एवं टिके लगाने हेतु प्रेरित किया।

# विश्व सीओपीडी दिवस 2024: बीमारी का पता शुरू में ही लगाने और उसके प्रबंधन के लिए फेफड़ों के स्वास्थ्य को समझना

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

breathe free
A Cipla INITIATIVE

विश्व सीओपीडी (क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज) दिवस 2024 के भाग के रूप में, स्वास्थ्य विशेषज्ञ इस बात पर जोर दे रहे हैं कि फेफड़े के स्वास्थ्य और कार्य को जानना महत्वपूर्ण है। यह इस साल की थीम, अपने लंग फंक्शन को जानें के क्रम में है। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि दुनिया भर में होने वाली मौतों में गैर-संचारी रोग (एनसीडी) का हिस्सा 74% है। सीओपीडी जैसी सांस की क्रोनिक बीमारी (सीआरडी) स्वास्थ्य परिणामों को गंभीर रूप से प्रभावित करती है, खासकर भारत में। सीओपीडी सबसे प्रचलित लेकिन कम पहचानी जाने वाली सांस संबंधी स्थिति है, जो लगभग 55 मिलियन भारतीयों को प्रभावित करती है और ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज स्टडी 2019 के अनुसार देश में मृत्यु का दूसरा प्रमुख कारण है, क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) फेफड़ों की एक बीमारी है जो सिगरेट के धुएं जैसी परेशान करने वाली चीजें साँस में लेने अथवा जाने से होती है। इससे श्वसन मार्ग में जो सूजन होती है उसे ठीक नहीं किया जा सकता है और सांस लेने में कठिनाई बनी रहती है। इसके आम लक्षणों में बलगम के साथ लगातार खांसी, सांस फूलना और थकान शामिल हैं। विश्व सीओपीडी दिवस 2024 सीओपीडी के बारे में जागरूकता बढ़ाने और फेफड़ों की शुरुआती देखभाल के महत्व को उजागर करने के लिए वैश्विक आह्वान के रूप में कार्य करता है। बेहतर स्वास्थ्य परिणामों के लिए रोगियों और उनके परिवारों के लिए एक सहायक पारिस्थिति की तंत्र बनाना आवश्यक है। ब्रीदफ्री जैसी पहल, भौतिक और डिजिटल दोनों संसाधन मुहैया कराती है। इनमें हाल ही में फिर से शुरू की गई ब्रीदफ्री वेबसाइट शामिल है जो रोगियों को उनकी पूरी चिकित्सा यात्रा में सहायता करती है। इसमें स्क्रीनिंग से लेकर उपचार और उसपर अमल शामिल है। ये संसाधन रोगियों को उनके फेफड़ों के स्वास्थ्य और जीवन की समग्र गुणवत्ता को बेहतर बनाने में मदद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, कोरबा (छ.ग.)**

**// ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना //**
**eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in**
**(प्रथम आमंत्रण)**

निविदा सूचना क्र. 03/वलेलि/2023-24, दिनांक **13-11-2024**

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 04-12-2024 17:30 तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैः

**कार्य का नाम : सेन्द्रीपाली जलाशय योजना के शीर्ष एवं नहर का जीर्णोद्वार एवं नहर कांक्रीट चैनल कार्य।**

(सिस्टम निविदा क्र. **161125**)

अनुमानित लागत : **रू. 253.79 लाख**

(**टीप**:- निविदा जल संसाधन विभाग के एस. ओ. आर. अगस्त 2022 के अनुसार आमंत्रित है।)

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **20-11-2024** समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

**नोटः** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

निविदाकार को इस निविदा में वर्ष 2024 में जारी किए गये **Pre Bid Qulification certificate ( Valid up to 30.11.2025)** का उपयोग अनिवार्य है।

**कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन संभाग**
**कोरबा (छ.ग.)**

G-242503789/8

**कार्यालय नगर पालिका परिषद भाटापारा**
**जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
Telephone 07726-221068 Email Address:- cmobhatapara@rediffmail.com

क्रं./1040/लो.नि.वि./न.पा.प./2024-25 भाटापारा, दिनांक 14/11/2024

**// ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा संशोधन सूचना //**

नगर पालिका परिषद भाटापारा द्वारा प्रकाशित निविदा सूचना क्र. 931 दिनांक 22.10.2024 में निम्नानुसर संशोधन किया जाता है-

| क्र. | सिस्टम टेंडर क्र. | SOR का नाम | संशोधित SOR का नाम | Bid Due Date |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 160323 | P.W.D.S.O.R. (ROAD) 01.01.2015 | As Per PWD SOR Building 01.01.2015 & (Elect.) 01.06.2020 | 22.11.2024 |
| 2 | 160325 | P.W.D.S.O.R. (ROAD) 01.01.2015 | As Per PWD SOR Building 01.01.2015 & (Elect.) 01.06.2020 | |
| 2 | 160327 | P.W.D.S.O.R. (ROAD) 01.01.2015 | As Per PWD SOR Building 01.01.2015 & (Elect.) 01.06.2020 | |

**टीप** :- उपरोक्त निविदा से संबंधी अन्य एवं विस्तृत जानकारियां सम्बन्धित विभाग से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है, तथा निविदा विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in पर देखी जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद भाटापारा**

# सिटी क्लब के अखिलेश ने 4, तोहार ने 2 गोल मारे, 9-2 के अंतर से परास्त हुआ एमसी इलेवन

## मोतीपुर और मून लाइट के बीच बराबरी पर मुकाबला खत्म

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



सिटी क्लब ने एमसी इलेवन को 9-2 से पराजित कर एकतरफा जीत दर्ज की है। 7-ए साईड हॉकी प्रतियोगिता के पहले दिन दो मुकाबले खेले गए। दूसरा मुकाबला में मोतीपुर और मून लाइट क्लब के बीच 4-4 गोल की बराबरी पर रहा। खेलप्रेमियों ने दूधिया रौशनी में खेले जा रहे हॉकी मैच का पूरा उत्साह के साथ लुत्फ उठाया। इस टूर्नामेंट में शहर की आठ टीमें हिस्सा ले रहीं हैं। जिसमें वरिष्ठ हॉकी प्लेयर भी हिस्सा ले रहे हैं। सीनियर मॉर्निंग हॉकी ग्रुप द्वारा आयोजित स्व. सुरजीत कौर स्मृति 7 ए साइड हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन 14 नवम्बर से शुरु हुआ। पहला मैच सिटी क्लब विरुद्ध एम सी इलेवन के मध्य खेला गया। सिटी इलेवन ने इस एकतरफा मुकाबले में 9-2 गोल से जीत हासिल की है। सिटी क्लब की ओर से अखिलेश मिश्रा ने 4 गोल तोहार यादव ने 2 गोल और लव यादव 3 गोल किए। एमसी इलेवन की ओर से अशोक देवांगनऔर प्रांजल यादव ने 1 -1 गोल किया था। दूसरा मैच बेहद रोमांचक रहा। हर मिनट के साथ दोनों टीमें एक दूसरे पर हावी होती रहीं। दर्शकों ने आखिरी मिनट तक इस मुकाबले का लुत्फ उठाया। शाहिद राधे मोतीपुर की ओर से दलबीर सिंह और टीम के कप्तान राजेश निर्मलकर ने 2-2 गोल किए। वंही मून लाइट की ओर से मुकेश जायसवाल और तरुण यादव ने 1-1 गोल किया व आशीष सिन्हा ने 2 गोल के साथ टीम को 4 गोल तक पहुंचाया। प्रतियोगिता का शुभांरंभ कुलबीर छाबड़ा, शिव वर्मा, खेल युवक कल्याण विभाग सहायक संचालक ऐ एक्का, कुतुबुद्दीन सोलंकी, रमेश डाकलिया के आतिथ्य में हुआ। इस दौरान छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी, आयोजन समिति के सचिव प्रिंस भाटिया, जिला हॉकी के सचिव शिवनारायण धकेता, नीलम जैन, भुषण सॉव, ऑशा थॉमस, योगेश द्विवेदी रामअवतार जोशी, शिवा चौबे, कुशाल यादव, कृष्णा यादव एवं अन्य वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी मौजूद रहे। अतिथियों ने मैदान में पहुचकर प्रतिभागी खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया।

# शिवनाथ नदी में लगाई आस्था की डूबकी





**राजनांदगांव।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मोहारा स्थित मेला स्थल पर भीड़ उमड़ी। शहर के लोगों के अलावा ग्रामीण इलाकों से बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचे। प्रशासन और पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था के बीच मेले के दूसरे दिन सुबह से पुण्य स्नान के लिए श्रद्धालुओं का जुटना शुरु हो गया था। ब्रह्म मुहूर्त में पूर्णिमा स्नान के महात्मय के अनुसार धर्मावलंबियों ने शिवनाथ में डूबकी लगाई और दीपदान किया। यहां बनाए गए घाट पर एक साथ हजारों लोगों ने धर्म-कर्म किया। हरिहर मिलन के उत्सव पर लोगों ने देव दीवाली भी मनाई।

# गुरु नानक देव जी महाराज की 556वीं जयंती कार्तिक पूर्णिमा के दिन मनाई गई



पायनियर संवाददाता ➤ बलौदा बाजार
www.dailypioneer.com

सिखों के प्रथम गुरु और सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव जी महाराज की 556वीं जयंती 15 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा के दिन मनायी गई। इसको लेकर बलौदा बाजार में गुरुवार को सिख समाज द्वारा पूर्व संध्या पर शोभा यात्रा निकाली गई।

स्थानीय गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा से शोभा यात्रा निकली और मुख्य मार्गों से होते हुए वापस गुरुद्वारा लौटी। फूलों से सजे वाहन पर दीवान साहिब स्थापित कर शबद कीर्तन के साथ महिलाएं गुरुवाणी का पाठ करते हुए चल रही थी। आगे आगे पंच प्यारे के भेष में तलवार और निशान लेकर चल रहे थे । शोभा यात्रा के बाद लंगर का आयोजन किया गया जिसमें काफी संख्या में सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। श्रद्धालुओं के बीच फ्रुटी का वितरण भी किया गया।

# होटल में मिला बाल श्रमिक, पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

## संयुक्त दल के निरीक्षण के दौरान की गई कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

एसोसिएशन फॉर वालंटरी एक्शन (एवीए) द्वारा बचपन बचाओ आंदोलन के तहत श्रम विभाग की टीम के साथ की गई छापेमारी में ग्राम चिरचारी स्थित ढाबे में बाल श्रम कानूनों का उल्?लंघन करना पाया गया है। रामदेव राजस्थानी होटल में एक बाल श्रमिक के कार्यरत पाए जाने पर बागनदी थाने में निरीक्षण दल द्वारा एफआईआर दर्ज करवाई गई है। दर्ज मामले के मुताबिक एवीए के राज्य समन्वयक विपिन ठाकुर के साथ श्रम विभाग से श्रम निरीक्षक रत्नाकर माटे, श्रम उप निरीक्षक हिमानी बेलेकर, चाइल्ड लाईन समन्वयक महेश साहू सामाजिक कार्यकर्ता जिला बाल सरंक्षण इकाई स्मिता उके की संयुक्त टीम ने विभिन्न औद्योगिक इकाई, होटल ढाबो व पेट्रोल पंप से संबंधित प्रतिष्ठानो में निरीक्षण किया। इस दौरान ग्राम चिरचारी स्थित रामदेव राजस्थानी होटल में नाबालिग बालक जिसकी उम्र 15 वर्ष 10 माह 24 दिन है वह होटल में रोटी बनाने का कार्य करते पाया गया। पूछताछ के दौरान बालक ने बताया कि वह पिछले 01 वर्ष से सुबह 12 बजे से रात 12 बजे तक कार्यरत है। निरीक्षण दल द्वारा बाल श्रमिक से कार्य लिए जाने पर होटल संचालक विरुद्ध मामला दर्ज कराया गया है। बागनदी थाने ने इस मामले में धारा 146 बीएनएस किशोर न्याय अधिनियम की धारा 79, बालक और कुमार श्रम (प्रतिषेध और विनियमन) अधिनियम, 1986 की धारा 3, 14 के तहत अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया है। विपीन ठाकुर ने बताया कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग भारत सरकार के निर्देश पर 21 अक्टूबर से 20नवंबर तक पूरे देश में पैन इंडिया रेस्क्यू एंड रिहबिलेशन कैंपेन प्रोग्राम चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत औद्योगिक इकाई, होटल ढाबो व पेट्रोल पंप से संबंधित प्रतिष्ठानों में लगातार संयुक्त टीम के निरीक्षण कर कार्रवाई की जा रही है। बाल श्रमिकों से कार्य लेने वाले प्रतिष्ठानों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

## महाराजपुर धान खरीदी केन्द्र का शुभारंभ

**छुरिया।** सेवा सहकारी समिति महराजपुर मे धान खरीदी शुभारंभ पूजा अर्चना कर किया गया। मुख्य अतिथि जिला भाजपा उपाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद डडसेना, श्यामसुंदर साहू, सरपंच थान सिंग कंवर, रंगीटोला सरपंच अतिश कुमार सिन्हा, नूतन साहू, गणेश राम माली, दुर्जनपुरी गोस्वामी, कृष्णा धनकर,पटवारी पुरषोत्तम नेताम, केजराम सिन्हा समिति प्रबंधक, केजराम यादव व धान बेचने आए किसानों की मौजूदगी मे धान खरीदी शुरु की गई।

# सिन्हा समाज का 17 को दीवाली मिलन व सम्मान समारोह

पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ डड़सेना सिन्हा कलार समाज का जिला स्तरीय दीपावली मिलन समारोह एवं सम्मान समारोह का आयोजन रविवार 17 नवंबर को स्थानीय सिन्हा सामुदायिक भवन प्रागंण में रखा गया है। आयोजन के दौरान ही जिला स्तरीय चुनाव संपन्न कराने हेतु रूपरेखा भी तय की जायेगी। आयोजन का शुभारंभ सुबह 10 बजे देवपूजन एवं अतिथि स्वागत से होगा। पश्चात् प्रथम सत्र में दीपावली मिलन का कार्यक्रम तथा विगत दिनों छत्तीसगढ़ शासन द्वारा घोषित सब इंस्पेक्टर तथा अन्य शासकीय पदों पर चयनित स्वजातीय युवाओं का सम्मान किया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बतौर अतिथि प्रांतीय संरक्षक दीपक कुमार सिन्हा, प्रांतीय अध्यक्ष युवराज सिन्हा, प्रांतीय महामंत्री रिखीराम सिन्हा, प्रांतीय कोषाध्यक्ष डॉ. बिसम्भर सिन्हा सहित युवा मंच एवं महिला मंच के प्रांतीय व जिले के पदाधिकारी, मंडलेश्वरगण उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष ठाकुरराम सिन्हा करेंगे। जिला महामंत्री देवजी सिन्हा ने एक विज्ञप्ति में बताया कि बैठक में इस दौरान सिन्हा समाज द्वारा विगत दिनों पुलिस सेवा सहित अन्य शासकीय पदों पर चयनित युवाओं का सम्मान किया जायेगा।

## पड़रामटोला में अखंड रामायण का पाठ संपन्न

**छुरिया।** ग्राम पड़रामटोला में कार्तिक पूर्णिमा की पूर्व संध्या अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ हुआ। शुक्रवार की दोपहर इसका समापन हुआ। ग्राम पड़रामटोला में अखंड रामायण की शुरुआत 80 की दसक में छोटे महंत (रामदास मानिकपुरी) ने ग्राम के ही जुगूत राम कंवर, मीना कंवर, गैंदालाल कंवर आदि के साथ की थी। अब इस आयोजन ने कार्तिक पूर्णिमा मेला, मंडई का रुप ले लिया है।

# डी ए वी जांता में बाल मेला, आनन्द मेला के साथ रंगारंग सांस्क्रतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन

## डीएवी जांता में बाल दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा जिले के जांता स्थित डी ए वी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल, में बाल दिवस आनंद मेला के जश्न में सराबोर नज़र आए बच्चे। गौरतलब है कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के तहत उनके सांस्कृतिक भावों को भी दृष्टिगत रखते हुए डी ए वी विद्यालय हमेशा से अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया है। जवाहर लाल नेहरू के जयंती के उपलक्ष्य व इस अवसर पर शानदार व बालकेंद्रित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। बच्चे बेहद उत्साहित नजर आए व कलात्मक हुनर का लाजवाब प्रदर्शन भी किए। चाचा नेहरू की जयंती बाल दिवस के रूप में बाल मेला व आनंद उत्सव का शानदार आयोजन किया गया। एवं भारतीय आदिवासी भगवान माने जाने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी, बिरसा मुंडाजी की जयंती को यादगार बनाने व गौरव दिवस के पूर्व दिन में विद्यालय में अनेकों सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ बाल मेला, (आनन्द)उत्सव का भव्य आयोजन किया गया : संस्था के प्राचार्य पी एल जायसवाल ने विस्तृत जानकारी साक्षा किया जिसमे बाल दिवस के तहत बच्चों के खुशियों देने के लिए शिक्षक शिक्षका भी बच्चे बने नजर आए, शिक्षकों द्वारा स्पेशल असेंबली का शानदार आयोजन किया। जिसमे शिक्षक शिक्षिका सभी बच्चे बनकर स्कूल यूनिफॉर्म में विद्यालय पहुँच कर प्राथना सभा का शानदार आयोजन भी किए स्कूल के बच्चे भी शिक्षकों को बच्चे रूप पाकर काफी उत्साहित व हर्षित हुए। कायक्रम को आगे बढ़ाते हुए, सर्वप्रथम ओउम मन्त्र,गायत्री मंत्र व डी ए वी गान के साथ ही पूजा अर्चना करते हुए अतिथियो द्वारा रिबन काट कर व केट काट कर कार्यक्रम का शुभारंभ प्रारंभ किए।

# मठ मंदिर, हिन्दू संस्कृति व गौमाता के रक्षार्थ जुटे युवा विहिप में बजरंग दल के निम्न इकाई का विस्तार जारी



पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

हिंदुओ के संरक्षण के उद्देश्य से कार्यरत संगठन विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के द्वारा संगठन में निम्न इकाई तक विस्तार किया जा रहा है। हिंदू समाज को सशक्त बनाने व युवा पीढ़ी में सेवा, सुरक्षा व संस्कार जगाने के उद्येश से बजरंग दल के पदाधिकारी गांवों तक पहुंच कर स्थानीय समिति निर्माण कर रहे हैं। इसी तारतम्य में ग्राम मनेरी में विहिप बजरंग दल ने ग्राम समिति गठित की। बजरंग दल के खण्ड सँयोजक युवराज साहू, सहसंयोजक पुरंजय साहू, गौरक्षा प्रमुख प्रतीक साहू, बल उपासना अखाड़ा प्रमुख डोगेन्द्र साहू, सुरक्षा प्रमुख टूमेश साहू व चुम्मन मंडावी, विद्यार्थी प्रमुख ईश्वर डहरे व छवि साहू, साप्ताहिक मिलन प्रमुख प्रकाश नागेश चुने गए। इस मौके पर विहिप के प्रान्त सहमंत्री नंदूराम साहू, विभागमंत्री अरुण गुप्ता, जिला संयोजक सुमीत सेन, जागेश्वर यादव, जनक साहू, टोवा साहू सहित गिरवर, यशवंत, गोल्ड़ी, गोविंद, लुकेंद, छबिल, सुरेश, बोधन, ताराचंद, लोकेश निषाद, हरि, राजकुमार, रोहन, किशन सहित अनेक युवा उपस्थित थे।

# जिला लघु वनोपज का वार्षिक साधारण सभा आयोजित, वनोपज संघ के कर्मचारी हुए शामिल

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



जिला लघु वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित राजनांदगांव की 21वीं वार्षिक साधारण सभा का आयोजन 13 नवंबर को राजनांदगांव वन मंडल परिसर में दोपहर 12 बजे हुआ। साधारण सभा में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य वन संरक्षक डॉ. मैच्यु व अध्यक्षता रमेश खंडेलवाल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सहायक पंजीयक शिल्पा अग्रवाल शामिल थी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. मुच्यु ने जिला लघु वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित राजनांदगांव के कर्मचारियों के हित को लेकर अपने विचार रखे। वित्तीय वर्ष 2021-22 और 2022-23 में आमसभा नहीं कराए जाने को लेकर सवाल उठाए गए। अध्यक्षता करते खंडेलवाल ने वर्ष 2021-22 और 2022-23 में आमसभा नहीं कराए जाने पर आपत्ति दर्ज की। इस पर मुख्य वन संरक्षक डॉ. मैच्यु ने प्रतिवर्ष आमसभा कराने के निर्देश दिए। वहीं आडिट के संबंध में चर्चा की गई। इसके अलावा विशिष्ट अतिथि सहायक पंजीयक शिल्पा अग्रवाल ने लघु वनोपज का आडिट कराने के निर्देश दिए। आमसभा में उप वन मंडलाधिकारी योगेश साहू, उप मंडल प्रबंधक रतन गजभिये, दशरथ, देवसाय, रघुनाथ शाह, मनीराम तुलावी, समेत लघुवनोपज संघ के अन्य कर्मचारी शामिल थे।

## ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष के गृहग्राम अर्जुनी में विरोधाभास

# इंदिरा गाँधी स्मारक की लोकार्पण पट्टिका हटाने से बवाल, कांग्रेस नेता के कांग्रेस समर्थित सरपँच पर गंभीर आरोप

पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



विधानसभा क्षेत्र के अर्जुनी में देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री व आयरन लेडी स्व. इंदिरा गांधी की स्मारक से लोकार्पण पट्टिका को हटाये जाने का मामला तूल पकड़ लिया है। कांग्रेस के नेताओं व पदाधिकारियों द्वारा एक दशक पूर्व निर्मित प्रियदर्शिनी इंदिरा गांधी की प्रतिमा के लोकार्पण पट्टिका में अंकित कांग्रेसजनों के नाम हटाने से बवाल मच गया गया है। दरअसल स्टेटहाइवे स्थित अर्जुनी के मेनमार्केट में ही कांग्रेस की अंतर्राष्ट्रीय नेत्री की छवि रखने वाली स्व. इंदिरा गाँधी की स्मारक है। उक्त स्थल में लगभग एक दशक पुर्व अंकित कांग्रेसजनो के नाम वाली लोकार्पण पट्टिका को हालिया वर्ष ही जीर्णोद्धार दरम्यान हटाकर टाईल्स लगा दिए जाने की बात उभरकर सामने आई थी। अब कांग्रेस के वरिष्ठजनों ने कांग्रेस समर्थित सरपंच पर ही कांग्रेसजनों के नाम को हटाये जाने का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है। सूत्रों की माने तो कांग्रेस के वरिष्ठजन इस मामले को पार्टी फोरम सहित शासन प्रशासन तक शिकायत करने के मूड में है। इस संदर्भ में ग्राम पंचायत अर्जुनी के पूर्व सरपंच, पूर्व जनपद सदस्य तथा ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व महामंत्री ताराचंद छाजेड़ सहित अनेक ग्रामीणों ने मीडिया को बताया कि विगत सत्रह वर्ष पूर्व ग्राम के बाजार एरिया में प्रियदर्शिनी इंदिरा गांधी की प्रतिमा की स्थापना व लोकार्पण ग्राम पंचायत द्वारा किया गया था। उक्त स्मारक स्थल पर चारदीवारी सहित लोहे का प्रवेश द्वार एवं साइन बोर्ड लगाया गया था। जिसकी समस्त जानकारी लोकार्पण पट्टिका में लिखित थी तथा उक्त समारोह में उपस्थित अतिथियों के नाम एवं पदनाम अंकित थे। छाजेड़ ने बताया कि दरअसल उनके सरपंच पद ग्रहण करने के बाद पंचायत के कोने में पूर्व प्रधानमंत्री गांधी की प्रतिमा पड़ी मिली थी। जानकारी होने के पश्चात् उन्होंने ग्राम पंचायत मद से ही उक्त स्मारक स्थल का निर्माण कर प्रतिमा को स्थापित किया गया था। वह तत्समय में ब्लॉक में एकमात्र स्मारक स्थल था। परन्तु वर्तमान में उक्त स्थल को जीर्णोद्धार के नाम पर स्तरहीन टाईल्स लगाकर एवं जान बूझकर लोकार्पण पट्टिका को नष्ट कर दिया गया। इस शिकायत पार्टी एवं उच्च कार्यालय में किये जाने की बात छाजेड़ ने की है।

### विधायक मद से हुआ जीर्णोद्धार

उक्त स्मारक स्थल स्टेट हाइवे के किनारे ही है। स्मारक की स्थापना कांग्रेसजनों के द्वारा ही की गई थी, तो वहीं लोकार्पण कार्यक्रम में कांग्रेस के पदाधिकारीगणों ने शिरकत की थी। वर्तमान में गत वर्ष विधायक दलेश्वर साहू के द्वारा प्रदत्त 60 हजार रू. के अनुदान से उक्त स्मारक स्थल का जीर्णोद्धार हुआ है। जीर्णोद्धार दरम्यान ही निर्माण एजेंसी यानी सरपँच ग्राम पंचायत अर्जुनी द्वारा ही लोकार्पण पट्टिका को नष्ट किये जाने की बात सामने आई है। जीर्णोद्धार कार्य दौरान ही त्रुटि हुई होगी। यदि लोकार्पण पट्टिका ग्राम पंचायत में रखी होगी तो उसे वापस लगा दी जायेगी।

### द्रौपदी साहू, सरपँच अर्जुनी

पूर्व प्रधानमंत्री की प्रतिमा के लोकार्पण चिन्हों को हटाकर उनकी गरिमा खंडित करने का कुत्सित प्रयास हुआ है। पार्टी फोरम में उच्च स्तर पर शिकायत की जायेगी।

**-ताराचंद छाजेड़, कांग्रेसनेता**

# जनजातीय गौरव दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जमुई से 6,600 करोड़ के विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास

- भगवान बिरसा मुंडा के सम्मान में 150 का स्मारक सिक्का और विशेष स्मारक डाक का किया विमोचन
- सांसद राधेश्याम राठिया ने मुंडा समाज के भवन निर्माण के लिए सांसद मद से 11 लाख रुपए देने की घोषणा की

पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com





धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा का जन्मदिवस जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनके150 वां जन्म जयंती वर्ष के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के जिला जमुई से भगवान बिरसा मुंडा के सम्मान में 150 का स्मारक सिक्का और विशेष स्मारक डाक टिकट का विमोचन किया। इसके साथ ही उन्होंने 6600 करोड़ रुपए की लागत के विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर जशपुर के बिरसा मुंडा चौक में भी जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सांसद राधेश्याम राठिया और विधायक रायमुनी भगत शामिल हुए। जिला जमुई से संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनजातीय दिवस, कार्तिक पूर्णिमा, देव दिवाली, गुरु नानक प्रकाशपर्व की बधाई दी और कहा कि भगवान बिरसा मुंडा 150 जन्म जयंती उत्सव कार्यक्रम अगले एक साल तक मनाया जायगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में बिरसा मुंडा जनजातीय गौरव उपवन बनाने की घोषणा भी की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आदिवासी समाज प्रकृति पूजक भी है, भगवान राम के प्रति भी यह समाज अटूट श्रद्धा रखता है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज का आजादी के प्रति अमूल्य योगदान रहा है, जिसे कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। प्रधानमंत्री मोदी ने आदिवासी महानायकों का देश, समाज और आजादी के प्रति गए योगदान को याद किया और कहा कि हम सब देशवासी इन महानायकों के ऋणी है। प्रधानमंत्री मोदी ने जनजातीय समाज के विकास के लिए भारत सरकार के द्वारा लागू किए गए योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में भी बताया। सांसद राधेश्याम राठिया ने बिरसा मुंडा को नमन करते हुए कहा कि आज हम सबके लिए गौरव का दिन है। देश के प्रधानमंत्री आदिवासी समाज के महानवीरों को पूरा सम्मान देने का काम कर रहें है। इस अवसर पर उन्होंने भारत मुंडा समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष लोकेश्वर इंदवार की मांग पर मुंडा समाज भवन के निर्माण के लिए सांसद मद से 11 लाख रुपए देने की घोषणा की। विधायक रायमुनी भगत ने भगवान बिरसा मुंडा को नमन करते हुए उनके योगदान को याद किया। उन्होंने आगे कहा कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर जनजातीय क्षेत्रों में तेजी से विकास कार्य कर रही है।उन्होंने कहा कि पीएम जनमन योजना से विशेष पिछड़ी जनजाति समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है साथ ही पहुँचविहीन गावों में सड़कें बनाई जा रही हैं। इसके साथ ही विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जा रहा है।

कार्यक्रम में कलेक्टर रोहित व्यास ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन में प्रकाश डालते हुए उनके आजादी में किए गए बलिदान के बारे में विस्तार से बताया। बिरसा मुंडा चौक में आयोजित कार्यक्रम में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय की छात्राओं के द्वारा किया गया आकर्षक नृत्य और महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक ने लोगों का मन मोह लिया। इस नुक्कड़ नाटक में विशेष पिछड़ी जनजाति कोरवा समुदाय के जीवन से जुड़े संघर्षों को दिखाया गया। इसके अतिरिक्त पीएम प्राथमिक शाला बघिमा, स्वामी आत्मानन्द हिंदी माध्यम स्कूल जशपुर, महारानी लक्ष्मीबाई कन्या शाला की बालिकाओं द्वारा स्थानीय भाषा के गीतों में सामूहिक नृत्यों की आकर्षक प्रस्तुति दी गयी।

# प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 हितग्राही सर्वेक्षण शुरू, 15 नवंबर से 10 दिसंबर तक भरे जाएंगे आवेदन

## पार्षद हिमांशु वर्मा और अन्य पार्षदों की उपस्थिति में बैठक संपन्न



पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

भारत सरकार, आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा शहरी क्षेत्रों में सबके लिए आवास मिशन के तहत् प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 का क्रियान्वयन 1 सितंबर से 5 वर्ष के लिए किया गया है। राज्य शहरी विकास अभिकरण, नवा रायपुर एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी योगेश्वर उपाध्याय के मार्गदर्शन में नगरपालिका परिषद् जशपुरनगर सभाकक्ष में प्रधानमंत्री आवास योजना- शहरी 2.0 हितग्राही सर्वेक्षण कार्य प्रारम्भ किया गया।

**इन्हें मिलेगी प्राथमिकता** -इस बैठक में शासन से प्राप्त दिशा निर्देश की जानकारी दी गई. जिसके तहत विधवा, एकल महिला, तृतीय लिंग, अनु-जाति, अनु जनजाति एवं अल्पसंख्यक 'को वरियता 'दी जावेगी। इसके साथ ही सफाईकर्मी, प्रधानमंत्री स्वनिधि एवं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लाभार्थी, आंगनवाडी कार्यकर्ता एवं अन्य कमजोर वर्ग को वरीयता दी जायेगी।

**ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं** -प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अब हितग्राही स्वयं अपना आवेदन घर बैठे ऑनलाईन पोर्टल अथवा क्यू आर कोड़ को स्कैन कर आवेदन कर सकते है। ऑन लाईन आवेदन दिनांक 15 नवम्बर से 10 दिसम्बर 2024 तक किया जाना है।

**ये रहे उपस्थित** -इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वार्ड क्रमांक- 10 के पार्षद सतीश वर्मा एवं वार्ड पार्षदगण हिमांशु वर्मा, गणेश साहू, नीतू गुप्ता, मालती भगत, अंजेला खेस्स, शैलेन्द्री यादव एवं पिंकी लकड़ा सहित समस्त पार्षद उपसिथित थे। नगरपालिका परिषद जशपुरनगर के सहायक अभियंता, कैलाश खरोले, टी.आर यादव, जगेशवर राम चौहान, सन्त कुमार महतो, सिटी मिशन प्रबंधक, योगेश सिंह सीएलटीसी एवं सुजीत कुमार प्रधानमंत्री आवास से उपस्थित रहे।

# विधायक डॉ सम्पत अग्रवाल ने साहू समाज के भवन निर्माण का किया भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



ग्राम बंसुला में कुबेर साहू समाज (हरदिहा तेली) के सामाजिक भवन निर्माण का भूमिपूजन विधायक डॉ सम्पत अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य एवं उपेन्द्र साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। विधायक डॉ सम्पत अग्रवाल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे साहू समाज का मूल उद्देश्य सेवा और समर्पण है। समाज में जिस तरह युवाओं और माताओं का सहभागिता बढ़ी है। उससे हममें ऊर्जा का संचार होता है। इस दौरान प्रमुख रुप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, जनपद पंचायत पिथौरा सभापति सोहन पटेल, विधायक प्रतिनिधिगण अरविंद मिश्रा, सोनू छाबड़ा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष संजय भोई, सरपंच जन्मजय साव, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि सोमनाथ पांडे, जनपद पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मनोज अग्रवाल, तेली समाज परिक्षेत्र नरेन्द्र साहू, ब्लाक अध्यक्ष विजय साहू, अध्यक्ष गजेन्द्र साहू, पूर्व अध्यक्ष उपेन्द्र साव, पूर्व सरपंच नवीन साहू, विजय पटेल आदि उपस्थित थे।

**विधायक ने गुरुद्वारा में मत्था टेक कर लिया आशीर्वाद**-बसना नगर स्थित शिव मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमदभागवत कथा एवं श्री गुरु नानक देव के 555 वीं जयंती (प्रकाश पर्व) पर नगर स्थित गुरुद्वारा पहुंच कर पूजन किये तथा क्षेत्र की समृद्धि और खुशहाली की कामना करते सभी को श्री गुरु नानक देव जी की जयंती की शुभकामनाएं दिए।

# बाल दिवस के अवसर पर महिला सदस्यों ने बच्चों के साथ खेल कूद व अन्य गतिविधियों में लिया भाग

पायनियर संवाददाता ◀ सरायपाली
www.dailypioneer.com



बाल दिवस के अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा सरायपाली ने किड्स प्ले स्कूल में जाकर बच्चों के साथ खास पल बिताए। इस मौके पर मंच की सभी महिला सदस्यों ने बच्चों के साथ खेल-कूद और अन्य गतिविधियों में भाग लिया। बच्चों ने मंच की महिला सदस्यों को अपने बीच पाकर खूब उत्साह दिखाया। महिलाओं ने भी बच्चों के साथ खुलकर मजा किया। इस दौरान बच्चों को चॉकलेट, पेंसिल और रबड़ जैसे उपहार भी दिए गए, जिससे बच्चे बेहद खुश हुए। मारवाड़ी युवा मंच की इस पहल से न केवल बच्चों का दिन यादगार बना, बल्कि समाज में एक सकारात्मक संदेश भी गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से मंच ने बच्चों के प्रति अपना प्रेम और स्नेह व्यक्त किया। बाल दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मंच की एक सदस्य ने कहा, बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं। हमें उन्हें प्रेम और स्नेह देना चाहिए ताकि वे एक अच्छे नागरिक बन सकें। स्कूल के प्रधानाचार्य ने मारवाड़ी युवा मंच का इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन करने के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मारवाड़ी युवा मंच शहर में सामाजिक कार्यो के लिए जाना जाता है। मंच के सदस्य समय-समय पर विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन करते रहते हैं।

# गुरु नानक देव जी के जन्म दिवस पर सिख समाज के द्वारा निकाली गई शोभायात्रा



पायनियर संवाददाता ◀ भाटापारा
www.dailypioneer.com

सिख पंथ के संस्थापक गुरु नानक देव जी के जन्म दिवस पर भाटापारा सिख समाज के द्वारा निकाली गई शोभायात्रा का भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने फव्वारा चौक पर पंज प्यारो, पालकी साहब में विराजमान गुरु ग्रंथ साहब के चित्र पर माथा टेककर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर भाजपा के जिला महामंत्री राकेश तिवारी मंडल अध्यक्ष मनेदर सिंह सोनी गुंबर पार्षद गोवर्धन डहरिया आशीष जायसवाल उमाशंकर वर्मा नारायण साहू बलवंत सिंह सलूजा, मनमहेंद्र सिंह चावला अमरजीत स्मार्ट सलूजा, मोहम्मद हारुन, सतीश साहू संजय ठाकुर गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता की उपस्थित थे।

# पेड्रो पास्कल का 'ग्लैडिएटर II' के महान निर्देशक के साथ काम करने का सपना पूरा हुआ

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



पेड्रो पास्कल कई दमदार भूमिकायें निभाने के लिए मशहूर हैं और अब उन्हें बेहद चर्चित फिल्म निर्देशक रिडली स्कॉट के साथ काम करने का मौका मिला है। यह उनके लिए एक किसी सपने के सच होने जैसा है। पास्काल मुश्किल से मुश्किल किरदार में भी इमोशनल टच लाने में माहिर हैं और इस बार वह ग्लैडिएटर II में एकैशियस का किरदार निभा रहे हैं। यह किरदार काफी जटिल है और इसके मन में बहुत सारी उलझनें हैं। पास्कल अपनी अदाकारी से इस किरदार को बहुत ही खूबसूरती से पेश कर रहे हैं। पास्कल को ग्लैडिएटर फिल्म बहुत पसंद है और वह इस फिल्म के सीक्वल में काम करके खुश हैं। वे इस फिल्म में एक नई जान फूंकना चाहते हैं। ग्लैडिएटर की दुनिया में कदम रखने के बारे में पास्कल ने कहा- पास्कल कहते हैं कि 'ग्लैडिएटर' जब पहली बार रिलीज हुई थी तब उन्होंने इसे कई बार देखा था। उस निर्देशक के साथ काम करना उनके लिये एक सपने के सच होने जैसा है, जिसकी फिल्मों को वह देखते हुए बड़े हुए हैं। उन्होंने कहा, 'मैं हमेशा से रिडली स्कॉट की फिल्में देखता आया हूँ और उनसे बहुत प्रभावित हुआ हूँ। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं उनकी किसी फिल्म में काम करूंगा। इस फिल्म में मेरा किरदार एकैशियस रोमन सेना का नेता है, इसलिए आप उसे खलनायक समझ सकते हैं। लेकिन असल में वह बहुत अच्छा इंसान है क्योंकि उसे पहली फिल्म की पसंदीदा किरदार लुसिला से बहुत प्यार है। यह फिल्म हमें बार-बार हैरान करती रहती है। इस फिल्म में अपने पसंदीदा किरदार के बारे में पास्कल ने बताया कि वह लुसिला ही है। उन्होंने आगे कहा, मेरे हिसाब से वह सबसे पेचीदा है और हमेशा सबसे ज्यादा स्मार्ट भी रही है। पुरुषों की दुनिया में बने रहने के लिये उसे अपने अस्तित्व को समझना पड़ा है। और मुझे लगता है कि एकैशियस ने उसकी रक्षा करते हुए सबसे सही काम किया है।

# रोशनी के साथ रंग बदलने वाले फ्रेम होंगे आपकी उम्मीद से परे, पेश करते हैं ट्रांजिशन्स द्वारा पावर्ड रे-बैन चेंज

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



1937 से रे-बैन इनोवेशन्स के साथ ऐसे आईवियर लाते रहे हैं जो बेहतरीन डिजाइन और आधुनिक टेक्नोलॉजी का अनूठा संयोजन हों। इनोवेशन के इसी क्रम को जारी रखते हुए आज ब्राण्ड ने ट्रांजिशन्स द्वारा पावर्ड लाईट-रिस्पॉन्सिव फ्रेम रे-बैन चेंज का लॉन्च किया है। रे-बेन चेंज रोशनी के अनुसार आपके स्टाइल में शानदार बदलाव लाता है। यह फ्रेम यूवी लाईट के संपर्क में आने पर अपने रंग को बदल लेता है और इस तरह इंडोर और आउटडोर में आपका लुक भी पूरी तरह से बदल जाता है। आपके साथ बदलने के लिए तैयार किया गया रे-बैन चेंज ओरिजिनल वेफेरर और वेफेरर ओवल की तरह अपने अनूठे पिगमेन्ट्स के साथ बेजोड़ ऑप्टिकल स्टाइल देता है। ''रे-बैन निरंतर सीमाओं को पार करते हुए नए ट्रैंड्ज लाता रहा है और अपने डिज़ाइन में इनोवेशन को प्राथमिकता देता रहा है। ट्रांज़िशन्स की पावर और इसकी टेक्नोलॉजी का उपयोग कर ब्राण्ड लाईट-रिस्पॉन्सिव फ्रेम-रे-बैन चेंज के माध्यम से आईवियर का नया अनुभव लेकर आया है। फेडेरिको बुफा, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, एस्सिलोर लक्ज़ोटिका ने कहा। हम लैंसेज़ में लीडर, ट्रांज़िशन्स और फ्रेम्स में लीडर रे-बैन को एक डायनामिक प्रोडक्ट के रूप में लेकर आए हैं, जो उपभोक्ताओं को अपने फंक्शनल आईवियर को फैशनेबल बनाने का मौका देता है। सैल्युलोज़ एसिटेट की पारम्परिक हस्तनिर्मित कारीगरी और इनोवेशन के संयोजन के साथ रे-बैन चेंज को रोशनी के साथ तालमेल बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। फ्रेम के अनूठे रंगों ओर पैटर्न को ट्रांज़िशन के फोटोक्रोमिक डाई से तैयार किया गया है जो यूवी लाईट के संपर्क में आते ही तुरंत एक्टिवेट हो जाते हैं।

# ड्यूरोप्लाय ने अपने प्लायवुड प्रोडक्ट्स की रेंज में सुपीरियर कैलिब्रेशन की पेशकश की

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत की प्रमुख एवं सबसे अनुभवी प्लायवुड कंपनियों में से एक, ड्यूरोप्लाय ने अपने प्लायवुड प्रोडक्ट्स रेंज में सुपीरियर कैलिब्रेशन की पेशकश की है। यह कंपनी हमेशा से नए तरीके खोजती रहती है और अपने ग्राहकों को सबसे अच्छे प्रोडक्ट्स देना चाहती है। इस कंपनी को 68 साल से ज्यादा हो गए हैं और इस दौरान कंपनी ने हमेशा ही बेहतर प्लाईवुड बनाने की कोशिश की है। सुपीरियर कैलिब्रेशन की पेशकश के साथ कंपनी ने दिखा दिया है कि वे हमेशा से बिल्डर्स, आर्किटेक्ट्स और इंटीरियर डिजाइनरों की ज़रूरतों को पूरा करने की कोशिश करते हैं। ड्यूरोप्लाय में मैन्युफैक्चरिंग के प्रेसिडेंट अभिषेक चितलांगिया ने कहा, हम ड्यूरोप्लाय की प्लायवुड प्रोडक्ट्स रेंज में सुपीरियर कैलिब्रेटेड प्लायवुड की पेशकश करते हुए उत्साहित हैं। हमारे पास अपनी उत्पादन प्रक्रियाओं के लिये आधुनिक टेक्नोलॉजी है, जो सुनिश्चित करती है कि अंतिम उत्पाद का फ्लैट सरफेस पूरी तरह से फ्लैट होकर ना सिर्फइंटीरियर्स की खूबसूरती बढ़ाता है बल्कि उन्हें पीढ़ियों तक टिकाऊ बनाए रखता है। ड्यूरोप्लाय के सुपीरियर प्लायवुड की हर शीट का उत्पादन बड़ी सावधानी से किया जाता है, ताकि उनकी मोटाई और सतह बिल्कुल एक जैसी तथा चिकनी रहे। इससे गुणवत्ता की निरंतरता सुनिश्चित होती है और घर, ऑफिस तथा कमर्शियल इंटीरियर्स की खूबसूरती, मजबूती एवं टिकाऊपन बढ़ता है। ड्यूरोप्लाय का सुपीरियर कैलिब्रेशन प्लायवुड सिर्फ ± 0.4mm का न्यूनतम वेरियेशन देता है, जो फ्लैट सर्फेस के लिये उद्योग में सर्वश्रेष्ठ फिनिश है। स्टैण्डर्ड प्लायवुड की विभिन्न शीट्स में मोटाई का अंतर हो सकता है, लेकिन कैलिब्रेटेड प्लायवुड बराबरी को सुनिश्चित करने के लिये अतिरिक्त प्रक्रियाओं से गुजरता है। एक खास कैलिब्रेशन प्रोसेस के माध्यम से हर शीट की मोटाई बराबर रखी जाती है।

# ओलम्पिक 2024 में 25 भारतीय पदक विजेताओं को एमजी विंडसर के साथ किया गया सम्मानित

- भारत का नाम रोशन करने वाले अटूट समर्पण, जुनून और दृढ़संकल्?प को मिली पहचान

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com




ओलम्पिक 2024 में भारतीय दल ने एक सम्मानजनक उपलब्धि हासिल करने में अदम्य साहस दिखाया और भविष्य के महत्वाकांक्षी एथलीटों के लिए मार्ग प्रशस्त किया है। उनकी इस कड़ी मेहनत और सदैव उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के प्रयासों का सम्मान करने के लिए, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने इन स्पोर्ट स्टार्स को नई एमजी विंडसर, जो भारत की पहली इंटेलिजेंट सीयूवी है, और जिसने भारतीय पैसेंजर इलेक्ट्रिक कार बाजार में एक बड़ी हलचल मचाई है, देकर सम्मानित किया है। भारत के ओलम्पिक पदक विजेताओं ने भाला फेंक, पिस्टल और राइफल शूटिंग, कुश्ती और हॉकी जैसे विभिन्न खेल आयोजनों में भाग लिया और पदक जीते। इन प्रतिष्ठित ओलम्पियनों को चंडीगढ़ में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कंपनी के प्रतिनिधियों ने उन्हें उनकी नई एमजी विंडसर की चाबियां सौंपी। इस अवसर पर उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों में जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के डायरेक्टर पार्थ जिंदल, जेएसडब्लयू एमजी मोटर इंडिया के सीईओ एमेरिट्स राजीव छाबा, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर बीजू बालेंदरन, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के चीफ ग्रोथ ऑफिसर गौरव गुप्ता, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के चीफ कमर्शियल ऑफिसर सतिंदर सिंह बाजवा और देशभर से आए एमजी के डीलर पार्टनर शामिल थे। भारत की पहली इंटेलिजेंट सीयूवी, एमजी विंडसर को अपने लॉन्च के बाद से ही ग्राहकों की उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिल रही है।

## कहानी- चुटकुला और गीत -संगीत के हुए कार्यक्रम

# बाल दिवस पर आदर्श विद्यालय जशपुर में बिखरी खुशियाँ, बच्चों के लिए खेल और संस्कृतिक कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com





शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, डोड़काचौरा, जशपुर नगर में 14 नवम्बर गुरुवार को बाल दिवस का आयोजन किया गया। राजगीत के सामूहिक गायन के साथ कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक दामोदर प्रसाद सारथी ने विद्या की देवी मां सरस्वती और देश के पहले प्रधानमंत्री स्व. जवाहरलाल नेहरू के छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया। वैदिक मंत्रोच्चार के दौरान, शाला के सभी विद्यार्थियों का, सारथी के साथ विद्यालय परिवार के सभी शिक्षकों और कर्मचारियों ने, टीका लगाकर, पुष्प वर्षा करते हुए चॉकलेट वितरण कर स्वागत किया। विद्यालय परिवार ने बच्चों के स्वागत के लिए विशेष स्वागत गीत भी तैयार किया था। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य खान वक्कारुज्जमां खां ने पंडित जवाहरलाल नेहरु के बच्चों से प्रेम और बाल दिवस के महत्व पर विस्तार से चर्चा की।

**कहानी- चुटकुला और गीत -संगीत के हुए कार्यक्रम**-शाला के शिक्षकों ने रोचक ढंग से कहानी की प्रस्तुति कर छात्रों को सीखने के लिए प्रेरित किया। कुछ शिक्षकों ने चुटकुला प्रस्तुत कर सभी को हंसने के लिए मजबूर कर दिया। मुख्य अतिथि सारथी ने प्रार्थना और प्रेरणा गीत-संगीत के द्वारा छात्रों को सतत परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया।

**हुई खेल प्रतियोगिताएं**-मिडिल स्कूल के बच्चों के लिए जलेबी दौड़, सुरीली कुर्सी का आयोजन किया गया। 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़ में मिडिल और हायर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों ने पृथक-पृथक भाग लिया। कबड्डी प्रतियोगिता में मिडिल स्कूल खंड से कक्षा 8 वीं की टीम विजेता और हायर सेकेंडरी खण्ड से कक्षा 12वीं की टीम विजेता रही।

**न्यौता भोज का हुआ आयोजन**-विद्यालय परिवार के द्वारा कक्षा 6 वीं से 12वीं तक के सभी बच्चों के लिए न्यौता भोज का आयोजन किया गया। सभी शिक्षकों और कर्मचारियों ने अपने हाथों से बच्चों को भोजन परोसा। मिठाई वितरित की गई।

**वितरित हुआ उपहार**-विद्यालय परिवार के द्वारा विद्यालय में पढ़ने वाले प्रत्येक बच्चे के लिए उपहार की व्यवस्था की गई थी । सभी कक्षा शिक्षकों ने अपनी कक्षा के बच्चों को उपहार वितरित किया। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ व्याख्याता ग्लोरिया लकड़ा ने आभार व्यक्त किया। इस आयोजन में प्रफुल्लित किरण मिंज, प्रतिमा पांडेय, अमृत तिर्की, सुनीता केरकेट्टा, अमृता अम्बष्ट, श्वेता दुबे, प्रतिभा खेस्स, पूनम साव, निशा पांडेय, खुश्बू गुप्ता, असित टोप्पो, अमिता कन्हेर, ज्योति यादव, तूफान सिंह, रेणुका निराला भगत, अनिता यादव, मुरारी यादव सहित सभी कर्मचारियों ने अपना सक्रिय योगदान दिया।

# स्वयंसेवी संस्था, समाज सेवकों ने बढ़-चढ़कर जनजातीय गौरव दिवस में खाने की उत्तम व्यवस्था की थी : कलेक्टर व्यास

## यात्रा में शामिल लोगों को किसी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़ा



**जशपुरनगर।** भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर जशपुर जिले में जनजातीय गौरव दिवस माटी के वीर पदयात्रा का आयोजन किया गया था। कार्यकम को सफल बनाने में जिले के अधिकारी कर्मचारी और जशपुर जिले के स्वयंसेवी संस्था, समाजसेवी संस्था और रेडक्रॉस के साथ अन्य समाज सेवी लोगों ने यात्रा के दौरान जगह-जगह लोगों के लिए पेयजल की व्यस्था फल फूल, केला, चना और गुड़ सहित खाने और जलपान की उत्तम व्यवस्था की गई थी। जिससे यात्रा में शामिल लोगों को किसी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़ा ।

# एसबीआईएमएस रायपुर में अवॉर्ड्स एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन



पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री बालाजी मेडिकल कॉलेज के सांस्कृतिक समारोह 'अविरल' के तीसरे दिन साहित्य एवं फाईन आट्स की विभिन्न प्रतियोगिता में पुरस्कृत प्रतियोगियों को पुरस्कार वितरित किए गए। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. यू.एस. पैकरा, डॉयरेक्टर मेडिकल एजुकेशन थे। कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि एसबीआईएमएस के चेयरमैन डॉ. देवेन्द्र नायक, डॉ. नीता नायक एवं डीन डॉ. देवश्री सरकार रहे। साहित्य परिषद में 13 प्रतियोगिता हुई, जिसमें प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतियोगियों को मैडल एवं सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। साहित्य परिषद की समाप्ति डॉ. उमेश तिवारी के साथ-साथ डॉ. रमीज पठान, डॉ. प्रिया पाठक, डॉ. अकांक्षा वानखेड़े, डॉ. दीपशिखा चंद्रवंशी, अक्षत श्रीवास्तव, शेफाली नंदा, वृंदा गुप्ता, अनंत नायक, अमित सिंह ने सभी प्रतियोगिता का सफल संचालन किया।

फाईन आर्ट्स में कुल 21 प्रतियोगिताएं हुई, जिसमें रंगोली की प्रतियोगिता समूह में की गई। फाईन आर्ट्स के आयोजन में चेयरपर्सन डॉ. नीरजा अग्रवाल के अलावा डॉ. वंदना देवांगन, डॉ. प्रतिभा शर्मा, डॉ. अरूण जैसवानी, डॉ. सतीश खलको के साथ-साथ अभिषेक पटेल, खुशी अग्रवाल, हर्षवर्धन शर्मा, अंजली ओझा, दीपान्शु, यश्वी अग्रवाल, प्रांजल सिन्हा, दीपाली, नमन मढ़रिया ने विभिन्न प्रतियोगिता का सफल संचालन किया। सायंकाल 6 बजे से सांस्कृतिक प्रतियोगिता के दूसरे चरण में एकल नृत्य, समूह नृत्य एवं लघु नाटकों की स्पर्धा हुई, जिसमें सावंत, पीयूष, आदित्य, प्रेमचन्द, अखाड़ा, नूपुर, लिटेश, निकिता, समृद्धि, प्रज्ञा, ओशिन, अक्षिता, रोजी, भावांजलि, आंचल, आस्था, हर्षिता, सेजल, प्रियांशी, अन्वेषण, किंजल, प्रियंका, महामाया, अभिप्सा, श्रुति, अदिति, शुभी, अनमोल, प्रबोध, रोहित, दीपक, दीपेश, अक्षत, डी अमर्त्य, रुद्रेश, गुलशन, प्राची, सेनेहिका, श्रेया, श्रिया, आयुषी, रितिका, साक्षी, अल्फिया, दीक्षा, खुशी पूर्वी उर्वशी निहारिका कंचन प्रिया लिसा आदित्य उर्वशी पुष्पेंद्र लोमेश युवराज शाश्वत, रबलीन, दीपाली, नौरीन, भावांजलि, इशिता, रीवा, आर्य, संस्कृति अमन हर्ष, नव्या सिद्धार्थ, वंशी, किरण वृंदा तुषार राजेश्वरी तान्या नेहा सेजल निकिता अनुष्का महक, अनुष्का प्रज्ञा आंचल रुचि भूमिका प्राची प्रियांशी श्रद्धा सोनाली किया। 16 नवम्बर शनिवार को सांस्कृतिक समारोह का समापन एवं पुरस्कार वितरण होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वित्त, आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओ.पी. चौधरी होंगे। इस समारोह में विद्यार्थियों के अभिभावकों एवं अतिथियों के समक्ष प्रथम पुरस्कार प्राप्त सभी कार्यक्रम मंचित किए जाएंगे। संस्था के मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण एवं रजत पदक प्रदान किए जाएंगे।

# अंतर्राज्यीय आदिवासी लोक नृत्य महोत्सव का हुआ समापन

## विभिन्न राज्यों के जनजातीय नर्तक दलों ने शानदार प्रस्तुति से समा बांधा



पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

अंतर्राज्यीय आदिवासी लोक नृत्य महोत्सव में विभिन्न राज्यों के लोक नर्तक दलों ने अपनी-अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों में उत्साह भर दिया। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश, त्रिपुरा, मेघालय, मिजोरम, उत्तराखंड समेत छत्तीसगढ़ के जनजातीय एवं लोक कलाकारों ने प्रस्तुति दी। त्रिपुरा से आए ब्रू रियांग जनजाति समुदाय के नर्तक दल ने परंपरागत लोकनृत्य होजागिरी की प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस नृत्य में ब्रू रियांग जनजाति समुदाय की युवतियों ने सिर के ऊपर बोतल को संभालते हुए अद्भुत सामंजस्य के साथ प्रस्तुति दी। नृत्य के दौरान नर्तकों के कलात्मक प्रदर्शन को भी दर्शकों की खूब सराहना मिली। इसके पूर्व हिमाचल प्रदेश के लोक कलाकारों ने मनमोहक कायांग नृत्य की प्रस्तुति दी, जो हिमाचल प्रदेश के सबसे लोकप्रिय नृत्यों में से एक है। इस नृत्य में नर्तक दल एक दूसरे की भुजाओं को बुनकर माला जैसा पैटर्न बनाया, धीर-धीरे कदमताल करते हुए प्रतीकात्मक रूप से माला की मोती जैसे बिखरते हुए फिर जुड़ते हुए पारंपरिक कपड़े पहने और गहनों से सुसज्जित नृत्य प्रस्तुत किया। इसके बाद मेघालय के गारो नृत्य की प्रस्तुति हुई। गारो समुदाय के लोग इस नृत्य में फसल कटाई के बाद देवता मिसी सालजोंग की आराधना कर उन्हें धन, धान्य के लिए अपनी आस्था और निष्ठा व्यक्त करते हैं। इस नृत्य में लोक वाद्य के प्रयोग से उत्पन्न ध्वनि ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। इसी क्रम में मिजोरम के मिजो और चरमा जनजाति समुदाय ने युद्ध कौशल, शौर्य, पराक्रम और युद्ध विजय के प्रतीक नृत्य मिजो प्रस्तुत किया। इस नृत्य के जरिए समुदाय ने वीर गाथा का जीवंत प्रदर्शन किया जिसमें यह बताया गया कि युद्ध के दौरान किस तरह समुदाय के वीर योद्धा ने गांव की रक्षा, जिसके बाद ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक उनका सम्मान किया। इसी तरह उत्तराखंड के जनजाति समुदाय ने हारुल नृत्य का प्रस्तुत किया जोकि हाटी जनजाति का पारंपरिक नृत्य और लोकगीत की एक खास शैली है। हारुल नृत्य जौनसार-बावर और चकराता क्षेत्र में किया जाता है। हारुल नृत्य में वीर पांडवों के साहस और वीरता, देवी-देवताओं की कहानियां, देवभूमि के इतिहास और जनजाति की संस्कृति से जुड़ी घटनाओं को बड़े ही रोचक ढंग से पेश किया गया। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों से आए लोक कलाकारों ने भी छत्तीसगढ़ के प्रचलित लोकनृत्यों की प्रस्तुति दी। उल्लेखनीय है कि महोत्सव के पहले दिन सिक्किम लिंबू जनजाति समुदाय द्वारा चाकोस तांगनाम नृत्य, गुजरात के लोक नर्तक दल ने सिद्धि गोमा नृत्य, अरुणाचल प्रदेश के कलाकारों ने गेह पदम ए न्यी, मध्यप्रदेश डिंडोरी के गोंड जनजाति ने सैला रीना, जम्मू कश्मीर से गुज्जर समुदाय ने गोजरी लोक नृत्य, छत्तीसगढ़ के माड़िया जनजाति ने गौर माड़िया नृत्य, उत्तराखंड के जनजातीय समुदाय द्वारा दिया बाती नृत्य, तेलंगाना के द्वारा मथुरी नृत्य, उत्तर प्रदेश के द्वारा कर्मा नृत्य, कर्नाटक के द्वारा सुगाली नृत्य, आंध्र प्रदेश के द्वारा ढीमसा नृत्य, दमन दीव द्वारा तारपा नृत्य तथा राजस्थान के जनजातीय कलाकारों द्वारा चकरी नृत्य की प्रस्तुति दी गई थी। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के जनजातीय कलाकारों द्वारा अलग-अलग तीज त्यौहारों के लोक नृत्यों की प्रस्तुति दी गई।

# आदिवासी समाज के उत्थान के लिए काम कर रही है हमारी सरकार : मंत्री लखन लाल देवांगन



पायनियर संवाददाता ∢ कोरबा
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर कोरबा जिले में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य में कलेक्टोरेट सभाकक्ष कोरबा में किया गया। कार्यक्रम में बिहार के जमुई से देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन को वर्चुअल माध्यम से लाइव देखा व सुना गया। प्रधानमंत्री मोदी ने लगभग 6600 करोड़ रूपए के विकास परियोजनाओं का सौगात देते हुए भगवान बिरसामुण्डा की 150वीं जन्म जयंती वर्ष शुभारंभ की स्मृति में 150 रूपए का सिक्का और डाक टिकट भी जारी किया। इस अवसर पर मंत्री देवांगन ने आदिवासी समाज प्रमुखों एवं आदिवासी समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों, खिलाड़ियों, प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों, समाज सेवी संगठनों, आदिवासी जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारी संगठनों एवं आदिवासी समाज के शहीदों के परिजनों का शाल एवं श्रीफल से सम्मानित किया। उन्होंने शासन के विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री देवांगन ने कहा कि आदिवासियों के सम्मान में पूरा देश जनजातीय गौरव दिवस मना रहा है। भगवान विरसा मुंडा ने देश की स्वतंत्रता के लिये जो योगदान दिया है उसे भुलाया नहीं जा सकता। वे अपने कार्यो से अमर हो गये हैं। उनकी जयंती को गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज की अलग गौरव गाथा है।

# हम संगठित होकर आगे बढ़ सकते हैं : मंत्री टंकराम वर्मा



पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

जनजातीय गौरव दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम वनांचल नगरी विकासखण्ड के ग्राम सांकरा में आयोजित किया गया। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि कहा कि हमको भगवान बिरसा मुंडा के जीवन से प्रेरणा मिलती है हम कितने दिन जीते हैं, कितने साल जीते हैं, मायने नहीं रखता, हम अपने जीवन को कैसे जीते हैं, यह मायने रखता है। भगवान बिरसा मुंडा ने केवल 25 साल की उम्र में ही अपने देशहित में बलिदान कर दिया। उन्होंने मातृभूमि की रक्षा, जल, जंगल और जमीन के लिए की। ऐसे महान पुरुष के जीवन से प्रेरणा लेकर के हम समाज, देश को संगठित करके आगे ले जा सकते हैं। मंत्री वर्मा ने कृषि विभाग की ओर से 15 हितग्राहियों को मसूर मिनीकिट वितरण, 9 हितग्राहियों को स्प्रेयर पंप वितरण, पशु चिकित्सा विभाग की ओर से 8 हितग्राहियों को चेक वितरण, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से 10 हितग्राहियों को पोषण कीट का वितरण, श्रम विभाग की ओर से 4 हितग्राहियों को राशि वितरित किया। मंत्री टंकराम वर्मा ने भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती के अवसर पर आदिवासी समाज सहित सभी को बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर जनजातीय गौरव दिवस मनाया जा रहा है। इससे जनजातीय समुदाय को जागृत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनजातीय वीरों का छत्तीसगढ़ में बहुत बड़ा योगदान है। जब कभी भी हम आदिवासी की बात करते हैं, तो सबसे पहले भाव यही उठता है, कि आदिवासी बहुत ही सहज, सरल और उदार व्यक्ति और प्रकृति प्रेमी होते हैं।

# गुरु नानक देव जी के प्रकाशपर्व पर खालसा स्कूल पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ सिक्ख संगठन के संस्थापक हरपाल सिंग भामरा एवं प्रदेशाध्यक्ष दलजीत सिंग चावला नें बताया की गुरुनानक देव जी के 556 वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में संगठन के द्वारा शिक्षा का लंगर जरुरतमंद सिक्ख परिवार के बच्चे व बच्चियों के शिक्षा के लिये सहायता आरंभ की गई, जिसमें मुख्यमंत्री विष्णु देव साय खालसा स्कूल गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर पहुंचे और उन्होंने शिक्षा के लंगर का अवलोकन किया और संगठन के कार्यो की सराहना की। हमारी संस्था के द्वारा जरुरतमंद छात्रों को स्कूल फीस, कापी-किताब, ड्रेस, बैंग व अन्य सामग्री निःशुल्क दी जायेगी। इसके अलावा सिक्ख संगठन द्वारा 4 वर्षो से दवाई का लंगर जेल रोड नमस्ते चौक में संचालित किया जा रहा है जिसका लाभ निम्न वर्ग के लोग निरंतर प्राप्त कर रहे है। इसके अलावा पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा का भी विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है एवं एक निःशुल्क एम्ब्युलेंस भी संस्था द्वारा संचालित की जा रही है। जरुरतमंद लोगों का इलाज भी निःशुल्क संस्था द्वारा किराया जा रहा है। संगठन द्वारा निरंतर 25 वर्षो से सचखंड हजुर साहेब की यात्रा निःशुल्क करायी जा रही है एवं अमरकंटक यात्रा भी प्रतिवर्ष निःशुल्क करायी जा रही है। इसके अलावा संस्था द्वारा दरबार साहेब अमृतसर, मनीकरण साहेब, हेमकुण्ड साहेब, पटना साहेब, दमदमा साहेब एवं आरती साहेब (पुरी) की भी यात्रा कराये जा रही है। एक सामाजिक एवं धार्मिक संस्था है जो विभिन्न कार्यक्रमों के अलावा धार्मिक यात्रा का भी आयोजन करती है, संगठन के पदाधिकारीगण हरपाल सिंह भामरा, दलजीत सिंह चावला, अरुण छाबड़ा, लवली अरोरा, बंटी गुरुदत्ता, रजिंदर सिंग होरा, गुरमीत सिंह टोनी, मोनू सलूजा, मनमीत सिंग, रंजीत अरोरा, रिंकू मक्कड़, गुरुभेज सिंग, गुरुचरण सिंग टांक, यशवंत सिंग, काके मक्कड़, गोल्डी खनुजा उपस्थित रहे।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403